वैशाख कृष्ण पक्ष 09
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
22 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-185
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### खेलों के माध्यम से अपने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बार्सिलोना में सोमवार को एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से मिले। एलेना फोर्ट से मिलने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष सुश्री एलेना फोर्ट से मिलना और सार्थक चर्चा में शामिल होना सुखद रहा। झारखंड खेलों के माध्यम से अपने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। और, हम प्रतिभाओं को पोषित करने, प्रशिक्षण बढ़ाने और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए इस साझेदारी में अपार संभावनाएं देखते हैं। एफसी बार्सिलोना के साथ सहयोग के नए रास्ते तलाशने के अवसर के लिए आभारी हूं।

### दिन दहाड़े बीच सड़क पर युवक की हत्या, दहशत

**बसिया (गुमला)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की पत्थर से कुच कर हत्या कर दी गई। मृतक पेशे से ड्राइवर था और रांची स्थित एक राइस मिल में नौकरी करता था। रविवार को राइस मिल से छुट्टी लेकर वह एक शादी समारोह में भाग लेने कोलेबीरा गया था। शादी समारोह के लिए वह पड़ोसी गांव से एक बोलेरो लेकर गया था, जबकि सोमवार दोपहर में बोलेरो मालिक के जोगोटोली गांव वाले घर में गाड़ी लगाकर वह पैदल मार्ग से लोटवा गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। इस दौरान बनागुटु बाजारटांड़ के समीप विनोद गोप नाम के इस युवक की हत्या कर दी गई। दिन दहाड़े बीच सड़क पर दुस्साहस भरे इस हत्याकांड से पूरा क्षेत्र सकते में। घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### नहीं रहे कांग्रेस के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह



**गिरिडीह।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तिलकधारी सिंह का सोमवार को निधन हो गया। 87 वर्षीय तिलकधारी सिंह ने नवजीवन अस्पताल में अंतिम सांस ली। तिलकधारी सिंह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद चुने गए थे। गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो निवासी बाबू पंचानन सिंह के पुत्र दिवंगत तिलकधारी सिंह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका जन्म 8 जनवरी 1938 को हुआ था। वर्ष 1968 में उन्होंने शिक्षक की नौकरी छोड़कर सार्वजनिक जीवन की राह पकड़ी थी। वर्ष 1973 में मुखिया पद का चुनाव लड़ा और जीते और **शेष पेज 11 पर**

# पाइप बिछे, ट्रीटमेंट प्लांट बने, फिर भी शहर प्यासा, सिस्टम की नाकामी पर जनता आक्रोशित

- सपनों में बहा पानी, हकीकत में सूखा
- टूटती उम्मीदें, बहते आंसू
- कई इलाकों में बोरिंग भी बनी बेबस
- शहर में जलसंकट नहीं, जल-आपदा है

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** राजधानी रांची से लेकर दिल्ली तक जलापूर्ति योजनाओं के ढोल पीटे जाते रहे, लेकिन जमीन पर सच्चाई यह है कि पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के हजारों लोग आज भी हर दिन पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाइपलाइन बिछा कर, कनेक्शन बांट कर सरकार ने दावा तो किया कि हर घर नल से जल पहुंचेगा, मगर हकीकत यह है कि ये पाइप अब धूल खा रहे हैं और जनता प्यास से बेहाल है।

**2017 में शुरू हुई थी योजना, अब तक अधूरी :** शहरी जलापूर्ति योजना के तहत 2017 में कोयल नदी से जल लेकर विभिन्न वार्डों में सप्लाई देने की योजना बनी। इसके लिए इंटेक वेल, ट्रीटमेंट प्लांट और 100 किलोमीटर से ज्यादा पाइपलाइन बिछाई गई। सैकड़ों घरों में कनेक्शन दिए गए, लेकिन 2024 तक भी पानी नहीं आया। जिन इलाकों में पानी आता है, वहाँ भी सप्लाई अनियमित है।

**सूख गया स्रोत, खत्म हुई उम्मीद :** यह योजना कोयल नदी पर आधारित थी। लेकिन अब वही कोयल नदी गर्मियों में शहर के किनारे सूख जाती है। चिरकी भट्ठा, आबादगंज, हमीदगंज, शिवाजी मैदान, सदर अस्पताल रोड, गणपति धर्मशाला रोड, निमिया और बैरिया जैसे दर्जनों मोहल्लों में लोग बाल्टी लेकर टैंकर के पीछे दौड़ते हैं। सूत्र बताते है 60% घरों में रोज पानी नहीं पहुंचता, 25% इलाकों तक तो आज तक जल आपूर्ति हुई ही नहीं।



आबादगंज के साव टोला में पानी की सप्लाई वर्षों से बाधित है। सेकंड फेज में भी पाइप डाला गया, लेकिन पानी अब तक नहीं पहुंचा है।

**टैंकर सेवा बनी कमाई का जरिया :** नगर निगम की ओर से टैंकर से पानी भेजने का दावा होता है, लेकिन सच्चाई है कि टैंकर कम हैं, और जो हैं वो भी सही समय पर नहीं पहुंचते। कई बार लोगों को पैसे देकर पानी भरवाना पड़ता है। कई वार्डों में टैंकर सप्लाई को लेकर भारी धांधली और कमीशनखोरी की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**आम लोग परेशान, अफसर मौन :** कई वार्ड में लोगों को पानी नहीं मिल पाया है। लोग बताते हैं ह्व2019 में कनेक्शन मिला था, पर आज तक एक बूंद पानी नहीं आया। जब भी शिकायत करते हैं, तो जवाब मिलता है। पंप खराब है या लाइन में लीकेज है। पार्षद से लेकर विधायक तक गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती।

**'पानी बाबा, बोले - सरकार केवल कागज पर योजनाएं बना रही है :** पेयजल संकट पर वर्षों से काम करने वाले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा, जिन्हें लोग 'पानी बाबा' के नाम से जानते हैं, बताते हैं–'ये सरकार की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता का परिणाम है। पानी जैसी बुनियादी सुविधा को भी ये लोग राजनीतिक भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में घसीट चुके हैं। जब तक पानी को लेकर राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं आएगी, मेदिनीनगर प्यासा ही रहेगा।' नागरिक संघर्ष मोर्चा के संयोजक अख्तर जमां बताते हैं टैंकर से पानी सप्लाई में भारी कमीशन खोरी की गई है, नगर निगम को इसका लेखा-जोखा सार्वजनिक करना चाहिए। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने इस मुद्दे पर कहा, 'हमारी टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। कई पंप हाउस में मरम्मत का कार्य चल रहा है। गर्मी में जलस्तर गिरने से परेशानी बढ़ी है, लेकिन जल्द वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।' उन्होंने बताया कि चापानल मरम्मत के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जो नगर निगम क्षेत्र में भ्रमणकर चापानल ठीक करने का काम कर रहा है।

**बोरिंग भी नहीं बन रहा सहारा :** जिन्हें पाइपलाइन से पानी नहीं मिल रहा, वे निजी बोरिंग करवा चुके हैं। लेकिन अब कई इलाकों में जमीन का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि **शेष पेज 11 पर**

## हेमंत सोरेन सरकार के नक्सलरोधी अभियान को मिली बड़ी सफलता

# एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सली ढेर



- बोकारो के लुगु पहाड़ क्षेत्र में माओवादियों से हुई मुठभेड़
- चार इंसास राइफल, एक एसएलआर एवं अन्य सामान बरामद



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/बोकारो।** हेमंत सोरेन सरकार राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के खात्मे के लिए कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुलिस प्रशासन को स्पष्ट निर्देश है कि झारखंड से नक्सलियों-उग्रवादियों का जल्द से जल्द सफाया हो, जिससे राज्य के सुदूर ग्रामीण और वन क्षेत्रों का भी तेजी से विकास हो सके। पुलिस प्रशासन भी इसके लिए लगातार प्रयासरत है और बोकारो में बड़ी कामयाबी भी मिली। बोकारो जिले के लूगु पहाड़ क्षेत्र में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में सुरक्षाबलों को सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। आज सुबह सुरक्षाबलों और पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक करोड़ के **शेष पेज 11 पर**

### आत्मसमर्पण करें नक्सली, नहीं तो गोली खाने को रहें तैयार : डीजीपी

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि भाकपा माओवादी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी (केंद्रीय कमेटी सदस्य), सहदेव सोरेन (केंद्रीय कमेटी सदस्य) एवं अन्य 20 से 25 सशस्त्र माओवादियों की सूचना पर संयुक्त बलों के जरिए अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद सेंट्रल कमेटी मेंबर एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सलियों के मारे जाने की घटना ऐतिहासिक है। इसे झारखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि कहा जा सकता है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में बलिदान हुए जवान का हमने बदला ले लिया है। अब हमारा पूरा फोकस पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों को खत्म करने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण करें, नहीं तो गोली खाने के लिए तैयार रहें। बहुत जल्द ही झारखंड से नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा। इससे पूर्व, तीन अप्रैल 2023 को चतरा पुलिस ने पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया था, जिनमें दो स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य भी थे। दोनों पर 25-25 लाख रुपए का इनाम था। इसके अलावा तीन सब जोनल कमांडर मारे गए थे, जिन पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था।

### नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है : शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को झारखंड में नक्सल उन्मूलन अभियान में एक करोड़ के इनामी सहित आठ माओवादियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में 8 माओवादी मारे गए, जिनमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर 1 करोड़ रुपए का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें।

लोक सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री, कहा-

## शासन, पारदर्शिता व नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा भारत



- पीएम मोदी ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में लोक सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज शासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भारत में निवेश करने के लिए उत्साहित है और यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि हम इस अवसर को न खोएं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कोई लालफीताशाही नहीं हो, तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। पिछले 10 वर्षों में देश की सफलता ने विकसित भारत की नींव को मजबूत किया है। शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं कितनी गहराई तक जनता के बीच पहुंचती हैं और उसका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव हुआ है। हम विभिन्न जिलों में इसका प्रभाव देख रहे हैं। स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने से लेकर सौर ऊर्जा को अपनाने तक, कई जिलों ने अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी की हैं और कई को उनके प्रयासों के लिए मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के लोकसेवा दिवस को विशेष बताया। उन्होंने कहा कि इस साल संविधान का 75वां वर्ष है और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी वर्ष है। उन्होंने इस वर्ष के लोकसेवा दिवस की थीम ह्यभारत का समग्र विकासह्न तय किए जाने पर भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक थीम नहीं है, यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे। वास्तविक प्रगति छोटे बदलावों के बारे में नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर, सार्थक प्रभाव के बारे में है। **शेष पेज 11 पर**

# ट्रक व कार की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

**नवीन मेल संववाददाता**

**नावा बाजार।** एनएच 98 पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडाघाटी में सोमवार सुबह कार और ट्रक के बीच टक्कर में चालक की मौत हो गई, जबकि सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से तीन लोगों को मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सारे लोग बारात से लौट रहे थे। शव को एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय सत्येंद्र यादव के रूप में हुई है। सत्येंद्र छतरपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ का रहने वाला था, जबकि घायलों में छतरपुर के खोड़ी के रहने वाले मनीष यादव (28), सतीश यादव (22), राजू यादव (23) व एक अन्य शामिल हैं। सत्येंद्र यादव गाड़ी चला रहा था। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र यादव चार अन्य रिश्तेदारों के साथ छतरपुर के खोड़ी गांव मामा के घर से ममेरे भाई की बारात में गढ़वा के रमकंडा थाना क्षेत्र के रक्सी गांव में गया था। बारात संपन्न होने के बाद सोमवार सुबह सभी लौट रहे थे। जैसे ही कार कंडाघाटी में पहुंची। सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार सड़क से उतरकर गड्ढे में गिर कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग व पुलिस की तत्परता से घायल लोगों को कार से निकाल कर ईलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने सत्येंद्र यादव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।



# रफ्तार का कहर: ट्रक के चपेट में आने से मासूम की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने चतरा-डोभी मुख्य पथ किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडामोड़ गांव स्थित चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर सोमवार की अहले सुबह एक भीषण हादसा होने से 10 वर्षीय मासूम प्रीतम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सीमावर्ती राज्य गया जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मोनिया गांव निवासी लवकुश भारती का 10 वर्षीय पुत्र प्रीतम अपने मामा का बारात बोडामोड योगेन्द्र भारती के घर आया था। सोमवार सुबह किराना दुकान में कुरकुरे खरीदने सड़क पार कर रहा था। इस दौरान चतरा की ओर से तेज गति से आ रहा एक बेकाबू ट्रक प्रीतम को कुचल कर घसीटते हुए कुछ दूर ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भयावह थी कि प्रीतम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों लोग सड़क **शेष पेज 11 पर**




## इंडिया

# खुशहाली का पैमाना और दु:ख पहुंचाने वाले तत्व



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के आध्यात्मिक और पर्यटन महत्व के शहरों में भटकने वाले विदेशी हिप्पियों का स्वरूप बदल गया पर संख्या बढ़ती चली गई जिनमें से अधिकतर भारत की तुलना में आर्थिक रूप से समृद्ध होते हैं पर उन्हें शांति की तलाश होती है जो कभी उन्हें गांजा पीने वाले साधुओं तो कभी हरिद्वार के अद्भुत गंगास्नान या पूजा करने के लिए ले जाती है । एक जर्मन दंपति को कठिनाई से संकल्प कर पूजा करते देख उत्सुकता हुई तो उन्होने बताया कि वे धन के सर्वोच्च शिखर पर हैं पर मन की शांति नहीं और यहां ढाबों में खाना खाकर बेंचों में सोनेवाले के सुकून का राज जानना चाहते हैं ! विश्व खुशहाली 2025 की रिपोर्ट में 147 देशों के सूचकांक में भारत को 118वें स्थान पर रखा गया है। सूचकांक में पाकिस्तान 109वें एवं नेपाल 92वें स्थान पर है। सभी भारतीय इस रिपोर्ट को अस्वीकार करेंगे क्योंकि हिंसा-आतंकवाद, गरीबी और महंगाई से परेशान पाकिस्तानी, मुद्रास्फीति से त्रस्त नेपाली और पिछले तीन वर्षों से युद्ध झेल रहे यूक्रेनी नागरिकों को भी खुशहाली सूचकांक में भारतीयों से ज्यादा खुश दिखाया गया है। यह भी आश्चर्य का विषय है कि इस्राइल आठवें स्थान पर है, जो अब भी युद्ध झेल रहा है। संघर्ष और गृहयुद्ध से जूझ रहे फलस्तीन को भी 99वीं रैंक दी गई है।प्रथमदृष्टया ही यह रिपोर्ट संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि भारत ने बीते दशक में 105 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत में गरीबी के स्तर में कमी आने के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण आर्थिक असमानता में भी कमी आई है। विश्व खुशहाली सूचकांक में फिनलैंड को सबसे ज्यादा खुश देश बताया गया है और वह लगातार आठ साल से पहले स्थान पर है लेकिन आंकड़े विपरीत हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फिनलैंड में 16 से 20 प्रतिशत लोग मनोविकारों से जूझ रहे हैं। सात प्रतिशत से अधिक लोग अवसाद में जी रहे हैं, जो अवसादग्रस्त देशों की सूची में नौवें नंबर पर है, जबकि भारत 81वें नंबर पर है। फिनलैंड में तलाक लेने की दर 61 प्रतिशत है, जबकि इसके विपरित भारत में लगभग दो प्रतिशत लोग ही तलाक लेते हैं।विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में सस्टेनेबल



डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क द्वारा प्रकाशित की जाती है, जो गैलप वर्ल्ड पोल से प्राप्त डाटा पर आधारित होती है, ?जिसे छः मानकों-प्रति व्यक्ति जीडीपी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक समर्थन, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार के स्तर के आधार पर मापा जाता है। रिपोर्ट ?प्रति व्यक्ति जीडीपी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार के संबंध में भारत की रैंकिंग में सुधार की बात तो करती है, लेकिन जिस अनुपात में भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हुआ है, उस अनुपात से कम महत्व देना रिपोर्ट बनाने वालों के पक्षपात को अधिक दशार्ता है। यह रिपोर्ट कम सामाजिक समर्थन, धन के असंतुलित वितरण एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं ?पर चिंता व्यक्त करने के साथ-साथ कम सूचकांक भी प्रदान करती है। रिपोर्ट बनाने वालों को संभवतः भारतीय संस्कृति की समझ नहीं है। पश्चिमी देशों में लोग अकेलेपन का सामना करते हैं, जबकि भारत में पारिवारिक व्यवस्था लोगों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। हर महीने कोई न कोई त्योहार लोगों को सामाजिक जुड़ाव के साथ खुशी भी देता है। अंतर यह है कि पश्चिमी देशों में व्यक्तिगत आजादी और आर्थिक संपन्नता को मुख्य आधार माना जाता है, जबकि भारत में संतोष और सामूहिकता अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। प्रश्न यह है कि खुशहाली सूचकांक मापदंडों में भारत की स्थिति अच्छी होने के बावजूद वह रिपोर्ट की रैंकिंग में पीछे क्यों है? इसका प्रमुख कारण सैंपल लेने की दोषपूर्ण प्रक्रिया है। विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट मात्र 1,000 लोगों के सर्वे पर आधारित है। भारत जैसे देश, जिसकी आबादी 140 करोड़ से भी ज्यादा है, वहां महज 1,000 लोग खुशी का पैमाना कैसे तय कर सकते हैं? अब सवाल यह भी है कि भारत के लिए जिन 1,000 लोगों का सैंपल लिया गया, उसमें यह जानना भी महत्वपूर्ण होता है कि उनका धर्म, संस्कृति और जीवनशैली कैसी है? महानगरीय जनसंख्या पर किया गया सर्वेक्षण छोटे शहर,गांव में रहने वाले किसानों, आदिवासी और मध्यम वर्ग परिवारों की खुशी को कैसे तय कर सकता है? विश्व खुशहाली सूचकांक की शोध संकलन प्रक्रिया ही दोषपूर्ण नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रगति को कम आंकने से ज्यादा बदनाम करने की कोशिश अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट ?को तैयार करने वाली संस्था को फंडिंग बिल गेट्स फाउंडेशन, ? रॉकफेलर? फाउंडेशन द्वारा की जाती है। ये वही लोग हैं, जिन पर भारत के खिलाफ गलत नैरेटिव और एजेंडा चलाने के आरोप लगते रहे हैं। भारत सबसे अधिक विविधताओं वाला सबसे सुरक्षित देश है जहां सामाजिक सरोकार,धार्मिक मान्यताओं,संस्कृति और मूल्यों के अलावा पारंपरिक रीति रिवाजों पर अधिकांश लोगों को अटूट विश्वास है इसके उलट पश्चिमी संस्कृति खाओ,पियो और मौज करो के लिए धन आधारित है जिस पर हमले जारी हैं ।

### गिरिडीह में खुशी मार्ट में लगी आग दो की मौत 50 लाख का नुकसान

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र के मारवाड़ी कॉलोनी स्थित कपड़े की तीन मंजिला दुकान खुशी मार्ट और मकान में रविवार की मध्यरात्रि में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से मां संगीता डालमिया (50) और उनकी 17 वर्षीया बेटी खुशी डालमिया की मौत हो गई। सीताराम डालमिया और गृहस्वामी दिनेश डालमिया की मां किरण डालमिया सहित चार लोगों को प्रशासन के लोगों के सहयोग से रेस्क्यू कर बचाया गया। परिजनों के अनुसार अगलगी में करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार अपने पार्टी कार्यकर्ता राजेश बंसल, हरि मोहन कंधवे के साथ परिजनों को हिम्मत देने पहुंचे। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि राज्य स्तर पर इस प्रकार के हादसों को रोकने के लिए आधुनिक संसाधन जुटाए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, अग्निशमन कर्मियों के साथ कई युवकों ने रविवार देर रात करीब तीन बजे से आग पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था। सदर एसडीएम श्रीकांत, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी कौशर अली, थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के साथ पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार तीन बजे रात से ही बचाव कार्य की मॉनीटरिंग करते रहे।

## एक नजर

### भजनियां की जल सहिया ने किए चापानल का सर्वे

**मोहम्मदगंज।** भजनियां की जल सहिया शकुंतला देवी राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत स्वच्छता और पोषण के लिए जागरूकता अभियान चलाकर पोषण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है। सोमवार को उन्होंने गांव के सरकारी चापानल की अद्यतन स्थिति की सर्वेक्षण कर की। इसमें उन्होंने अलग-अलग 14 जगहों के चापानल के स्थिति का रिपोर्ट सार्वजनिक किया है। इसमें स्व. मुन्नी लाल के घर के पास के चापानल को बंद स्थिति में और सत्येंद्र पासवान (मल्लाह टोला) के घर के पास के चापानल को खराब बताया है।

### स्टेट यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया टीम के गठन पर खुशी जाहिर की

**मोहम्मदगंज।** युवा कांग्रेस सोशल मीडिया टीम के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति पर राज्य संयोजक राहुल सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने सभी से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि इस टीम में उनके अलावा अल्ताफ अंसारी को स्टेट चीफ कन्वेनर, अनुप्रिया सोय स्टेट कन्वेनर, निर्मल कुमार, तौकीर खान, सुशील कुमार, अमास अंसारी, अभिषेक दूबे, प्रकाश महतो स्टेट काडिनेटर, पीयूष चौबे, इमरान आलम, राघव सिंह, मो.शदाब खान, मो.आशीफ, जहीर अब्बास, ब्यूटी मंडल कॉ. काडिनेटर, आकाश राय, राजा रिंकू, मो.गुलाम शहबाज, अलीशान अहमद, जुल्करनैन, आदित्य भारद्वाज, आशुतोष पासवान और अवधेश सेठ एक्सक्यूटिव मेंबर बनाए गए हैं। इस संबंध में आइवाइसी के नेशनल हेड मनु जैन ने पत्र जारी कर दिए हैं।

### भीम चूल्हा में पाइपलाइन का नहीं हुआ काम

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीम चूल्हा के विकास और सौंदर्यीकरण में करीब 40 लाख खर्च किए गए। मगर, फुल-पौधों और बेसकीमती मखमली घास को सिंचित करने को लेकर पाइपलाइन की व्यवस्था नहीं की गई। नतीजतन इसकी स्थापना के समय की हरियाली फीकी पड़ती चली गई। बाद में हैंड वाश स्कीम से विवाह मंडप पर सोलर पैनल के साथ दो पानी टंकियों से उसकी दीवार के सहारे नीचे तक चार नल कनेक्शन देने से पीने के लिए पानी की जरूरत पूरी होने लगी है। ऐसी स्थिति में पुजारी गंगा तिवारी की पहल पर वहां पहुंचे धर्म प्रेमी चापानल से बाल्टी के पानी से फूल-पौधों का पटवन कर दिया करते हैं। नल कनेक्शन से वह खुद और सहयोगी सत्येंद्र चंद्रवंशी प्लास्टिक पाइप के माध्यम से पार्क की हरियाली को खासकर, गर्मी के मौसम में बचाने की जद्दोजहद कर रहे होते हैं।

# बाइक हटाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

### आपसी विवाद के बाद मारपीट में पिता-पुत्र घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के कस्तूरी चनकार गांव में रविवार की रात आपसी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो सदस्यों के बीच हुई मारपीट में कमलेश शर्मा व इनका पुत्र शनि शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। बताया जाता हैं कि



सड़क पर बाइक को हटाने को लेकर विवाद हो गया। जिससे बात बढ़ गई, और मामला मारपीट तक पहुंच गई। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदक द्वारा सूचना दी गई है, परंतु लिखित शिकायत नहीं की गई है। लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार के धक्के से बाइक सवार घायल

हैदरनगर जपला हैदरनगर मुख्य पथ पर सीमरसोत गांव के समीप तेज गति से जा रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माली गांव निवासी बाइक सवार अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल बाइक सवार को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। घटना रविवार की रात करीब नौ बजे घटी है। हैदरनगर की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है।

# नियमित बिजली बिल वसूली नहीं होने से उपभोक्ता चिंतित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बिजली बिल की कई माह से नियमित वसूली नहीं होना इसके एक मुश्त जमा करने को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता का कारण बन गई है। पहले हर महीने की 28 तारीख को प्रखंड मुख्यालय में बिल की नियमित वसूली की जाती थी। बिजली उपभोक्ताओं की इस चिंता को साझा करते हुए युवा समाजसेवी मंटू दास ने बताया कि बकाए बिल की एक मुश्त माफी के बाद से ही नियमित वसूली बंद कर दी गई है। ऐसे में उपभोक्ता इस बात को लेकर चिंतित है कि इतनी लंबी अवधि के बकाए का एक मुश्त भारी राशि जमा करना आसान नहीं होगा। बाद में इसका बोझ बढ़ता ही चला जाएगा। तब भारी बिल जमा नहीं कर पाने पर कनेक्शन काटने और बकाए की वसूली कानूनी कार्रवाई की वजह बन जाएगा। उन्होंने नियमित बिजली बिल वसूली की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए उपभोक्ताओं की चिंता को दूर करने का आग्रह विभागीय अधिकारियों से की है।

### बीडीओ ने नकुल को आर्थिक मदद दी

**नौडीहा बाजार।** बीडीओ रामनारायण खलखो ने सोमवार को नकुल विश्वकर्मा के पहुंचे घर पहुंच कर बेटा के ईलाज व दवा के लिए विधवा मां 10 दस हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। राशन, पेंशन आवास अन्य योजना का लाभ देने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रखंड कार्यालय से मिलने वाले लाभ को जल्द सुनिश्चित करने का बात कही।

# जेईसी ने विश्व रचनात्मकता व नवाचार दिवस मनाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू ने सोमवार को विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस मनाया। सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और नवप्रवर्तकों ने भाग लिया और शिक्षा तथा समाज में रचनात्मकता और नवाचार की परिवर्तनकारी शक्ति को सराहा। कार्यक्रम का आयोजन इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), जीईसी पलामू के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मुरली मनोहर, आईआईसी के अध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। उद्घाटन भाषण में डॉ. मनोहर ने वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में नवाचार की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों व शिक्षकों से आग्रह किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि नवाचार कोई एक बार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली यात्रा है। उन्होंने छात्रों को जिज्ञासा और समस्या-समाधान से प्रेरित लर्निंग माइंडसेट अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. राजेश नारायण देव ने किया। डॉ. दीपेश कुमार, भवेश कुमार सहित अन्य संकाय सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# बीडीसी की बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित, बीडीओ व प्रमुख ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक में कई विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थित नहीं रहने पर बीडीओ व प्रमुख ने नाराजगी जतायी। बैठक में बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ राजकुंवर सिंह, उप प्रमुख अमित चौहान समेत विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए। प्रखंड प्रमुख व पंसस ने अनुपस्थित पदाधिकारियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। बीडीओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने की बात कही। बैठक में बिजली विभाग, पीईएचडी विभाग, वन विभाग, मनरेगा के जेई, एई समेत एसबीआई के कर्मी अनुपस्थित थे। पंसस ने अपने-अपने क्षेत्र संबंधित समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की समस्या, जल जीवन मिशन के रुके कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने का प्रस्ताव पारित किया। प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं का भोजन का मेनू जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने, विद्यालय में छात्राओं की अनुपस्थिति, पुरुष शिक्षकों की बहाली सहित अन्य विषयों पर विशेष चर्चा की। अंचल कार्यालय के कार्यकलापों के खिलाफ पंसस ने कहा कि राजस्व कर्मचारी एक निजी कर्मी रखकर कार्यालय में कार्य कराते हैं। बैठक में बीईईओ परमेश्वर साहू, कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा बीपीओ, जेएसएलपीएस, केवीपीएम, स्वास्थ्य विभाग, विभिन्न विभागों के उपस्थित पदाधिकारीयों से पंचायत समिति सदस्यों ने क्षेत्र में चल रही विकास की योजनाओं व उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडेय, मिनती वर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, श्याम नंदन ओझा, बबलू भुइयां, मिथिलेश यादव, मुखिया अनीता लोहरा, प्रदुमन सिंह, सुनील प्रजापति, दसु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### अपराध रोकने को लेकर व्यवसायियों ने एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** शहर में आपराधिक घटनाएं बढ़ने से शहर में दहशत व्याप्त है। अपराध की लगातार हो रही घटना से व्यवसायियों के बीच भय का माहौल है। आपराधिक घटनाओं को रोकने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमून, व्यवसायी संघ के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद, फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर के नेतृत्व में एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल सोमवार को छतरपुर के एसडीपीओ अवध यादव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि छतरपुर में हुए चोरी, हत्या और लूट की घटनाओं का उद्भेदन पुलिस शीघ्र करे ताकि व्यवसायी और आमलोग चैन की सांस ले सकें। सौंपे गए ज्ञापन में अशोक सोनी, बृजबिहारी सोनी, महेश सोनी, कमलेश सोनी, दिनेश सोनी के साथ हुए आपरधिक घटनाओं की भी जानकारी दी गयी है। साथ ही गत वर्ष घटे शुभम गुप्ता और संतोष गुप्ता हत्याकांड के उद्भेदन की मांग की गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि लगभग दो महीनों में एक दर्जन से भी ज्यादा घरों को चोरों ने निशाना बनाया है, लेकिन अपराधी गिरफ्त से बाहर हैं। लोगों ने एसडीपीओ से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद चुनमून ने कहा कि प्रशासन अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि शहर में अमन चैन कायम रहे, दिनदहाड़े हुए कई बआपरधिक घटनाओं से लोगों में दहशत है। व्यवसायी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा है कि आपराधिक घटनाएं नहीं रुकी तो नगर के व्यवसायी आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे। एसडीपीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे। पुलिस पूरी तत्परता के साथ अनुसंधान में जुटी है। अशोक सोनी, बृजबिहारी सोनी, रितेश सोनी, विशाल सिंह, मुकेश, राकेश, मनोज सोनी, अयोध्या प्रसाद, महेश सोनी शामिल थे।

### गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट गहराया 3,700 में 250 चापाकल हैं खराब

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही अभी से ही पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता राजेश सिंह ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में करीब 3,700 चापाकल लगाये गए है। जिसमें 250 चापाकल खराब पड़े हैं। उसको चिन्हित कर मरम्मती का कार्य कराया जाएगा। समाजिक कार्यकर्ता जिशान हसन, रहमान ने बताया कि हुसैनाबाद में जल मिशन योजना के तहत अनुमंडल मुख्यालय के सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जल-मीनार शुरूआत से ही डेड पड़ा हुआ है। वहीं वार्ड तीन के राम विगहा, कुर्मी टोला, नदी पर हरिजन टोला, मोहम्मदाबाद सहित कई जगहों का जलमीनार खराब हो गया है। परंतु नगर पंचायत के द्वारा इसे अबतक ठीक नहीं किया गया हैं। जबकि सभी छह माह व एक साल से खराब पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट उत्पन्न होने लगा है। पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार कश्यप व मोहल्ला निवासी कलू ने बताया कि नपं इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिससे पेयजल संकट गहराने लगा हैं। गर्मी बढ़ने से परेशानी और बढ़ जाती है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत करीब 35 जलमिनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण भी देवरी सोन नदी में भी स्थाई समाधान नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष जलस्तर नीचे चले जाने से शहर में होने वाली जलापूर्ति भी बाधित हो जाती हैं। शहर में कई चापाकल भी जवाब देने लगा है। और एक दर्जन चापाकल खराब है। जिसमें गांधी चौक के समीप ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने भी कई माह से चापाकल खराब पड़ा है। वहीं हैदरनगर रोड में, संगत मोहल्ला, मंदिर के पास चापाकल खराब है। अधिकांश वाहन जपला छतरपुर मुख्य सड़क किनारे लगते है, जिससे होटलों में ही जाकर यात्री पानी पीते हैं, दुकानदार भी बिना कुछ खाये पानी देने से मना कर देते हैं। उधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि शहर में खराब पड़े जलमीनार व खराब चापाकल की सर्वेक्षण किया जा रहा है, इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू की जाएगी।

# महीनों से बंद है साप्ताहिक बाजार की जलमीनार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय साप्ताहिक बाजार का जलमीनार कई महीनों से बंद पड़ा है। वहीं चापानल भी खराब है। ऐसे में गर्मी के मौसम में पानी को लेकर लोगों को हो रही परेशानी को समझा जा सकता है। बताया जाता है कि रविवारीय बाजार के दिन के अलावा आम दिनों में आस पास के दुकानदारों और राहगीरों के पानी की जरूरत के लिए यही एक सार्वजनिक संसाधन है, जो खासकर गर्मी के दिनों में बड़ी जरूरत बन जाती है। कोयल नदी में बाढ़ और गर्मी में सूख जाने पर बाजार प्रांगण में दशगात्र संस्कार के समय लोगों के स्नान के काम आती है। बताया गया कि स्टार्टर की चोरी के कारण जलमीनार बंद है। चापानल सिलेंडर व वाशर की खराबी से काम नहीं कर रहा है। मुखिया कमला देवी ने कहा कि इस जलमीनार को यथाशीघ्र चालू कराकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चापानल की खराबी को दूर करने के लिए विभाग को सूचित कर दिया गया है। स्टार्टर पंचायत की ओर से लगाया जाएगा।

**जांच के महत्वपूर्ण बिंदु**

बताया गया कि जब हेमंत सोरेन पेयजल व स्वच्छता मंत्री थे, तब उन्होंने जलमीनार स्थापित करने के उद्देश्य से जगह-जगह डीपबोर चापानल लगवाया था। बाद में उन्हीं में से एक इस चापानल में पंचायत मद की ओर से जलमीनार लगाया गया था। इस दौरान प्रायः सभी जगह ऐसे चापानल में जहां भी जलमीनार लगाए गए हैं, बढ़िया के बदले घटिया सिलेंडर लगा दिए गए हैं। यही वजह है कि इसमें बार-बार खराबी आ जाती है। ऐसी हालत में ही नहर चौक पर आस पास के लोगों ने खरीदकर बढ़िया सिलेंडर लगाया, तब कहीं जाकर चापानल और जलमीनार कारगर साबित हुआ। साप्ताहिक बाजार के इस जलमीनार के बार-बार बेकार साबित होने की एक और बड़ी वजह इसके सामानों की बराबर चोरी अथवा तोड़फोड़ भी बताया जाता है, जो जांच का महत्वपूर्ण विषय हैं।

### वाहन चेकिंग अभियान में तीन बाइक जब्त

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रविवार की देर रात्रि में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी ने वाहनों की जांच की। चेकिंग अभियान के दौरान तीन वाहन चालकों को बिना हेलमेट के बाइक चलाते पकड़ा गया। तीनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वह नशे की हालत में वाहन न चलाएं। वाहन जांच अभियान में थाना के एएसआई हरेंद्र पासवान के साथ थाना पुलिस बल कई जवान शामिल थे।



# काशीसोत डैम से लक्ष्य तक खेतों की सिंचाई नहीं

- पुनरीक्षित योजना की 12.47 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद भी सुगबुगाहट नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** काशीसोत नदी के उद्गम स्थल पर डैम बनाकर खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य दो दशक बाद भी पूरा नहीं किया जा सका है। गोड़ाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया पंचम खान के अनुसार काशीसोत डैम से अभी भी रमवां नामक जमींदारी बांध की क्षमता के हिसाब से खेतों की सिंचाई संभव हो सका है। डैम भी वहीं बनाया गया है, जहां किसी जमाने में तब के जमींदार ने रमवां बांध बंधवा कर संबंधित इलाके को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का काम किया था। उन्होंने कहा कि इस डैम से सिंचाई के लिए लंकासुर से गोड़ाडीह के पासवान टोला तक वितरणी का निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में डैम के निकटवर्ती क्षेत्र में भी बेहतर सिंचाई का लाभ नहीं मिल पाया। ऐसे में हजारों एकड़ भूमि सिंचाई के बिना परती पड़ी रह जातीं हैं। उन्होंने बताया गया कि पहले 23 नवंबर 2003 में तत्कालीन सिंचाई मंत्री रामचंद्र केसरी और दूसरी बार 2013 में तब की इसी विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों तब के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अलग-अलग योजना के तौर पर शिलान्यास कराकर इस डैम का निर्माण पूरा कराने का काम किया था। मगर वितरणी नहर का काम लक्ष्य के अनुरूप विकसित नहीं किया जा सका। वैसे, पूर्ववर्ती झारखंड सरकार के कार्यकाल में पुनरीक्षित योजना के तहत 12.47 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। मगर विस चुनाव के शंखनाद होने तक भी काम शुरू नहीं किया जा सका। बताया जाता है कि इस राशि को जिला पार्षद अंजू देवी की पहल और पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से मंत्रिपरिषद ने द्वितीय पुनरीक्षित योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी थी। मगर, किसानों ने इस राशि को नाकाफी बताया और कहा कि इससे अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिलेगा या काम पूरा होगा, समझ से परे लगता है। इस राशि का किया गया यह भी पता नहीं। अब इसे लेकर किसानों की नजर वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव पर टिकी है। उनका कहना है कि इन्होंने ही इसे धरातल पर उतारा है। तो, यही इससे सिंचाई के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

## प्रदर्शन

### नए वक्फ कानून के विरोध में सभा, जुलूस के बाद एसडीओ को ज्ञापन सौंपा गया

# नए एक्ट के खिलाफ इंडिया गठबंधन साथ है: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नए वक्फ कानून के विरोध में सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के गांव गांव से हजारों की संख्या में लोग हुसैनाबाद के लंबी गली स्थित इमली मैदान में जुटे। उन्होंने सर्व प्रथम तिलावत ए कुरान ए पाक से कार्यक्रम की शुरूआत की। लोगों को हाथ में तख्ती लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अनुमंडल कार्यालय तक चलने को कहा गया। इसके बाद कतार में हजारों लोग मौन जुलूस में निकल पड़े। जुलूस में शामिल लोगों के हाथ में तख्तियां थीं, जिसमें नए वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की गई थी। इस विरोध प्रदर्शन के लिए 11 सदस्यीय सरपरस्तों की टीम बनाई गई थी। इस टीम में शामिल लोगों के नेतृत्व में हजारों लोग जुलूस में शामिल हुए। सदारत मुखिया अनुसार सिद्दीकी व संचालन मसरूर अहमद ने किया। जुलूस व कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश



महासचिव सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शिया मस्जिद के इमाम ए जुमा मौलाना सैयद शजीर रिजवी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, बसपा नेता अजय भारती, राजद नेता रामाशंकर चौधरी मुख्य रूप से मौजूद थे। जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद पहुंचा। सरपरस्तों की टीम ने एसडीओ गौरांग महतो को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नए वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की गई है। जुलूस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ कानून दोनों का विरोध किया गया। कार्यक्रम व जुलूस में विभिन्न राजनीतिक गैर राजनीतिक दल व संगठन के लोग शामिल हुए। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध में मार्च निकाला गया है, यह मार्च शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि एक खास राजनीतिक दल का अब यही काम रह गया है। जनता को भ्रमित करने का वह असफल प्रयास कर रहे हैं। वह अपनी मनसा में कभी कामयाब नहीं होंगे। भारत की गंगा यमुना तहजीब आज भी देश के लोगों में कायम है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह इसका विरोध कर रहा है। संविधान के खिलाफ जाकर यह सरकार दलितों अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क से संसद तक इसका विरोध हो रहा है। एसडीओ को ज्ञापन देने वालों में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा, अब्बास अंसारी, अब्बू नसर सिद्दीकी, मसरूर अहमद समेत कई लोग शामिल थे। प्रदर्शन में शामिल अबू नसर सिद्दीकी ने बताया कि वह नए वक्फ कानून का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे है। यह हक उन्हें भारत के संविधान ने दिया है। केंद्र सरकार को इस कानून को वापस लेना होगा। कानून के विरोध में प्रदर्शन को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर थी। जुलूस में कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

# स्टेशन रोड की सड़कें जर्जर, पैदल चलना हुआ मुश्किल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के जपला स्टेशन रोड की सड़कें काफी जर्जर हो गई हैं, वाहन की बात तो दूर पैदल चलना भी लोगों का मुश्किल हो गया है। वैसे नगर पंचायत में पिछले एक सालों से सड़कों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। शहरी क्षेत्र के विकास को लेकर शहर के लोग लंबे समय से सरकार प्रशासन से मांग करके तंग हो चुके हैं। शहर में कई ऐसी मेन संपर्क मार्गों की सड़कों की हालत खास्ताहाल हो गई है कि उन पर चलकर लगता ही नहीं की किसी सड़क पर चला जा रहा है। बल्कि यही लगता है जैसे किसी नदी में चल रहे हो। वार्ड दो और तीन के अंतगर्त पड़ने वाली मेन रोड, जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाई होती है, लेकिन सडक की हालत देखकर इस क्षेत्र को नगर पंचायत में कहने पर शर्म महसूस होती है। अनुमंडल रोड, आईटीआई, कपूर्री मैदान से मुनि सिंह चौक, रेलवे अंडरग्राउंड से हरिहर चौक देवरी रोड, जेपी चौक से स्टेशन रोड केवल धूल उड़ते नजर आयेंगे। वहीं कई स्थानों पर लोगों के घरों का पानी सड़क पर ही बहता रहता हैं, जिससे



सड़कों को हाल बुरा हो गया है। लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नगर पंचायत प्रशासन इस सड़क के मामले में आंखें मुदें बैठा हुआ है। सड़क में पड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाए हो रही हैं। अक्सर इनमें दोपहिया, ऑटो, पैदल राहगीर इनकी चपेट में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। प्रशासन सड़क पर किसी बड़े जानलेवा हादसे की इंतजार में बैठा हुआ है। इसलिए अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। बाहरी लोग हुसैनाबाद आने के बाद कहते है कि आप केवल कहने को ही नगर पंचायत क्षेत्र में रह रहे है, जबकि यहां के हालात तो गांवों की सड़कों से भी खराब है। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनो में दोपहिया, ऑटो पैदल चलने वालों के लिए रास्ता बंद ही हो जाता है। गड्ढों में भरे पानी से पता ही नहीं चलता कि कौन सा गड्ढा कितना ज्यादा गहरा है। इसके अलावा एक तो पहले ही मेन रोड की सड़क किनारों पर अवैध कब्जे होने के कारण सड़क की चौड़ाई कम है। उधर वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि नगर पंचायत के कार्यपालक सह प्रशासक शहर के स्टेशन रोड की सड़क की जर्जर हालत को भली-भांति जानते है, इसे बनवाने के लिए उन्होंने लंबे समय से नगर पंचायत में मांग उठा रखी है। लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता है। वर्ष-2024 में उक्त सड़क की मरम्मत कराई गई थी, परंतु दो माह में ही उखड़ गई। वर्तमान में कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने उक्त सड़क को दुरुस्त करने की बात कही है।

# जेईई मेन 2025 में एमके डीएवी के 10 छात्रों ने लहराया परचम

**विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन, छात्रों और अभिभावकों ने साझा किए अनुभव**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश की प्रतिष्ठित तकनीकी प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2025 (सेशन-2) में एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के 10 छात्रों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। लाखों प्रतिभागियों के बीच एक ही विद्यालय से 10 छात्रों का चयन गौरव का विषय बन गया है।

**सफल छात्रों में इनके नाम शामिल हैं :** स्वरित रंजन (98.79 पर्सेंटाइल), शारिब इमाम (98.30), अंकित तिवारी (98.12), आस्था कुमारी (94.61), रोहन पांडे (92.78), सोनाली कुमारी (90.00), आदित्य पांडे (89.74), आदर्श श्रीवास्तव (89.19), राजनंद पटेल (85.00) और आयुषी राज (61.71)।



विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी सफल छात्रों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं डीएवी झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जी.एन. खान ने की। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि पलामू में रहकर भी देश की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय जल्द ही ऑनलाइन कोर्स शुरू करने जा रहा है ताकि और भी छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। सेशन-1 में जहां 8 छात्रों ने सफलता पाई थी, वहीं सेशन-2 में यह संख्या बढ़कर 18 तक पहुंची है।

सफल छात्र रोहन पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमेशा शिक्षकों पर विश्वास रखें। परीक्षा के समय वही बातें याद आती हैं जो उन्होंने सिखाई होती हैं।

रोहन की माता शोभा पांडे ने विद्यालय, शिक्षकों और प्राचार्य की सराहना करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे विद्यालय की शैक्षणिक नीति और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर विश्वास रखें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे, नीरज श्रीवास्तव, ए.के. पांडे, जितेंद्र तिवारी, राकेश चौबे, तुषार घोष एवं कन्हैया राय उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षिका मौसमी घोष ने किया।

### नवजात का शव बरामद, कुत्ते ने नोचा शरीर का हिस्सा

# आर्यन हॉस्पिटल के पास मिला शव, पूर्व पार्षद ने लगाए अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज मोहल्ले में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब आर्यन हॉस्पिटल के समीप एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव की हालत अत्यंत भयावह थी – कुत्तों ने उसका आधा हिस्सा नोच डाला था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को जानकारी दी गई।

**एसपी के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम को मौके पर भेजा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

पुलिस फिलहाल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में जुट गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नवजात का शव वहां किसने और कैसे छोड़ा। अधिकारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**स्थानीय लोगों में उबाल, कड़ी कार्रवाई की मांग**

घटना के बाद क्षेत्र में जनाक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर रोक नहीं लगी, तो यह एक गंभीर सामाजिक अपराध का रूप ले सकता है।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना को लेकर पूर्व वार्ड पार्षद मनोज सिंह ने गहरा आक्रोश जताते हुए कहा कि आर्यन हॉस्पिटल के आसपास पहले भी इस प्रकार की संदिग्ध घटनाएं सामने आती रही हैं। उन्होंने डॉक्टर संजय कुमार और डॉक्टर सीमा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार इसी इलाके में नवजात शव मिलने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं।

# सदिक चौक पर चला सघन जांच अभियान 51 हजार से अधिक का कटा चालान



**बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सादिक चौक के पास यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कड़ी जांच की गई। जांच में कई बाइक सवार बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा ट्रिपल लोडिंग करते पाए गए। वहीं बीती रात एक कार चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। उसकी पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई। कुल मिलाकर 09 दोपहिया वाहन तथा एक चारपहिया वाहन को जब्त किया गया। सभी वाहनों को फिलहाल शहर थाना परिसर में सुरक्षित रूप से रखा गया है।

पुलिस द्वारा संबंधित चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए मामले को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया। 21 अप्रैल 2025 को परिवहन कार्यालय द्वारा कुल 15 मामलों में चालान की राशि तय की गई, जिसमें 13 दोपहिया वाहनों का कुल जुमार्ना ₹29,691 और शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो चालकों पर ₹21,372 का जुमार्ना लगाया गया। इस प्रकार कुल चालान राशि ₹51,063 निर्धारित की गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अन्यथा आगे भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में भीषण गर्मी का कहर तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

**शहरवासी परेशान, दोपहर के समय सड़कें रही सुनसान, उमस ने भी बढ़ाई तकलीफ**



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ मेदिनीनगर में भी भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी का असर ऐसा रहा कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजारों में भी लोगों की चहल-पहल कम हो गई।

सुबह की आर्द्रता 52 प्रतिशत और शाम की आर्द्रता घटकर मात्र 22 प्रतिशत तक रह गई, जिससे वातावरण में सूखापन और लू का असर और भी तेज हो गया। शाम 5:30 बजे तक बारिश का कोई नामोनिशान नहीं था, जिससे गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं दिखी।

लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार गर्मी ज्यादा तेज महसूस हो रही है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर इसका खास असर देखा जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और डीहाइड्रेशन की शिकायतें लेकर आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। इसके मद्देनजर डॉक्टरों और प्रशासन ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही हल्के कपड़े पहनने, भरपूर पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने की अपील की गई है।

स्थानीय प्रशासन ने भी सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था करने की बात कही है, ताकि आमजन को थोड़ी राहत मिल सके।

# टीबी व स्किन टेस्टिंग को लेकर मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला क्षय नियंत्रण कार्यालय में सोमवार को टीबी एवं स्किन टेस्टिंग अभियान को लेकर मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला टीबी पदाधिकारी (डीटीओ) डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में जिले में संचालित चलंत साइकिल टीबी स्किन टेस्टिंग कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। डॉ. श्रीवास्तव ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु क्षेत्रवार योजनाएं बनाएं और लक्ष्य के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन की दिशा में यह टेस्टिंग अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से अज्ञात रोगियों की पहचान की जाएगी और समय पर इलाज सुनिश्चित होगा।

बैठक में सभी ब्लॉक टीबी यूनिट से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांवों और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को टेस्टिंग के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में जिला समन्वयक, एसटीएस, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। डॉ. श्रीवास्तव ने अंत में कहा कि विभाग की सामूहिक भागीदारी से ही पलामू को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक 24 को रांची में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक 24 अप्रैल को रांची स्थित विधानसभा भवन के विधायक क्लब में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संस्थापक महासचिव पुष्कर महतो करेंगे, जिसमें अब तक के आंदोलनों की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

इस संबंध में पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव की अध्यक्षता में मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने मान-सम्मान और पहचान के लिए लगातार संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधानसभा सत्र में सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने आंदोलनकारियों की मांगों को उठाया, जिस पर संबंधित मंत्री ने उत्तर भी दिया, लेकिन कार्यवाही अभी अधूरी है।

बालकिशुन उरांव ने मांग की कि आंदोलनकारियों को उत्तराखंड और तेलंगाना की तर्ज पर 'आंदोलन सेनानी' का दर्जा दिया जाए और जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर 50-50 हजार रुपये मासिक पेंशन प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आंदोलनकारियों का हक है।

बैठक में बताया गया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों से मोर्चा के पदाधिकारी रांची बैठक में भाग लेंगे। पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने कहा कि रांची बैठक के निर्णयों के आलोक में जिले में व्यापक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के आदेश के बावजूद पलामू जिला प्रशासन चिन्हित आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र और पहचान पत्र देने में उदासीनता बरत रही है।

बैठक में सचिव राजू प्रजापति, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार सिन्हा, जगनारायण मेहता समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती 2025: 21 अप्रैल से शुरू होंगे आवेदन, 11 मई तक का मौका



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय वायुसेना ने अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन) पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 21 अप्रैल 2025 से 11 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in के माध्यम से पूरी की जाएगी। इस भर्ती के लिए केवल अविवाहित उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी को संगीत की गहरी समझ और टेम्पो, पिच, गायन में दक्षता होनी चाहिए। वाद्य यंत्रों जैसे बांसुरी, पिकोलो, ओबो, शहनाई आदि का ज्ञान आवश्यक है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर वे निर्धारित रैली स्थल पर उपस्थित होंगे। भर्ती रैली 10 जून 2025 से 18 जून 2025 के बीच दो स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसके तहत 2 एएससी, रेस कोर्स कैंप, एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली ओर 7 एएससी, नंबर 1 कब्बन रोड, बेंगलुरु का नाम शामिल है। यह भर्ती अभियान संगीत क्षेत्र में दक्ष युवाओं को भारतीय वायुसेना में सेवा का अवसर प्रदान करेगा। इच्छुक उम्मीदवारों को समय पर आवेदन कर तैयारी में जुटने की सलाह दी गई है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन

**काउंसलर आयुष सिंह ने छात्रों को दी सफलता के मंत्र, सत्संगति और समय प्रबंधन को बताया भविष्य निर्माण का आधार**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशिप, शाहपुर, मेदिनीनगर में सोमवार, 21 अप्रैल 2025 को कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैरियर विशेषज्ञ आयुष सिंह ने छात्रों को सफलता के मूल मंत्र प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने उज्जवल भविष्य हेतु अध्ययन को सर्वोपरि मानें और संगति के दुष्प्रभाव से स्वयं को दूर रखें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय सारणी बनाकर उसका पालन करें, नियमित रूप से योग-प्राणायाम करें, और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचें। उनका कहना था कि जीवन में सफलता के लिए श्रम से आत्मिक लगाव आवश्यक है। कैरियर काउंसलिंग छात्रों को समय पूर्व सही विषय चुनने में मदद करती है और उनका मार्गदर्शन करती है।

विद्यालय के प्राचार्य ए के सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि क रियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को आत्मविश्लेषण का अवसर मिलता है और यह उनके भविष्य निर्माण में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार ही विषय का चयन करना चाहिए, क्योंकि भ्रमित मनुष्य अपनी मंज़िल तक नहीं पहुंच सकता।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्रों ने इसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

## शहर थाना परिसर में लगी आग से 36 वाहन जलकर राख, ट्रैफिक प्रभारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में रविवार दोपहर अचानक लगी आग से ट्रैफिक विभाग की 36 जब्त गाड़ियां जलकर राख हो गईं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना करीब 3:40 बजे की है, जब परिसर में रखे वाहनों में अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर में रखे वाहन चपेट में आ गए। इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में कुल 36 वाहनों के जलने की पुष्टि की गई है। बताया गया कि ये अधिकांश गाड़ियां वर्ष 2017 से जब्त कर रखी गई थीं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शॉर्ट सर्किट की वास्तविक वजह क्या रही।

## महिला सफाई कर्मी से मारपीट व जाति सूचक गाली-गलौज, आरोपी पर केस दर्ज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के लालकोठा इलाके में नगर निगम की महिला सफाई कर्मी रुनिया देवी (45 वर्ष) के साथ मारपीट और जाति सूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, रविवार शाम 7 से 8 बजे के बीच जब वह लालकोठा के पास झाड़ू लगा रही थीं, तभी हमीदगंज शिवलाल रोड निवासी संजय पांडे वहां पहुंचा और नशे की हालत में उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक अपशब्द कहने लगा। रुनिया देवी ने आरोप लगाया कि संजय पांडे ने उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता ने इस संबंध में शहर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना को लेकर सफाईकर्मियों में रोष देखा जा रहा है और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।

# भाजपा नेत्री देवी धाम, हैदरनगर में की पूजा-अर्चना, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**हैदरनगर देवी धाम में पूजा-अर्चना के बाद स्मिता दीदी ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की, कार्यकर्ताओं से मिलकर जताया आभार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम की सुपुत्री एवं भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता ने हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए माता रानी से आशीर्वाद मांगा।

इस धार्मिक आयोजन में स्मिता दीदी के साथ भाजपा के कई प्रमुख और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंदिर में पूजा के बाद उन्होंने कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की।

हैदरनगर पहुंचने से पूर्व बिश्रामपुर के रेहला बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में वरीय भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, अनुज पांडेय, शिवांश मिश्रा, विकास चौबे, मनु पांडेय, आशीष ठाकुर, चंदन कुमार, बसंत कुमार, प्रमोद कुमार, पीयूष बाबू, विश्वनाथ कुमार, नरेंद्र राम, शोएब खान और संजय कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे।

हैदरनगर में मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, मोहम्मदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, डॉ. अजय जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता और रंजीत पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

# अदबी संसार का 43वां तरही नातिया मुशायरा संपन्न, डॉ. इंतेखाब असर को किया गया समर्पित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार के तत्वावधान में 43वीं तरही नातिया मुशायरा एक शाम डॉ. इंतेखाब असर के नाम का आयोजन मदरसा गौसिया रजविया रोड, पहाड़ी स्थित मो. शेर खां के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं डॉ. इंतेखाब असर ने की, संचालन हाजी शमीम रजवी तथा स्वागत संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इस अवसर पर डॉ. असर, हसीब अहमद खां, एम.जे. अजहर और मो. शेर खां को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुशायरे में कई मशहूर शायरों ने अपने नातिया कलाम से समां बांध दिया। डॉ. असर ने पढ़ा– 'आपके दम से है गुलशन में बहारों को सबात...' वहीं महताब आलम जियाई, हाजी शमीम रजवी, अब्दुल कय्यूम रुमानी, अमीन रहबर, एम.जे. अजहर, अलाउद्दीन शाह चिराग, इमरान शाद, हाफिज यूनुस रजवी सहित अन्य शायरों ने भी शानदार कलाम पेश किए।

कार्यक्रम में शहर के कई बुद्धिजीवी, साहित्यप्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**गढ़वा।** सदर थानांतर्गत बलिगढ़ गांव में बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों में बलिगढ़ निवासी मुन्नी राम का पुत्र 15 वर्षीय गोविंद कुमार और पलामू जिलांतर्गत चैनपुर थाना के थमुंवा गांव निवासी राजेंद्र राम का पुत्र रौशन कुमार शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि रौशन कुमार अपने घर से ननिहाल बलिगढ़ गांव गया था। इस दौरान उसने गोविंद कुमार के साथ मोटरसाइकिल से गांव में ही दुकान में कुछ सामान लेने जा रहा था। उसी क्रम में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उससे दोनों घायल हो गए।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडवा चट्टान स्थित शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप सोमवार सुबह मुख्य पथ पर बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक यूपी के शाहगंज निवासी पिंटू बियार पिता रामचंद्र बताया जा रहा है। थाना के गश्ती दल द्वारा घायल अवस्था में उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा उसका नाम पता कर परिजनों को सूचित करने के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन उसे बेहतर ईलाज के लिए राबर्ट्सगंज ले गए। युवक केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर अपने रिश्तेदार के घर से भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली बारात आया था। सोमवार सुबह तीन बजे मुकुंदपुर वापस जाने के क्रम में उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेट्रोल पंप के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण



**रंका।** एसके इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीयय, तृतीय स्थान प्राप्त किए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रिंसिपल जगत, वाइस प्रिंसिपल बंटी राय द्वारा बैडमिंटन, क्रिकेट, ड्राइंग आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिए विद्यायार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल ने बताया कि विद्यालय में काफी अनुभवी शिक्षक हैं। बच्चों को काफी गुणवत्ता शिक्षा दी जा रही है।

# बारातियों से भरी कमांडर पलटने से एक की मौत, एक घायल

### गांव में खुशी का माहौल गम में बदला



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के लवादोनी व चिनिया पहाड़ी में रविवार रात्रि उस वक्त खुशी का माहौल गम में बदल गया जब दरवाजा पर पहुंचने से पहले ही बारातियों से भरी कमांडर पहाड़ी के नीचे पलट गई। उक्त घटना में कमांडर वाहन पर बाराती आ रहे रंका थाना क्षेत्र के हूंनहेकला गांव निवासी 60 वर्षीय शिवनाथ यादव की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। 65 वर्षीय दुखी यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कमांडर रंका थाना क्षेत्र के हूंनहेकला गांव से बारात लेकर डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव आ रही थी। इस बीच चिनिया घाटी उतरने के दौरान अचानक सामने से आ रही बस को साइड देने के क्रम में कमांडर अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहराई में तीन-चार बार पलटी खा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद कई लोग वाहन से छलांग मार अपनी जान बचाने में सफल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दो-तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना के बाद कमांडर चालक अपनी कमांडर और बारातियों को उसी स्थिति में छोड़ भाग गया। इस दुर्घटना की खबर से बाराती पक्ष वालों के साथ शराती पक्ष वालों के बीच मातम छा गयी। दुर्घटना में मृत परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया है।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मेराल थानांतर्गत टिकुलडीहा निवासी इकबाल खान की 26 वर्षीया पत्नी साजमीन खातून ने सोमवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साजमीन खातून ने बताया कि उसके घर के सामने साजिद खान का घर है। उसकी बेटी हिना खातून 6 महीने से बीमार है। उसे लेकर वह बार-बार प्रताड़ित करती रही है। सोमवार को रूबी खातून, फरीद खान, खुशीर्दा खातून, सवा बीवी सहित अन्य ने घर में घुसकर मारपीट किया। इस बात से आक्रोशित होकर उसने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## न्यूज बॉक्स

### मंत्री के बयान के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च

**गढ़वा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान को लेकर चिनियां रोड नहर चौक से समाहरणालय तक आक्रोश मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व मंत्री हफीजुल ने कहा था कि उनके लिए लिए शरीयत पहले है। बाद में संविधान हैं। उसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में आक्रोश मार्च निकाला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। मंत्री हफीजुल को संविधान विरोधी बयान देने पर सरकार से बर्खास्त करने की मांग की गई। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने देश चलाने के लिए संविधान बनाया। उसका झामुमो सरकार में बैठे लोग अपमानित करने का काम कर रहे हैं। भारत देश संविधान से चलते आ रहा है, लेकिन झामुमो के मंत्री पहले संविधान नहीं बल्कि शरीयत को मानने की बात बोल कर बाबा भीमराव आंबेडकर सहित तमाम आम जनमानस का अपमान किया है। ऐसे लोगों को मंत्री बनने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो के लोग झारखंड में शरीयत लागू करना चाहते हैं लेकिन भाजपा कार्यकर्ता बाबा भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान के साथ मजबूती से खड़ाहै। वक्फ बोर्ड संशोधन फैसले के खिलाफ भी मंत्री का धमकी भरा बयान से संविधान का अपमान किया गया है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, अरविंद तुफानी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामशीष तिवारी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रामलला दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

### एयर फोर्स ने अग्निवीर वायु म्यूजिशियन के लिए मांगा आवेदन

**गढ़वा।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन)के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। उम्मीदवार इस भर्ती के लिए 21 से 11 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार को इंडियन एयर फोर्स की ऑफिसियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद केवल रजिस्टर्ड उम्मीदवारों को ही प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा। इसे लेकर रैली स्थान पर पहुंचना होगा। रैली का आयोजन 10 से 18 जून के बीच 2 एएससी रेस कोर्स कैंप, एयरफोर्स स्टेशन न्यू दिल्ली में किया जायेगा। इन पदों के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं,जो अविवाहित हैं और उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता पायी हो। उम्मीदवारों को म्यूजिक की समझ होनी चाहिए। उम्मीदवारों को टेम्पो, पिच और गायन में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता होनी चाहिए। इसके साथ उम्मीदवारों को वाद्य यंत्र का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए साथ ही उम्मीदवारों को फ्लूटयनी बांसुरी, पिकोलो,ओबो, शहनाई आदि की समझ होनी चाहिए। इसके लिए उन्हें संगीत अनुभव प्रमाण पत्र के रूप में किसी मान्यता प्राप्त संगीत संस्थान जैसे टीसीएल या आरएसएम, केएम म्यूजिक कंजर्वेटरी, बैंगलोर स्कूल ऑफ म्यूजिक, टीएसएम, जीएमआई, बर्कली स्कूल ऑफ म्यूजिक से किसी एक वाद्ययंत्र में ग्रेड 5वीं या समकक्ष या उससे ऊपर या नहीं तो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए संगीत के क्षेत्र में डिप्लोमा या समकक्ष का अनुभव होना आवश्यक है।

## गृहरक्षक पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** गृहरक्षक पर हमला करने के अरोप में पुलिस ने मेराल थाना क्षेत्र के खोरीडीह गांव निवासी हरिगोविंद तिवारी और कांडी थाना के पतहरिया गांव निवासी सूरज पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि मामले के वादी मझिआंव थाना के करुई गांव निवासी तपेंद्र कुमार सिंह वर्तमान गृहरक्षक उत्तर कोयल भीम बराज द्वारा लिखित आवेदन 21 अप्रैल को दिया गया था। उक्त आवेदन के आधार पर केस दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि 20 अप्रैल को शाम छह बजे वह भीम बराज के पास एंटी क्राइम चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान आरोपी वहां कार से पहुंचा। इसके बाद उसने गार्ड पर हमला कर दिया। कांड के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही कार भी जब्त कर लिया गया है।

### शादी समारोह में गए परिवार के घर चोरी

**चिनिया।** मुख्यालय में रविवार की देर रात चोरों ने लक्ष्मण यादव के घर में चोरी कर 30 हजार से अधिक की चोरी कर ली। लक्ष्मण यादव के परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए थे। घर खाली देख चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए आराम से सेंधमारी कर चोरी कर फरार हो गए। लक्ष्मण यादव के पुत्र अनिल यादव ने बताया कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और सिढ़ी के सहारे नीचे उतरकर कमरे के अंदर पहुंचे। उन्होंने बक्सा और अन्य सामान बाहर निकाल कर खलिहान में ले गए। वहां से बक्से को तोड़कर कीमती गहनों में मंगलसूत्र, जिउतिया, 2000 नकद राशि सहित अन्य सामग्रियां चोरी कर ली। चोरों ने करीब 30 हजार रुपये की चोरी की है। चोरी की जानकारी मिलने पर थाना के काशिद हुसैन, व सुखराव उरांव घटनास्थल पर पहुंच कर आस पास के लोगों से चोरी के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा तकनीकी जांच व स्थानीय सूत्रों की मदद से चोरों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## एसडीओ ने चार पटाखा दुकानों में छापेमारी की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रात्रि 10 बजे के बाद बिना अनुमति आतिशबाजी नहीं करने का निर्देश**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने एहतियात के तौर पर शहर में अवैध पटाखा बिक्री की जांच को लेकर औचक छापेमारी की। गढ़वा में जिन चार दुकानों में छापेमारी की गई उन सभी दुकानों में पूर्व में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में पटाखों की अवैध बिक्री का आरोप था। इस छापेमारी के दौरान इन सभी दुकानों में किसी भी रूप में पटाखा या कोई अन्य विस्फोटक नहीं मिला। इन दुकानदारों ने बताया कि होली के आस पास की गई एसडीएम की छापेमारी के बाद उन्होंने इस व्यवसाय को छोड़ दिया था। एसडीएम ने उन सबको कहा कि बिना लाइसेंस पटाखा की बिक्री नहीं होने चाहिए। अगर चोरी छिपे बेचते हुए बाद में कभी पकड़े गए तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हाल में कुछ दिनों से देखने को मिल रहा है कि बारात आदि में रात 12 बजे तक या कई बार तो इससे भी देर रात तक पटाखे फोड़ने की सूचनाएं मिल रहीं हैं। आधी रात के बाद भी कुछ लोगों के इस कृत्य से न केवल हजारों लोगों की नींद खराब होती है, बल्कि कई बार विधि व्यवस्था की असहज स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि रात्रि 10 बजे के बाद पटाखा, आतिशबाजी का मामला संज्ञान में आता है तो ऐसे लोगों पर संबंधित थाना प्रभारी वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि एक असामाजिक परंपरा चली आ रही है कि शादी विवाह या अन्य आयोजनों के अवसर पर लोग हर्ष फायरिंग करते हैं। इस कृत्य से कई बार आगजनी, घायल होने की घटनाएं तथा कई बार तो गोली लगने से मौके पर हताहत होने जैसी घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपील की कि अभी लगातार शादी विवाह आदि का समय चल रहा है। इन आयोजनों में हर्ष फायरिंग न करें, क्योंकि ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी के साथ हथियार जब्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## साईं टेस्ट टीबी उन्मूलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा: सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में सोमवार को साईं टेस्ट का प्रशिक्षण सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम, सीएचओ, एसटीएस, एसटीएलएस, एलटी और जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मियों को दिया गया। प्रशिक्षण जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर रामसुंदर सिंह और सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने दिया। प्रशिक्षण में सहयोग एसडीपीएस जितेंद्र कुमार, एसटीएस कन्हैया कुमार, लेबोरेटरी सुपरवाइजर अरविंद कुमार अग्रवाल ने किया । मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि यह प्रशिक्षण टीबी उन्मूलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पल्मोनरी टीबी के धनात्मक के संपर्क में आने वाले लोगों का यह जांच किया जाता है। जांच में धनात्मक पाए जाने पर तब प्रीवेंटिव थेरेपी दिया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि टीबी के संक्रमण को कम करते हुए यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। सिविल सर्जन ने बताया कि यक्ष्मा उन्मूलन के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह आवश्यक है कि इसका सही तरीके से क्रियान्वयन पूरे जिले स्तर पर हो। प्रशिक्षण में आए सभी कर्मी इसका मनोयोग से अनुपालन करें। उन्होंने बताया कि समय और परिस्थिति के हिसाब से किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम में समय-समय पर बदलाव होता है। उसमें नए-नए तरीके जोड़े जाते हैं। आज के दिनों में टीबी कोई लाईलाज बीमारी नहीं है। बस यह जरूरी है कि सही समय पर उसकी जांच हो। साथ ही दवा नियमित तरीके से लिया जाए। उसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है लोगों को उसे लेकर जागरूक किया जाए। मौके पर डीपीसी यक्ष्मा डॉ. पुरूषेश्वर मिश्र, पीपीएम समन्वयक मो नुरुल्लाह अंसारी, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, एलटी विश्वास कुमार शर्मा सहित यक्ष्माकर्मी उपस्थित थे।

### टीबी संक्रमित लोगों का इलाज कराएं

सिविल सर्जन ने कहा कि टीबी के कोई एक भी लक्षण पाए जाने पर संबंधित संक्रमित लोगों का इलाज अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कराएं। इतना जरूरी है कि सभी लोग टीबी के सामान्य लक्षणों से अवगत हों। जांच केंद्र के बारे में पूरी जानकारी हो। आम लोगों का भी दायित्व बनता है की बीमारी को छुपाएं नहीं। लक्षण देखने के तुरंत ही बात नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर संबंधित कर्मी और चिकित्सा पदाधिकारी से मिलकर अपनी बात बताएं।

### सांप काटने से घायल

**रंका।** प्रखंड के तमगे पंचायत केदाल गांव में सोमवार को ग्रामीण शत्रुघ्न सिंह सांप ने काट लिया। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में ईलाज के लिए तत्काल भर्ती कराया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद पूर्व प्रमुख लीलावती देवी ने शत्रुघ्न सिंह को अपने वाहन से नवजीवन अस्पताल ले गई। वहां पर चिकित्सा के बाद ग्रामीण की स्थिति बेहतर है। बताया जाता है शत्रुघ्न सिंह खेत के मेढ़ से होकर घर आ रहे थे। इस दौरान मेढ़ पर सांप ने उन्हें काट लिया।

### आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश

**मेराल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक की। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर निर्देश दिया गया। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जिला मुख्यालय में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। सभी लोगों को निर्देश दिया गया था कि अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके। इसके लाभ से कोई व्यक्ति वंचित न रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार दो दिनों से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सहिया व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर अभियान को तेज करने के लिए निर्देश दिया गया। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, जिसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया की कि जो भी लोग अभी तक आयुष्मान कार्ड से वंचित हैं। वह शीघ्र आयुष्मान कार्ड बनाकर इस योजना का लाभ ले। बैठक में डॉ. दीपक सिन्हा, दीपेश तिवारी, गोवर्धन कुमार, मंटू कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य सहिया बैठक में शामिल थे।

### कुआं में गिरने से नाबालिग की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उत्तरी के खडार टोला में रविवार की रात सात बजे कुआं में डूबने से एक नाबालिग बच्चे की मौत हो गई है। मृतक की पहचान जुबेर अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र एहसान अली के रूप में हुई है। उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने एहसान को कुआं में डूबने की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद उसे कुआं से बाहर निकाल कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार एहसान अली अन्य बच्चों के साथ खडार टोला में खेल रहा था। खेलने के दौरान अंधेरा होने के कारण वह नंदू राम के घर के बगल में स्थित कुआं में गिरने से उसकी मौत हो गई।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।**

**—: आम सूचना :—**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून, 2025 के पहले जमा करने पर नगर पंचायत, लातेहार द्वारा करदाताओं को कर (वर्त्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार हैं :–

➢ सभी करदाताओं को 05% की छूट।

**इसके अतिरिक्त :–**

➢ होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
➢ वरिष्ठ नागरिक होने से 05% की छूट।
➢ स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
➢ भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट।
➢ ट्रांसजेडर होने पर 05% की छूट।
➢ दिव्यांग होने पर 05% की छूट।
➢ यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

Online (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट।

साथ ही वैसे लोग नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नहीं किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यवसायीक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षों से Holding Tax की बकाया राशि अबतक जमा नहीं किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता हैं कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनो के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessment करा लें एवं Trade Licence/Holding Tax का बकाया नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जॉचोपरांत दोषी पाये जाने पर होल्डिंग धारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखण्ड म्युनिसिपल एक्ट, 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर पंचायत, लातेहार द्वारा कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वंय जिम्मेवार या दोषी माने जायेगे।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 350708 (Urban Development) 25-26 (D)



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 घटक–4 (BLC) आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत नये आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। वैसे लाभुक जो पात्रता रखते है, आवेदन पत्र, वांछित दस्तावेज के साथ प्रज्ञा केन्द्र या अपने से ऑनलाईन QR Code/ Link के माध्यम से आवेदन कर सकते है, पूर्व में नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय में जमा किये गये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवेदन मान्य नहीं है। चुकि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का शुभारंम हो चुका है, जिसमें आवेदन सिर्फ ऑनलाईन ही लिये जा रहे है। अतः पुनः स्वयं अथवा प्रज्ञा केन्द्र में आवेदन आवश्यक रूप से कर लें, जिससे ससमय आप सभी योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ मिल सकें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्रता एवं शर्ते :–**

- योजना के अंतर्गत आवेदक के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होगे।
- आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भी हिस्से में कोई पक्का आवास नहीं हो।
- पूर्व से संचालित केन्द्र/राज्य प्रायोजित आवासीय योजनाओं का लाभ लिए हुए लाभुक इस योजना के पात्र नहीं होगें।
- आवेदक आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख रूपये से कम हो।
- आवेदक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :–**

- आवेदक/आवेदिका के आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
- भू–स्वामित्व पत्र की छाया प्रति
- आवेदन हेतु आवेदक/आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक हो
- आवेदक/आवेदिका का दो पासपोर्ट आकार का फोटो एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ संयुक्त फोटोग्राफ (मकान सहित)

Link to apply/QR code
https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

**नोटः– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार के प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग (PMAY cell) में सम्पर्क कर सकते है एवं कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार अन्य कागजात की मांग की जा सकती है।**

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 350707 (Urban Development)25-26*D


## सराहनीय पहल

### उपहार के साथ दी गई विदाई

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 51 जोड़े



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट फरठिया अंतर्गत संचालित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में 51 जोड़े एक दूजे के हुए। विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ अवधूत प्रियदर्शी राम जी बाबा की ओर से परम पूज्य कीना राम जी और अवधूत भगवान राम जी का पूजन और माल्यार्पण के साथ किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार, एसडीओ संजय कुमार, सामूहिक विवाह के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वैवाहिक कार्यक्रम की शुरूआत सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। बाहर से आए विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह का रस्म पूरे रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। दोपहर दो बजे सभी नव विवाहित जोड़ों को परमपूज्य अवधूत प्रियदर्शी राम जी बाबा और ट्रस्ट के ट्रस्टी पवन कुमार, प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज व रेहला से आए परमार्थियों द्वारा आशीर्वाद के बाद उपहार प्रदान कर वर वधु को विदाई दी गई। उपहार के तौर पर वर पक्ष को जीवन यापन के लिए घरेलु उपयोग का सभी सामान भेंट किया गया। विवाह समारोह में सभी वर-वधु पक्ष से 25-25 लोगों को आमंत्रित किया गया था। उनके लिए खाने पीने की व्यवस्था भी परिसर में की गई थी। मौके पर मौजूद अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में दहेज प्रथा समाप्त होगी। एसडीओ ने भी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक कार्यों के अलावा ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय काम कर रहा है। सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सह बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी सामाजिक कार्यक्रम प्रात स्मरणीय महान कर्म योगी औघड़ सुधीर भैया जी के देखरेख में आयोजित किया जाता रहा। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी यह कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया है। उसी के तहत 51 जोड़े की शादी सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। समिति के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम कृष्णा सिन्हा, प्रमोद सोनी, रजिस्ट्रार महेंद्र पंडित सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## भारत पशुधन एप्प व सुरभि चयन श्रृंखला पर प्रशिक्षण आयोजित

**लातेहार।** राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन के तहत सोमवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशक्षिण में भारत पशुधन एप्प, सुरभि चयन श्रृंखला पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को डिजिटल माध्यमों से पशुधन प्रबंधन, नस्ल सुधार तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने भारत पशुधन एप्प के उपयोग, उसके लाभ और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। यह एप्प पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, नस्ल सुधार और बाजार से जुड़ी सूचनाएं प्रदान करता है, जबकि सुरभि चयन श्रृंखला के माध्यम से पशुओं की बेहतर नस्ल चयन करने की वैज्ञानिक विधियों को बताया गया, ताकि दुग्ध उत्पादन और पशुधन की गुणवत्ता में वृद्धि की जा सके। कार्यक्रम में स्थानीय किसान, महिला समूह और पशुपालन विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पशुपालन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय ने चलाया उन्नत भारत अभियान

# ग्रामीणों के बीच दैनिक जरूरतों के सामानों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** गांवों के समग्र विकास के संकल्प के साथ संत जेवियर्स महाविद्यालय के विभिन्न विभागों ने टीम वर्क,आपसी सहयोग व समन्वय से उन्नत भारत अभियान चलाया। अभियान के तहत भूगोल विभाग ने महुआडांड़ के अहिरपुरवा गांव में ग्रामीणों के बीच चटाई, दरी, झाड़ू, हैंड वॉश, बोतल वितरित किया। साथ ही प्रोफेसर्स शेफाली प्रकाश, डॉ. अरिफुल हक, रोजी सुष्मिता तिर्की, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, अहिरपुरा में विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए स्वच्छता सहित प्रत्येक प्रकार की गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। हिन्दी व गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा चैनपुर पंचायत स्थित ऑवरा टोली गांव में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत एक सामाजिक सेवा व जनजागरूकता



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व सामूहिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करना था। कॉलेज की ओर से गांव के सामुदायिक हित को ध्यान में रखते हुए पानी रखने का ड्रम, दरी, तिरपाल, पौधरोपण के लिए पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इन संसाधनों को गांव के सामूहिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया, जिससे सभी ग्रामीण लाभान्वित हो सकें। विभाग के प्रोफेसर रोस एलिस बारला, अमृत मिंज, सुरभि सिन्हा, जफर इकबाल, अजय साव, स्नेहल सोहेल व अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षित करने के लिए जागरूक किया। अभियान के तहत बॉटनी और इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चैनपुर, महुआडांड़ गांव में राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर में, महाविद्यालय के छात्रों ने बच्चों के साथ शैक्षणिक गतिविधियां और खेल आयोजित किए। इसके बाद सभी छात्रों को चॉकलेट और पानी की बोतलें वितरित की गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में टीम ने ग्रामीणों से संवाद किया। उन्हें जैविक खाद के उपयोग के लाभों के बारे में जागरूक किया।

## सीआइएसएफ का जागरूकता सप्ताह संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के सुरक्षा में प्रतिनियुक्त सीआइएसएफ के अग्निशमन दस्ता का जागरूकता अभियान का समापन सोमवार को हो गया। इस दौरान यूनिट के विशेषज्ञों ने आम लोगों को आग से बचाव के लिए विभिन्न जगहों में जागरूक करते नजर आये। संजीवनी अस्पताल के कर्मियों, परियोजना के कामगारों, डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों, गांव हो बाजार हो या फिर चौक-चौराहा प्रशिक्षक दस्ता ने आम लोगों के बीच प्रदर्शन, प्रतियोगिता और प्रशिक्षण से जागरूक करते रहे। आग से बचाव के लिये विभिन्न प्रतिष्ठानों में आवश्यक तौर पर रखे जाने वाले (फायर एक्टिंग्यूसर) अग्निशामक यंत्र का कुशल उपयोग और बरती जाने वाली सावधानियों को बताया गया। कार्बन डाइऑक्साइड गैस से भरे सिलेंडर का पिन खोलने के बाद महज 45 सेकेंड के अंदर ही उसका समुचित उपयोग करने के लिए प्रैक्टिकली दिखाया गया। लोगों को बताया कि आग को सुलगने के लिए आक्सीजन की जरूरत होती है, जिसे रोक कर काबू पाया जा सकता है। बताया गया कि 14 से 21 अप्रैल तक चले जागरूकता सप्ताह को सफल बनाने में कमांडेंट अमनदीप सिंह, वसुंधरा क्लब के सदस्यों समेत निरीक्षक राजेश दुबे, उज्जवल रंजन, प्रधान आरक्षक संजीव सुमन व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया : बालमुकुंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन सोमवार भारतीय जनता पार्टी (अनुसूचित जाति मोर्चा) के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार रजक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के समय विभाजन के बाद दलित शरणार्थियों का अनदेखी किया गया। कांग्रेस ने ही बाबा साहब के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली में दो गज जमीन तक नहीं दी थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहब के सम्मान में बाबा साहब के दूरदर्शी सोच को भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुंचाई। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास, गुड्डू सिंह किसान मोर्चा पलामू प्रमंडल प्रभारी, राजधानी यादव प्रदेश कार्य समिति, राजीव रंजन पांडेय (अधिवक्ता) बृजमोहन राम जिला उपाध्यक्ष, शिला देवी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, गोविंद प्रसाद व्ठब मोर्चा जिला अध्यक्ष, छोटू राजा जीयुवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, परशु राम लोहारा प्रखंड प्रमुख, रमेश राम जिला परिषद सदस्य, राजकुमार प्रसाद उप प्रमुख, प्रमोद कुमार मंडल अध्यक्ष, राजबली भुईयां ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष,विवेक चंद्रवंशी नगर अध्यक्ष, अनिल सिंह, आनंद कुमार सिंह, उत्तम प्रसाद, गौरव दास, सोनू सिंह, अश्विनी सिंह, संजय सिंह, माया सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल थे। मंच संचालन मुकेश कुमार पांडेय ने किया।


## शपथ पत्र



मैं, आलोक भाष्कर, पिता- सुखदेव प्रसाद सिंह ग्राम+पो.- सांगबार, थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम अक्षिता सिंह उर्फ राखी रानी है। मेरी लड़की का बचत खाता पोस्ट ऑफिस में राखी रानी नाम से खाता नं.- 5802202843 है। जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड तथा स्कूल रजिस्टर में इसका नाम अक्षिता सिंह है जो सत्य एवं सही है। अक्षिता सिंह एवं राखी रानी दोनों एक ही लड़की का नाम है जो मेरी बेटी है।

**शपथ पत्र संख्या : 67/2270 दिनांक : 02/04/2025**


## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर नगर गांव के समीप रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। दोनों की पहचान नगर के ही प्रतीक उरांव व रवि उरांव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद दोनों को बेहतर इलाज लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर नगर के मईयाबागी स्थित अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और दुर्घटना के शिकार हो गये।

### सड़क दुर्घटना में एकलव्य विद्यालय के दो शिक्षक घायल, रेफर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह के पास सोमवार को ट्रक की चपेट में आने दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से लातेहार सदर अस्पताल भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज कर रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों लोग सोमवार को रांची से आई टीम को गारू एकलव्य विद्यालय का विजिट कर कर लातेहार वापस लौट रहे थे। इस दौरान तरवाडीह के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपने चपेट में लिया। घयालों में अनिकेत सौरव गारू एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य है। सुभाष राणा दुमका के रहने वाले हैं, और एकलव्य विद्यालय गारू में शिक्षक है। घटना की सूचना मिलते ही आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई सदर अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना और अपनी निगरानी में दोनों की प्राथमिकी उपचार कराया। बदा में दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मलेरिया, फाईलेरिया,बुखार,सुगर,दंत रोग, बीपी,यक्ष्मा,कुपोषित बच्चों व महिला से संबंधित बीमारियों की जांच कर जरूरतमंदों के बीच दवा का वितरण किया गया। शिविर में 5 बच्चों समेत कुल 97 लोगों की स्वास्थ्य जांच हुई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक माह 21 तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया जाता है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग नियमित अपने स्वास्थ्य की जांच करा सके। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सलाह,दवा व सरकारी स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी भी दी गई। शिविर में आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ की भी जानकारी लोगों को दी गयी। इस अवसर पर डा. मनोज कुमार,डॉ. तरुण जोश लकड़ा,बीपीएम अमित कुमार सिंह,अस्पताल कर्मी रमेश कुमार राम,प्रवीण कुमार भोला,सीताराम कुमार,देवाशीष पांडा समेत कई लोग मौजूद थे।

### नॉकआउट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट 27 से, 16 टीमें लेगी भाग

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में राज क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आगामी 27 अप्रैल से अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। यह जानकारी एकेडमी के राजा तिवारी ने दी। बताया कि नॉक आउट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद, ट्राफी, उप विजेता टीम को 15 हजार व ट्राफी प्रदान की जाएगी। बाहर से आने वाली टीमों के रुकने व भोजन की व्यवस्था कमेटी की ओर से की जायेगी। बताया कि अब छोटे शहरों के बच्चे व युवा प्रोफेशनल क्रिकेट की ओर कैरियर बनाना चाहते हैं। इसलिए क्षेत्र युवाओं के बीच छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने को लेकर लातेहार जिले में पहली बार इस प्रकार की टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। इन्होंने अधिक जानकारी के लिए 9155677030 पर संपर्क करने की बात कही है।

### रेडक्रॉस डे पर निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिवर का होगा आयोजन

**लातेहार।** रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस ऑफिस में 6 से 8 मई के बीच तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रेड क्रॉस के पदाधिकारियों ने रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर उक्त शिवर के आयोजन को ले कर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने हर संभव मदद करने की बात कही। उपायुक्त से मुलाकात करने वालों में रेडक्रॉस के सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता, स्टेट मेंबर सुशील कुमार अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू , सचिव जावेद अख्तर ,सदस्य पवन कुमार, विष्णु गुप्ता, मिनी गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

### मरीजों के बीच मच्छरदानी वितरित

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल द्वारा संचालित आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना प्रबंधन द्वारा सोमवार को सीएसआर मद से जिले के 750 एचआइवी मरीजों को बांटने के लिये हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट नेटवर्क फॉर पीपल लिविंग विद एचआइवी नामक ट्रस्ट को मच्छरदानी सौंपी। यह जानकारी सीएसआरअधिकारी मोहसिन रजा ने दी। उन्होंने बताया कि आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने ट्रस्ट के सचिव बहादुर उरांव व उनके सहयोगियों को सौंपा है। उन्होंने कहा कि एड्स संक्रमित मरीजों का प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर होने की स्थिति में मच्छरों के काटने से मलेरिया और डेंगू होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, बल्कि वह जानलेवा भी साबित हो सकता है। सीसीएल आम लोगों में मानवीय संवेदना और सहयोग की भावना को विकसित करने व पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमेशा प्रयासरत है। मौके पर संतोष कुमार सिंह,रंजन प्रधान समेत अन्य मौजूद थे।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 15वीं संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

# खिलाड़ी पूरे देश की मान बढ़ाएंगे : प्रवीण गागराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजकूम स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा सोमवार से झारखंड, बिहार, बंगाल के 11 स्कूलों से आए 67 प्रतिभागियों के बीच तीन दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का पारंपरिक नागपुरी नृत्य और गीत के साथ स्वागत किया गया। बालिकाओं द्वारा आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। स्वागत वक्तव्य प्राचार्य प्रदीप कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रवीण कुमार गगराई ने कहा कि खेल से ना केवल शारीरीक बल्कि मानसिक मजबूती मिलती है। आज हमारे देश के खिलाड़ी पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहे है। यहां आज खेलने वाले खिलाड़ी भविष्य में देश का मान



बढ़ाएंगे साथ ही इस स्कूल का भी मान बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें, क्योंकि खेल में किसी की जीत तो किसी हार तय है। हारने पर निराश ना हों, बल्कि और कड़ी मेहतन करें ताकि भविष्य में आप भी जीत सकें। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला के योग संरक्षक बलराम सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में प्रफुल्ल कुमार मौजूद थे। मौके पर गढ़वा से आए आफिसीयल चंद्र बहादुर सिंह,नीलेश ठाकुर, कार्तिक कुमार और दीपक कुमार निर्णायक मंडल के रूप में एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत, शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र,धीरेंद्र कुमार, प्रकाश मंडल, राकेश कुमार सक्सेना, मीनाक्षी कुमारी, उपेंद्र सिंह, संदीप ओझा अन्य सभी शिक्षक एवं स्कॉट शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की रूपरेखा जवाहर नवोदय विद्यालय कैमूर के खेल शिक्षक एसएन यादव, करण कुमार ने बनाई। सुमंत कुमार साव के निर्देशन में विकास कुमार, दीपांजलि ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल लातेहार के डॉक्टर और कर्मचारियों द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया है।

# एक्शन प्लान से बिरहोर परिवार की बदलेगी जीवन : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के करमा में 43 बिरहोर परिवार निवास करते हैं। उन परिवार की 177 आबादी है। यह आदिम जनजाति (बिरहोर) परिवार सिर छुपाने से लेकर अन्य बुनियादी सुविधाओं से अभिवंचित हैं। उपयुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जनवरी में बीडीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में बिरहोर परिवारो को उत्थान के लिए ऐक्शन प्लान के तहत सर्वे कार्य प्रारम्भ किया गया था। कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित कर हर बुनियादी सुविधाए उपलब्ध कराने को लेकर सर्वे कर मास्टर प्लान तैयार किया गया था। बीडीओ मनीष कुमार के प्रयास से बिरहोर परिवार को सिर छुपाने से लेकर अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। तीन माह के अंदर बिरहोर परिवारो को 107 जाती प्रमाण पत्र,112 आवासीय प्रमाण पत्र,05 आय प्रमाण पत्र,77 आधार कार्ड निर्गत किया गया। 43 परिवार में 30 को आवास मुहैया कराने के साथ ढलाई तक कार्य प्रगति पर है। न्यू 8 परिवार को आवास की प्रथम किश्त की राशि भेजी गई और कार्य प्रगति पर है। शेष 5 परिवार को आवास उपलब्ध कराने को लेकर जरूरत अनुरूप कागजात लेकर निर्गत किया जा रहा है।

39 परिवार को बैंक खाता खुलवा कर शत प्रतिशत परिवार को पेंशन योजना के साथ राशन कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। 77 परिवार को जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। रोजगार से जोड़ने को लेकर 43 जॉब कार्ड निर्गत कर मनरेगा योजना के तहत 12 योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें ईसीबी, दीदी बाड़ी योजना शामिल है। स्वालंबी बनाने को लेकर शत प्रतिशत परिवार को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। शिक्षा के क्षेत्र में 32 बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में, 4 बच्चों को आठवीं कक्षा में नामांकन कराई गई है। बीडीओ ने बताया कि 43 बिरहोर परिवार को 21 एकड़ भूमि सेटलमेंट पट्टा निर्गत किया गया है।

## राशन कार्डधारी 30 अप्रैल तक ई केवाईसी कराएं : एमओ

**चंदवा।** राशन कार्डधारी ई-केवाईसी 30 अप्रैल तक हर हाल में करा लें। जो लाग ई-केवाईसी नहीं करायें उनका राशन कार्ड स्वतः निरस्त हो जायेगा। यह जानकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड अंतर्गत अब तक वैसे लाभुक जिनका इ-केवाईसी (वृद्ध,दिव्यांग एवं बच्चे) ई-पॉश मशीन से सत्यापन नही हो पाया है। उन्हें ई-केवाईसी करने के लिए स्मार्ट फोन से प्ले स्टोर में मेरा ई केवाईसी एप से छूटे हुए लाभुकों को ई-केवाईसी एप के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मेरा ई-केवाईसी एप से अब तक छूटे हुए कार्डधारी, सदस्यों का ई-केवाईसी करने के लिए विभागीय निर्देश पर प्रखंड में दो चिन्हित जन वितरण प्रणाली विक्रेता महेंद्र प्रसाद अलौदिया व बालदेव गंझू मालहन को सभी सुयोग्य कार्डधारियो, सदस्यों का ई-केवाईसी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को विधायक प्रकाश राम ने जनता दरबार का आयोजन किया। वहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण कर दिया। विधायक ने कहा कि जनता दरबार आयोजित करने का उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जानकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। उनमें आवास, जमीन विवाद, सड़क, पानी, बिजली, राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन और मनरेगा से संबंधित मुद्दे शामिल थे। विधायक ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों



को समस्याओं के प्रति गंभीर हो कर समय पर इनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आए कई समस्याओं का समाधान कर दिया गया है, जो मामला का हल नहीं हुआ उनका अधिकारियों को समय पर समाधान करने का निर्देश दिया। ।मौके पर प्रखंड प्रमुख ममता देवी, बीडीओ सोमा उरांव, सीओ विजय कुमार, बीपीओ मुजफ्फर कमाल, मनरेगा एई दिनेश सिंह, अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, बालूमाथ हल्का कर्मचारी वीरेंद्र टोप्पो, प्रधान सहायक राजीव रंजन, भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंहा, सुनील कुमार पांडेय काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी गयी TVS अपाची RTR 180C मोटरसाईकिल )**

गढ़वा थाना कांड सं0–101/25 दिनांक–25.02.25 धारा–303 (2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी TVS अपाची RTR 180C मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0–JH14E0357 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है, जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 350674 (Police)25-26*D



## झारखण्ड सरकार
## जिला खनन कार्यालय, चतरा।

**चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित लघु खनिज बालू/पत्थर का आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 06.05.2025 को अपराह्न समय 3.00 PM बजे में अपर समाहर्त्ता, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | अवैध भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित खनिज की मात्रा | न्यूनतम डाक राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हंटरगंज | मौजा– भोंदल एवं देवनबार, हंटरगंज | Sand - 29700 Cft | 222750.00 | 22275.00 |
| | | | Stone -700 Cft | 8687.00 | 869.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा ऑन–लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चत्तम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चत्तम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चतम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चत्तम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चत्तम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा यथासंभव चतरा जिलान्तर्गत ही उक्त खनिज का बिक्री करना होगा।
9. नीलामी के पश्चात् खनिज का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहूँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश निलामीधारी निलामी किये गये खनिज स्थल से प्रेषण नहीं कर पाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान निलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
11. निलामी में उच्चत्तम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है, तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
12. अन्य शर्त्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
13. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान/फर्म/संस्था/संवेदक अथवा एजेन्सी दिनांक 03.05.2025 को अपराह्न 05.00 PM बजे तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
    - (क) न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रकम के रूप में।
    - (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    - (ग) आधार कार्ड, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    - (घ) आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    - (च) पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
    - (छ) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टाधारक हैं अथवा नहीं, यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।
    - (ज) पुलिस विभाग से प्राप्त "आचरण प्रमाण–पत्र" की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (सत्यापन प्रतिवेदन एवं अन्य प्रमाण–पत्र मान्य नही होगा)।

**नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।**

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा।

PR 350701 (Mines and Geology) 25-26 (D)

### इंटक के महाअधिवेशन को लेकर ट्रक आंनर एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू की

## धीरज साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी बंद करे अखबारी नेता : कवलजीत सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन होगा। इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित है। इसको लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन,झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला एवं झारखंड पठारी चंदवा ट्रक आँनर एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में कल चंदवा के पदाधिकारियों से मुलाकात की गई। इसको लेकर लोहरदगा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं आने वाले दो दिनों के बाद ट्रक मालिकों की एक आम बैठक करके भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी। आदर ,बिशनपुर ,बनारी घाघरा ,गमहरिया, सेन्हा, अमतीपानी ,कुजाम ,चिरोड़ीह, विमरला, गुरूदरी, सेरेगदाग सहित सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने बताया की सभी ट्रक आँनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू हैं और शुरू से सभी ट्रक आँनर एसोसिएशन इंटक के नेतृत्व में काम करते आ रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू ट्रक मालिको, श्रमिकों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं और सभी ट्रक मालिक भी इंटक के हर आंदोलन, हर कार्यक्रम में शुरू से साथ रहते आए हैं।

किंतु पिछले दिनों एक अखबारी नेता जो कि अभी नए-नए मजदूर नेता बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन राजनीतिक करती है तो उस अखबारी नेता को हम लोग यह बताना चाहते हैं यह एक व्यापारिक संगठन है। यहां कोई राजनीतिक नहीं होती है। ट्रक मालिक राजनीतिक से दूर रहते हैं, लेकिन इंटक का हम लोग अभिन्न अँग है। दूसरी ओर वह अखबारी नेता जो हम लोगों के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के बारे अनर्गल बयान दे रहे हैं। वह खुद श्री साहू से उपकृत है। साहू परिवार ने लोहरदगा के लिए बहुत काम किया है। चाहे वह स्कूल हो, कॉलेज हो, स्टेडियम हो, धर्मशाला हो ,शूटिंग रेंज हो या खेल के विकास के लिए भी बहुत कार्य किए हैं। इस तरह से दर्जनों ऐसे काम है जो उन्होंने समाज हित के लिए दान देते हुए किए हैं। कम से कम ऐसे छूट भैया नेता को पूर्व राज्यसभा सांसद को सीख देने से पहले खुद पर अवलोकन करना चाहिए।

## महज कागजी नेता हैं आलोक साहू : अशोक उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हेसल पंचायत के उप मुखिया अशोक उरांव ने कहा है कि मजदूरों का हितैषी बनने के नाम पर हिंडाल्को से लाभ लेने के चक्कर में पड़े हुए नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव को हराने के लिए क्या कुछ नहीं किया था। इन लोगों का चरित्र पीठ के पीछे छुरा घोपनें वाली रही है। आलोक साहू इतने बड़े नेता नहीं हैं, जिन्हें इतनी तरजीह दी जा रही है। आलोक साहू महरज कागजी नेता हैं, जो सिर्फ मीडिया में बयान देकर अपने आप को जिंदा रखे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन मजदूरों के अधिकार को लेकर



धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पिछले कई सालों से लड़ती रही है। इस संगठन का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मजदूरों के अधिकारों को लेकर संघर्ष करना और मजदूरों को अधिकार दिलाना है। कुछ लोग विवादित संगठन का अध्यक्ष बनकर मजदूरों को मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मीडिया में बयान देखकर अपने आप को मजदूर का हितैषी बताने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट है कि उनकी सोच क्या है। ऐसे लोग किसी का भला करने वाले नहीं हैं। ऐसे लोग अक्सर अवसर की तलाश में रहते हैं। जिससे उन्हें लाभ मिल सके। यदि इन लोगों ने मजदूरों को बरगलाने का प्रयास किया, तो मजदूर इन्हें जवाब देंगे। राजनीतिक और व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसे लोग संगठन का नाम लेने की कोशिश कर रहे हैं। इनकी सच्चाई मजदूर जानते हैं और वह इन्हें कभी भी अपना नेता नहीं मानते हैं।

## अजय उद्यान पार्क की देखरेख में ध्यान दें नगर परिषद : सामाजिक विचार मंच

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने नगर परिषद से मांग की है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र में मात्र एक ही पार्क है जिसमें लोग बाहर से आए हुए अतिथियों या बच्चों को लेकर जाते हैं ,किन्तु पिछले कई महीनो से देखा जा रहा है कि वहां की ट्राय ट्रेन खराब पड़ी हुई है। दो-तीन झूले टूटे हुए हैं ,लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। नगर परिषद ने जिनको पार्क मेंटेनेंस की जिम्मेवारी दी है, नगर परिषद को पूछना चाहिए कि शहरी क्षेत्र में एकमात्र पार्क होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही क्यों बरती जा रही है। सामाजिक विचार मंच नगर परिषद से यह मांग करती है की सुव्यवस्थित ढंग से पार्क की देखरेख की जाए एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए पार्क को शाम में 5:00 बजे की जगह 6:00 बजे बंद किया जाए।

# भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं मनरेगा मजदूर

### मनरेगा मजदूरों को 3 माह से नहीं हो रही भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत संचालित मनरेगा योजना अब पूरी तरह से विफल हो रही है साबित। मनरेगा योजना भारत में सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम माना जाता है। मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करती है। जिससे वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन भारत सरकार के द्वारा मनरेगा योजना में लगभग 3 महीनों से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं की गई है। साथ ही मनरेगा के कई ऐसी योजनाएं हैं जो पूर्ण हो गई है लेकिन अब तक मैटेरियल की भी राशि भुगतान नहीं की गई है। मनरेगा लाभुकों के पास इतनी पर्याप्त राशि नहीं है कि वे मजदूरी भुगतान कर सके। कुछ ऐसे भी लाभुक है जो योजना को पूर्ण करने के लिए कर्ज लिए है लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबता जा रहे हैं। जिससे मनरेगा योजना अब आधी-अधूरी होते दिख रही है। जिससे मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं। जिसके कारण व्यापक रूप से लोहरदगा जिला क्षेत्र से कई मनरेगा मजदूरों पलायन करने पर मजबूर हो गए है। अगर इस माह भी मनरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होती है तो जिला क्षेत्र से हजारों -हजार की संख्या में मनरेगा मजदूरों पलायन करेंगे। जबकि सरकार के द्वारा यह भी कहा जाता है कि मनरेगा में इतना पैसा है कि लोग खर्च नहीं कर पाते हैं जब मनरेगा एक कानून है और इसमें 100 दिन की मजदूर को काम मिलता है इस पर भी मजदूर संकट झेल कर के भी काम कर रहे हैं लेकिन यह कानून के आधार पर भी मजदूर को पैसा नहीं मिल पा रहा है। जबकि सरकार के पास पैसा अवेलेबल है तो फिर मजदूर को पेमेंट क्यों नहीं किया जा रहा है। मजदूर प्रत्येक दिन काम करता है तो शाम में चावल रहकर अपना बाल बच्चा को किसी तरह से भरण पोषण करता है और 3 माह से मजदूरों को पेमेंट नहीं किया गया है तो सोच कर देखा जाए कि मजदूर किस हालत में आकर मनरेगा में काम कर रही है। ऐसा स्थिति अगर और कुछ दिन रहा तो मनरेगा असफल होने में देर नहीं लगेगी।





## सांसद सुखदेव भगत जेपीसी की बैठक में भाग लेने के लिए हुए दिल्ली रवाना



**लोहरदगा।** 22 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक (वन नेशन वन इलेक्शन )पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) बैठक में भाग लेने लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय ऑब्जर्वर सुखदेव भगत लोहरदगा से रवाना हुए।

**कार्यालय:-जिला अभियंता, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 ग्रुपसंख्या– 01(2nd Call) **प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दरहाबांध नाला में पुलिया निर्माण** कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No-342944 Rural Development 24_25 D है। जिसे अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 350746 Rural Development(25-26).D

### खनन विभाग का बालू माफियाओं के खिलाफ छापेमारी

## अवैध बालू लोडेड दो ट्रैक्टर जब्त, सदर थाना में मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** बालू के अवैध खनन, परिवहन और व्यापार के विरुद्ध डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया । सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा बगड़ू सड़क पर दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टरों को अलग-अलग जप्त किया गया। खनन विभाग की फौरी कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। अवैध बालू लोडेड जप्त ट्रैक्टरों के मालिक और चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि डीएमओ राजाराम प्रसाद ने इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सदर थाना में जरूरी दस्तावेज दे दिया है। खनन विभाग की ओर से



प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश संबंधित थाने की पुलिस को दिया गया है। बावजूद बालू माफिया द्वारा मामले को रफा दफा करने के लिए राजनीतिक पैरवी और दवाव बनाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद को बालू के अवैध खनन परिवहन और दोहन करने की लगातार सूचना मिल रही थी। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान सुनियोजित ढंग से गत मध्य रात्रि चलाया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,
डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-350074 (Building)25-26*D, Tender Reference No.-.-02/E.E.BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 09.04.2025 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.04.2025 | 22.04.2025 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.04.2025 03:00 PM | 29.04.2025 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 30.04.2025 3:00 PM | 30.04.2025 3:00 PM |

Nodal Officer e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 350740 (Building)25-26*D

## पत्नी को नही दिया भरण-पोषण की राशि, पति गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से भरण पोषण नही देने के मामला में दो लोगों को सेन्हा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सोमवार को भेजा जेल गया। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी बरतु उरांव का पुत्र मनोज उरांव की पत्नी सुषमा उराइन ने न्यायालय में भरण पोषण का अर्जी लगते हुए न्याय का गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा द्वारा केस नम्बर 3/11 को संज्ञान में लेते हुए मनोज उराँव के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था.




जबकि दूसरा मामला सेन्हा गांव का है। जो 17/24 के तहत सेन्हा निवासी जफरुद्दीन अंसारी का पुत्र एजाज अंसारी के विरुद्ध भरण पोषण की राशि पत्नी को नही देने के आरोप में न्यायालय के आदेशनुसार गिरफ्तार किया गया। वही एजाज अंसारी की पत्नी परिना उर्फ जरेना खातून ने भी भरण पोषण की राशि नही मिलने पर न्यायालय में अर्जी लगाई थी. न्यायालय से न्याय का अनुरोध की थी। गौरतलब हो कि दोनो मामला में प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा ने संज्ञान लेते हुए दोनो मामला में आरोपी पतियों का गिरफ्तारी का वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस ने दोनो आरोपी पतियों को निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में एस आई मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कोर्ट ने दोनो आरोपी पतियों के खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसपर सेन्हा पुलिस आदेश का पालन करते हुए सोमवार को मनोज उराँव और एजाज अंसारी को अलग अलग केस संख्या में गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

## सूरत से आये ट्रस्ट के लोगों ने गुरुकुल शांति आश्रम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट, सूरत गुजरात के ट्रस्टी धनंजी भाई और उनके साथ में आये अतिथि ललित कुमार एवं राकेश कुमार झा का स्वागत किया गया। आश्रम के ब्रह्मचारियों के द्वारा उन सभी को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य ने आश्रम पर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के विषयों में जानकारी देते हुए आश्रम की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं आश्रम में हो रहे परेशानियां के विषयों पर भी ध्यान आकृष्ट कराये। इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए ट्रस्टी धनंजी भाई ने आश्रम पर पूर्ण सहयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा पूरे भारतवर्ष में इसी तरह के गुरुकुल आश्रमों पर शिक्षा ग्रहण कर रहे शिष्यों का पूर्णतः ध्यान रखते हुए कई योजनाएं चल रही है। जिससे कि अपना भारतवर्ष सशक्त एवं सुदृढ़ होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में



भी विश्व में अपना एक अलग जगह बना सके। स्वर्गीय दयासागर का लोहरदगा से बहुत लगाव रहा है और उनका सपना था कि इस आश्रम का विकास हो और हमें खुशी है कि उनका किया हुआ अधूरा कार्य हमें करने का मौका मिल रहा है। मैं इसके लिए जल्द से जल्द बच्चों की सुविधा हेतु कार्य कराऊंगा। ट्रस्ट के लोगों ने आश्रम का निरीक्षण किया। उन्हें आश्रम मे रह रहे ब्रह्मचारियों से भी मिलकर काफी हर्ष महसूस हुआ। उसके उपरांत ट्रस्ट के लोगों के द्वारा प्रबुद्ध जनों के साथ विचार विमर्श की गई।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set,
Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Short Tender Notice )
Letter of Invitation (LOI) No.-03/2025-26
2nd Call**

**e-Tender Ref No:-RCD/PID/RANCHI/03/2025-26 Date:-17.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Feasibility Study Report to ease the Traffic System of Redma Chowk,Daltonganj situated at junction of Daltonganj-Lesliganj-Panki (SH 10) and NH-75 in Palamu District in State of Jharkhand. *Only Empanelled consultantwith RCD under category-I&II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | To be determined by consultant |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 (Twenty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 24.04.2025,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 07.05.2025, 12:00 NOON |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 08.05.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advertisement No. | PR 348943 ROAD (2425) D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

PR 350724
Road(25-26).D

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

## जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों; नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और केजीबीवी, लोहरदगा, कुजरा में कक्षा 11 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26.04.2025 तक है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 06.05.2025 को सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 तक आयोजित होगा। जिसके लिए प्रवेश-पत्र दिनांक 29.04.2025 को जारी होगा। प्रवेश परीक्षा के उपरांत मेधा सूची दिनांक 13.05.2025 को प्रकाशित की जाएगी। छात्र-छात्राएं ईविद्यावाहिनी के लिंक के द्वारा नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना,लोहरदगा ने सभी सीआरपी,बीआरपी,बीपीओ को निदेश दिया कि इसकी सूचना अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों तक प्रसारित करें। ताकि अधिक से अधिक छात्र/छात्रा ऑनलाइन आवेदन कर सकें।

## डैम में डूबे युवक के शव को एनडीआरएफ की टीम ने निकाला बाहर

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा डैम में डूबे युवक को एनडीआरएफ की टीम ने 3:30 घंटे मशक्कत करने के बाद ढूंढ निकाला। ज्ञात हो कि कोलेबिरा प्रखंड के नवा टोली पंचायत अंतर्गत सारंग पानी निवासी आदित्य केरकेट्टा के 17 वर्षीय पुत्र पृथ्वीराज केरकेट्टा रविवार दोपहर 12:30 बजे के आसपास डेम में नहाने के क्रम में डूब गया था जिसकी सूचना मिलने पर कोलेबिरा पुलिस के द्वारा स्थानीय गोताखोर की मदद से शव को ढूंढ निकालने में के लिए काफी मशक्कत किया था किंतु सफलता नहीं मिली तत्पश्चात प्रखंड प्रशासन के द्वारा उपयुक्त सिमडेगा को दी गई।उपायुक्त सिमडेगा ने शव को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ की एक टीम रांची से बुलवायाम सोमवार दोपहर 12:00 बजे एनडीआरएफ की दो टीम डेम मे शव ढूंढने के लिए उत्तरी लगभग 3:30 घंटा डैम में सकट करने के बाद एमडीआरएफ टीम को सफलता मिली और शव को बाहर निकाला। शव के बाहर निकलते ही मृतक के परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे जिससे सारा माहौल गमहीन हो गया। इधर कोलेबिरा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। एनडीआरएफ टीम के ग्रुप लीडर सूरज कुमार ने बतलाया कि उन्हें जिला प्रशासन के द्वारा सूचना मिली की कोलेबिरा डैम में रविवार दोपहर एक युवक डूब गया है।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। जिसमें एक युवक को प्राथमिक उपचार कर



बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिसमें पहला सड़क दुर्घटना भंडरा चट्टी मुख्य पथ नौडीहा चौक के समीप हुई। जिसमें अपने मोटर साइकिल से अपने घर जा रहे सोरंदा गांव निवासी मुकीम अंसारी के पुत्र हसीब अंसारी (40 वर्ष) अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें उसके शरीर में काफी चोटें आई है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना भंडरा-अकाशी मुख्य कसपुर गांव के समीप मोटर साइकिल के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से अकाशी गांव निवासी आनंद राय के पुत्र जीवन राय (28 वर्ष) घायल हो गया।

## जेईई मेंस में आदित्य को मिला 98.86 प्रतिशत

### प्रशंसा 97.75 प्रतिशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय मिशन चौक निवासी अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य कन्हाई प्रसाद अग्रवाल के पौत्र, सुनील अग्रवाल व रीना देवी का पुत्र आदित्य गोयल ने जेईई मेंस की परीक्षा में 98.86 परसेंटाइल प्राप्त किया है। वही अग्रसेन पथ निवासी अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य दीपक अग्रवाल( दीपू) की सुपुत्री प्रशंसा प्रिया ने जेईई मेंस की परीक्षा में 97.75 परसेंटाइल प्राप्त किया है। दोनो बच्चों की सफलता ने समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा प्रदान की है। बच्चों की मेहनत और परिश्रम ने अग्रवाल समाज का मान बढ़ाया है। अग्रवाल सभा के






अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि समाज के दो बच्चों ने जेईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन किया है। अग्रवाल सभा ने बच्चों के माता-पिता और उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। आदित्य व प्रशंसा को बधाई देने वालो में अग्रवाल सभा के सचिव राजेश अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, कुमार नीरव, शशिधर अग्रवाल, रोहित मित्तल, शंभु अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कंचन गोयल, रश्मि अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, राहुल अग्रवाल,मनीष कुमार, कमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रमेश गोयल, नितेश अग्रवाल, कुणाल अभिषेक, मनीष अग्रवाल, मोहित रंजन, चंदन गोयल समेत अन्य शामिल है।

### 99.53 प्रतिशत लाकर वीर पोद्दार ने नाम किया रौशन

**लोहरदगा।** अपर बाजार निवासी कपड़ा व्यापारी सूरज पोद्दार व रानू पोद्दार के पुत्र



वीर पोद्दार ने जेईई मेंस की परीक्षा में विद्यापीठ कोचिंग सेंटर रांची से तैयारी कर 99:53 पर्सेंटाइल प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया है। इसने बताया है कि इनका लक्ष्य जेईई एडवांस में और भी अच्छा कर आईआईटी में जाकर जिले का और अपने परिवार का नाम रोशन करना है। मारवाड़ी समाज के लोगो ने इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, परिजन का रो रो कर बुरा हाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत भवन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 80 वर्षीय इल्जिनियूस खलखो की मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब वह रामपुर महुआटोली से अपने घर पैदल लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, डूमरी की ओर से आ रही महेंद्र बोलोरो (JH-01AB-6649) ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से गाड़ी सड़क किनारे स्थित गड्ढे में पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने चैनपुर थाना को सूचित किया।

पुलिस की टीम, जिसमें थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी और एएसआई निर्मलन राय शामिल थे, मौके पर पहुंचे।





राहगीरों की मदद से इल्जिनियूस खलखो को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे के दौरान इल्जिनियूस खलखो की पत्नी और अन्य परिजन घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे। उनके मातम के बीच परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है।फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित सुरागों की तलाश में जुट गई है। शव को कब्जे में पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया गया।

# चैनपुर प्रखंड में पेड़ से गिरकर बच्ची गंभीर घायल, सदर अस्पताल रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के तिलवारी गांव में एक 12 वर्षीय बच्ची, पारुल एक्का, पेड़ से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना घटना आज, सोमवार की है, जब बच्ची अपने इलाके के एक पेड़ पर चढ़ी थी। जानकारी के अनुसार, अचानक उसके पैर फिसल गए और वह जमीन पर गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना के तुरंत बाद, पारुल को स्थानीय चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते



हुए उसे गुमला के सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों का कहना है कि बच्ची को प्राथमिक उपचार दिया गया था, लेकिन उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी।पारुल के पिता, बर्माबस एक्का, ने बताया कि उनकी बेटी खेलते समय पेड़ पर चढ़ गई थी। उन्हें इस घटना की जानकारी मिलने पर वे तुरंत अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा, हमारी बेटी सिर्फ खेल रही थी, हमें उम्मीद थी कि वह सुरक्षित रहेगी, लेकिन अचानक यह घटना हो गई। पारुल के इलाज के लिए अस्पताल में सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं, जबकि उसके परिवार के सदस्य उसकी जल्दी रिकवरी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है और बच्चों को पेड़ पर चढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया है।अभी पारुल का इलाज जारी है और उसकी स्थिति की निगरानी की जा रही है। सभी को उसकी जल्दी स्वस्थ होने की आशा है।

# नन्हे विद्यार्थियों को दिखाया गया एयर शो



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बीटीएल पब्लिक स्कूल, गुमला के बचपन प्राइमरी विंग के नन्हे विद्यार्थियों के लिए रविवार का दिन जोश, जिज्ञासा और ज्ञान से भरपूर रहा।

बच्चों ने नामकुम (रांची) में आयोजित भारतीय वायु सेना के सूर्यकिरण एयर शो का आनंद उठाया, जहाँ उन्होंने आकाश में उड़ते विमानों की अद्भुत कलाबाजियां देखीं और भारतीय वायु सेना के शौर्य व समर्पण को नजदीक से महसूस किया। विमानों की गर्जना, तेज रफ्तार और अनोखे समन्वय ने बच्चों को रोमांचित कर दिया। यह अनुभव न सिर्फ मनोरंजक रहा, बल्कि उनके दिलों में देशभक्ति और सैन्य बलों के प्रति आदर की भावना भी गहराई से बसी।

एयर शो के पश्चात विद्यार्थियों ने रांची के खेलगांव स्थित राज्य संग्रहालय (स्टेट म्यूजियम) का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने झारखंड की ऐतिहासिक विरासत, जनजातीय संस्कृति और पुरातात्विक धरोहरों को देखा और जाना। इस दौरे में विद्यालय की मेंटर निरूपा गिरि, प्रिंसिपल अनुषा कुजूर, प्राइमरी विंग इंचार्ज आस्था सिंह और शिक्षिकाएं अंकिता केशरी, मोनालिसा एवं पल्लवी गोस्वामी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर चंद्रशेखर गिरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों में आत्मविश्वास, देशप्रेम और जिज्ञासा को बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी माह में बच्चों के लिए वाइल्ड वादी पार्क, रांची का भ्रमण भी आयोजित किया जाएगा, जिससे उन्हें प्रकृति और पर्यावरण के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

# चैनपुर प्रखंड में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## कुल 11 यूनिट रक्त दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास भवन में सोमवार को उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेशानुसार एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराना था।

रक्तदान शिविर का संचालन गुमला से आए लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह और उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर में ग्रामीणों के साथ-साथ पत्रकारों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई कुल 11 यूनिट रक्त दान किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर और चैनपुर की मुखिया शोभा देवी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। रक्तदान के महत्व को बताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा, रक्तदान न केवल जीवनरक्षक है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी दशार्ता है। हर एक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आपकी एक छोटी सी कोशिश किसी के जीवन को बचा सकती है। रक्तदान एक महान कार्य है, और हमें इसे बढ़ावा देना चाहिए। शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान के महत्व पर चर्चा की और ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक करने की दिशा में एकजुटता दिखाई। कई लोगों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रक्तदान शिविर की इस पहल से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और रक्त की कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस आयोजन के अंतर्गत, सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र फॉर्म भर कर दिया जायगा और उन्हें उनकी इस अद्भुत उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। आयोजकों ने सभी का दिल से धन्यवाद किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने का आश्वासन दिया।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि शादी–विवाह, पार्टी एवं अन्य कार्यक्रम हेतु आमजनो के लिए चलित शौचालय (Mobile Toilet Van) किराये पर नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में उपलब्ध है।

अतः आमजनों से अनुरोध हैं कि चलित शौचालय की Booking नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से अवश्यकता अनुसार किया जा सकता है। विशेष जानकारी कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.350704 Urban Development(25-26):D

## ई० प्रोक्योरमेंन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

ई-मेल :- eebcdlohardaga-jhr@nic.in

### ई० प्रोक्योरमेंन्ट नोटिस

ई०-टेन्डर रेफरेन्स नं०- 01/2025-26/EE/BCD/LOHARDAGA    Date :- 21/04/2025

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Construction of Boundary Wall with Concertina Coil Fencing at ITI Kairo, Lohardaga. | 80,23,500=00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29/04/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 13/05/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 14/05/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई०प्रोक्योरमेंन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं०–02, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 7765846250
6. ई०–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 9199192828
7. परिमान विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई०-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03/10/2023 के द्वारा SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229, दिनांक 06/10/2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 350750 Lohardaga (25-26)_D


# चिलचिलाती धूप ने लोगों का जीना किया बेहाल

## अप्रैल में ही जून जैसी तपिश, आमजन का जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। अप्रैल महीने में ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिन चढ़ते ही तेज धूप और लू जैसी स्थिति बन जा रही है, जिससे खासकर बुजुर्ग, बच्चे और दैनिक मजदूर बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

**बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा**

दोपहर होते-होते शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग अत्यधिक गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। दुकानें और व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और मजदूरी कार्यों पर असर साफ दिखाई दे रहा है।

**स्कूलों में बदला गया समय**

तेज गर्मी को देखते हुए कई निजी स्कूलों और सरकारी विद्यालयों ने बच्चों के समय में परिवर्तन कर दिया है। सुबह की पाली में पढ़ाई कराई जा रही है ताकि बच्चे दोपहर की तपन से बच सकें।

**स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी**

गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए सावधानियाँ बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि लोग दिन के समय धूप में निकलने से बचें, हल्के कपड़े पहनें, ज्यादा से ज्यादा पानी और नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें।

**जल संकट की दस्तक भी शुरू**

गर्मी के शुरूआती दौर में ही कई मोहल्लों और गांवों में जलसंकट की स्थिति बनने लगी है। कुएं और



तालाब सूखने लगे हैं तथा हैंडपंपों का जल स्तर गिरने लगा है।

**आमजन की चिंता बढ़ी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अभी से ही यह हाल है, तो मई-जून की स्थिति और भयावह हो सकती है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि पेयजल, स्वास्थ्य और जन सुरक्षा की तैयारियों को अभी से मजबूत किया जाए।

# सरहुल की तैयारी में बज्रपात ने छीन ली जिंदगी, एक की मौत, एक घायल



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डूडीया गांव में रविवार शाम सरहुल पर्व की तैयारियों के दौरान अचानक हुई बज्रपात की घटना ने गांव को मातम में डुबो दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना डूडीया गांव के सरना स्थल की है, जहां गांव के कई लोग सरहुल पर्व के आयोजन की तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान कुसुम पेड़ के नीचे खड़े ठाकुर उरांव (25 वर्ष) और सोमेश्वर उरांव (28 वर्ष) अचानक हुई तेज गर्जना और आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। ठाकुर उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोमेश्वर उरांव घायल हो गए। बज्रपात के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सरहुल की खुशी पल भर में मातम में बदल गई। ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार मृत युवक को तत्काल गोबर में ढकने की कोशिश की, फिर उसे 108 एंबुलेंस से गुमला सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल सोमेश्वर उरांव का प्राथमिक इलाज गांव के ही एक निजी चिकित्सक के पास कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सरहुल जैसे सांस्कृतिक पर्व पर हुई यह दर्दनाक घटना पूरे गांव को शोक में डाल गई है। ग्रामीणों और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


## जिला कृषि कार्यालय, चतरा

(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा)

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु सूचना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत, चयनित ग्रामों में CGF के तहत् वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण (पक्का) के क्रियान्वयन किया जाना है जो निम्नवत है :–

| क्रसं | प्रखण्ड | ग्राम | नाम | यूनिट | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दा | बनियाडीह | वर्मी कम्पोस्ट | 05 | 64550.00 |
| 2 | प्रतापपुर | हारा | वर्मी कम्पोस्ट | 11 | 142010.00 |
| 3 | प्रतापपुर | लिप्दा | वर्मी कम्पोस्ट | 08 | 103280.00 |

इस हेतु अनुभवी FPO/सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्थायें NGOs/से दिनांक 29.04.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक आवेदन आंमत्रित किया जा सकता है।

1. FPO/सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्थायें NGOs सहकारी समितियों के तहत् पंजीकृत हो।
2. योजना का क्रियान्वयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में स–समय कराना सुनिश्चित करेंगें।
3. उक्त क्षेत्र में 03 वर्षो का कार्य करने का कार्य अनुभव आवश्यक है।
4. औसत वार्षिक Turn Over 03 वर्षो तक 09 लाख रूपये से कम नहीं होना चाहिए।
5. निविदा राशि **1000.00 रू0 का डिमांड ड्राफ्ट जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा** के नाम से देय होगा।

नोट :– किसी भी प्रकार का अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, चतरा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 350717 (Agriculture) 25-26 (D)


# अंबेराडीह में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव

## 5000 कलशों के साथ निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**पालकोट (गुमला)।** ग्राम अंबेराडीह स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 22 अप्रैल 2025, मंगलवार को सुबह 8:00 बजे से 5000 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगी। कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में कलश स्थापना, पूजन, हरि कीर्तन एवं भंडारा वितरण का आयोजन किया गया है। अगले दिन 23 अप्रैल 2025, बुधवार को हरि कीर्तन समापन के साथ संध्या समय में भक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं भक्तजनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलश यात्रा एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं।

# गुमला में दस मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, विवादों का होगा त्वरित निपटारा

## न्याय को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में बड़ी पहल, तैयारी में जुटा जिला न्यायालय प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025, शनिवार को किया जाएगा। यह लोक अदालत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार गुमला जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगी, जिसमें न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ऊछरअ) ने तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। संबंधित विभागों, बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य संस्थानों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के किया जा सके।

कौन-कौन से मामले होंगे शामिलः इस लोक अदालत में दिवानी, आपराधिक शमनीय, बैंक ऋण वसूली, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा, श्रम विवाद, भूमि विवाद, बिजली-पानी के बिल, बीमा क्लेम, वैवाहिक विवाद सहित कई मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे सभी मामले जिन्हें आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है, वे लोक अदालत के दायरे में लाए जाएंगे।

**न्यायधीशों की विशेष पीठें होंगी गठित**

लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए विशेष न्यायिक पीठों का गठन किया जाएगा, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

डीएलएसए की ओर से आमजन को जागरूक करने के लिए शिविर, पंपलेट, बैनर, और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें।

**डीएलएसए सचिव का अपील**

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके मामले अदालत में लंबित हैं या जिन्हें कोई कानूनी विवाद है, वे इस अवसर का लाभ उठाएं और शांति, त्वरित समाधान और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करें।


## कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

-: जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू :-

Email :- Civilsurgeonpalamu@gmail.com

Memo No. 569    Dated :- 19.04.2025

### ''आवश्यक सूचना''

विभागीय संकल्प ज्ञापांक :– 21/आयुष्मान–09–01/2024–58(21) रांची, दिनांक :– 11.01.2025 के आलोक में अनुमण्डलीय अस्पताल, छत्तरपुर एवं अनुमण्डलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में वाह्य श्रोत से विशेषज्ञ चिकित्सकों से सेवाएं प्राप्त करने हेतु निम्न् शर्तो के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते है जो निम्न्वत् हैः–

| " अस्पतालवार विशेषज्ञता के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता का विवरण " | |
|---|---|
| अनुमण्डलीय अस्पताल, छत्तरपुर | अनुमण्डलीय अस्पताल, हुसैनाबाद |
| 1. Opthalmologist 2. Physician 3. Surgeon 4. Anesthetist 5. Radiologist 6. Psychiatrist | 1. Opthalmologist 2. Physician 3. Surgeon 4. Anesthetist 5. Radiologist 6. Psychiatrist 7. Orthopaedician 8. Gynaecologist |

" वाह्य श्रोत के विशेषज्ञ चिकित्सक के प्रोत्साहन राशि की भुगतान संबंधी विवरण "

वाह्य श्रोत के विशेषज्ञ चिकित्सक को ओ0पी0डी0 सेवाएं हेतु 600 रू0 प्रति मरीज देय होगा तथा अन्य सेवाओं के लिए प्रत्येक केस पर Package अनुसार उपार्जित होने वाली राशि के 85 प्रतिशत में से 34 प्रतिशत राशि देय होगा तथा निश्चेतक/अन्य विभाग के चिकित्सक जिनके द्वारा चिकित्सा प्रबंधन में सहयोग प्रदान करने पर 12 प्रतिशत राशि देय होगा साथ ही प्रत्येक X-ray पर 125 रू0 एवं प्रत्येक Ultrasound पर 350 रू0 देय होगा।

नोटः– पारिश्रमिक की कुल राशि प्रति विशेषज्ञ चिकित्सक को प्रतिमाह 4,00,000/– (चार लाख) रू0 से अन्यून होगी साथ ही उपरोक्त पारिश्रमिक की राशि में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक सलंग्न प्रपत्र में अपनी सूचना अंकित करते हुए अपना आवेदन Civilsurgeonpalamu@gmail.com पर भेज सकते है तथा हाथो–हाथ अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित कर सकते है और उपरोक्त के लिए आवेदन प्रपत्र Palamu NIC से प्राप्त किया जा सकता है।
2. अन्य आवश्यक जानकारी हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलामू (दूरभाष संख्याः–9199083995) से सम्पर्क किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 350729 District (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

साहित्य का उद्देश्य समाज की सच्चाई को उजागर करना और लोगों में जागरूकता पैदा करना है. उन्होंने साहित्य को जीवन की आलोचना माना और कहा कि साहित्य का उद्देश्य हमारी अनुभूतियों को मजबूत करना और समाज सुधार के लिए रास्ता दिखाना चाहिए. - **मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। राजधानी दिल्ली के एक नामी-गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया। एक न्यूज चैनल ने तो यहां तक दावा किया है कि बच्चों को लाइब्रेरी में बंद करने के मामले की जांच साउथ वेस्ट डीएम लक्ष्य सिंहल ने की और उन्होंने यह भी माना कि जब वे जांच करने स्कूल पहुंचे तो उन्होंने खुद बच्चों को लाइब्रेरी में बैठे हुए पाया। दिल्ली की तरह झारखंड के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रयास कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दिल्ली के वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है।देश की राजधानी दिल्ली में 1700 के लगभग प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल 448 हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नियम के हिसाब से सभी स्कूलों को हर साल फाइनेंशियल स्टेटमेंट देना जरूरी होता है। अगर शिक्षा निदेशालय को फीस बढ़ोतरी गलत लगती है, तो वो इसे रोक सकती है और स्कूल को बढ़ी हुई फीस अभिवावकों को वापस देनी होगी। लेकिन सरकार चुप है, अधिकारी अपना काम नहीं कर रहे हैं और इसका नतीजा स्कूलों की मनमानी के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। ये स्कूल ट्यूशन फीस, डिवेलपमेंट फीस, ट्रांसपोर्ट फीस के अलावा ओरिएंटेशन फीस, एसी, स्कूल ऐप और स्मार्ट क्लास के नाम पर भी तगड़ी वसूली कर रहे हैं। दिल्ली की बीजेपी सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि उनकी सरकार बनने के बाद शुरू हुए स्कूलों के नए सत्र में ही यह फीस बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर दिल्ली के लोगों को यह लगने लगा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद ही दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों के मालिकों में मनमानी करने की हिम्मत आ गई है। समय की यह मांग है कि सरकार आगे आए और इन प्राइवेट स्कूलों की दादागिरी, मनमानी और तानाशाही भरे रवैए पर रोक लगाए या फिर कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्राइवेट स्कूलों की यह मनमानी किसी एक शहर या किसी एक राज्य तक ही सीमित भर नहीं है।जो आज वहां हुआ वह कल यहां भी होगा।

*दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे*

माया को काटने का काम प्रेमावतार परमहंस योगानन्द जी द्वारा बताई गई तकनीक है, जिसका निरन्तर अभ्यास करने, उनके पाठों को पढ़ने व ग्रुप मेडिटेशन करने से बुरी आदतें स्वतः समाप्त हो जाती हैः ब्रह्मचारी अतुलानन्द

# आदतों का हमारे जीवन पर प्रभाव

माया को काटने का काम प्रेमावतार परमहंस योगानन्द जी द्वारा बताई गई तकनीक हैं। इन तकनीकों का निरन्तर अभ्यास करने, उनके दिये गये लेशनों को पढ़ने व ग्रुप मेडिशन करने से आप स्वयं बुरी आदतों से मुक्त हो जायेंगे। आप इसके बाद स्वयं महसूस करेंगे, कि आप आध्यात्मिक पथ पर कहां पहुंचे हैं। उक्त बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने योगदा भक्तों के बीच में कहीं।
उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में हमारी आदतों का विशेष हस्तक्षेप रहता है। इसलिए आंतरिक परिवर्तन के लिए हमारे अंदर जो आदतें घर कर डाली हैं, उनका विशेष महत्व है। वस्तुतः आदतें हैं क्या? दरअसल आदतें वैसा काम हैं, जो हम बार-बार करते हैं, यहीं बार-बार की काम हमारी आदतें बन जाती हैं। जो बुरी भी हो सकती हैं और अच्छी भी हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें हमें आध्यात्मिक पथों को आलोकित करती हैं, बेहतर बनाती है, जबकि बुरी आदतें हमारी आध्यात्मिक पथों को बाधित करती हैं, जिससे हम ईश्वरीय मार्ग से भटक जाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें बुरी आदतों को हटाना है, तो उसका सबसे सुंदर उपाय हैं – ध्यान।

ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने कहा कि हम सब कई काम आदतों के ही कारण करते हैं। इन्हीं आदतों से हमारा जीवन चलता है। लेकिन ज्यादातर लोगों को इस पर ध्यान नहीं जाता। इन आदतों पर ध्यान नहीं देने के कारण ही बुरी आदतें हमें ऐसा प्रभावित करती हैं कि हमारी जीवन कब नष्ट होने लगा, कब हम ईश्वरीय मार्ग से भटक गये पता ही नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें हमारी मित्र हैं और बुरी आदतें हमारी शत्रु हैं।

उन्होंने कहा कि हर किसी को आदतों को एनालाइसिस करना सीखना चाहिए। किन आदतों से हम पीछे जा रहे हैं और किन आदतों से हम आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि ये आदतें आपकी हैं, इसलिए इसका एनालाइसिस कोई दूसरा तो करेगा नहीं, इसलिए इसकी विवेचना खुद करिये और बेहतर स्थिति में स्वयं को लाने का प्रयास करिये।

उन्होंने बताया कि हम बुरी आदतों से आसानी से बच सकते हैं। अगर हम गुरुजी के द्वारा बताये गये मार्गों पर चलें। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने कहा है कि जब तक हम नये वातावरण में, अपनी अच्छी आदतों को पूरी तरह अपना नहीं लेते, तब तक पूर्व की बुरी आदतों के सम्पर्क में हमें स्वयं को नहीं आने देना हैं। जैसे ही हम अच्छी आदतों को अपना लेंगे, वो बुरी आदतें स्वतः हमसे दूर हो जायेंगी। फिर उसका कोई दुष्प्रभाव हम पर नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर हम अच्छी आदतों को अपना लें और बुरी आदतों के प्रभाव में भी स्वयं को रखेंगे तो निश्चय ही कोई सफलता नहीं मिलेंगी। ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने इस पर बड़ा सुंदर दृष्टांत सभी के समक्ष रखा, जो प्रशंसनीय था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बुरी आदतों पर वहीं विजय पा सकता है। जिसका विल पावर स्ट्रांग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पसंद व नापसंद को अपने जीवन में ज्यादा भाव मत दीजिये, क्योंकि यह भी बुरी आदतों को जन्म देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा देता है। बिना स्ट्रांग विल पावर के आप अपने माइन्ड को कंट्रोल नहीं कर सकते। स्ट्रांग विल पावर के द्वारा ही हम हर प्रकार की समस्याओं पर विजय पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बुरी आदतों से निकलना चाहता है तो उसे क्रिया योग का अभ्यास करना चाहिए। क्रिया योग के अभ्यास के बाद उसे स्वयं को डिवाइन लव से ओत-प्रोत होना होगा। ऐसा करने से वो व्यक्ति स्वयं महसूस करेगा कि वो बुरी आदतों से स्वयं को मुक्त करने के मार्ग पर आगे बढ़ चुका हैं। उन्होंने लोगों को कहा कि आप झूठ बोलने की आदत मत डालें। हमेशा याद रखें कि अगर आपका स्वास्थ्य खराब है तो जिनका स्वास्थ्य अच्छा हैं, ऐसे लोगों से सम्पर्क में रहिये। अगर आप नकारात्मक सोच से भरते जा रहे हैं, तो ऐसे लोगों से सम्पर्क करिये, जो सकारात्मक सोच से भरे हो। यहीं आपके लिए फायदेमंद हैं।


उन्होंने कहा कि ज्यादा खाना, शराब पीना, किसी से झगड़ना, झूठ बोलना, क्रोध करना, ये सभी आदतें बुरी आदतों में शुमार हैं। अगर आप बुरी आदतों को खाना नहीं दोगे, तो ये बुरी आदतें स्वतः समाप्त हो जायेंगी। इसे समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका एक और है कि आप प्रत्येक दिन चिन्तन करें कि आपने आज क्या गलत किया और जैसे ही उस गलत का पता चलें, उसे तुरंत अपने स्ट्रांग विल पावर से खत्म करना शुरु कर दीजिये। आप देखेंगे कि वो गलत चीजें आपकी आदतों में शुमार नहीं होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छा रहेगा कि ऐसा करने में गुरू जी को भी शामिल करिये और उनसे प्रार्थना करिये कि वे आपकी इसमें मदद करें। वे जरुर आपकी मदद करेंगे। आपके पथ को आलोकित करेंगे।

उन्होंने कहा कि अच्छी आदते क्या हैं? सत्संग करना, ध्यान करना, सत्य बोलना, किसी की सहायता करना, गुरुजी की बताई लेशन को याद करना व उस पर चलना, फालतू बातें नहीं करना, विनम्र बनना, ईश्वर व गुरु को सदैव अपने मन में लेकर चलना, हमेशा लेने में नहीं बल्कि देने में विश्वास करना, सकाम से ज्यादा निष्काम सेवा में स्वयं को लगाना, ये सारी आदतें अच्छी आदतें ही तो हैं। आप हमेशा याद करिये कि निष्काम सेवा का फल ऊपर से आता हैं। यह मिलना ही मिलना है। यह सर्वोच्च सेवा हैं। जो ईश्वर को बहुत ही पसंद हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आज की बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

# एनटीए : नाम में 'नेशनल', काम में 'नेग्लिजेंस'

*नेशनल टेस्टिंग या टेंशन एजेंसीः कब बदलेगा सिस्टम?*

सपने वो नहीं जो सोते वक्त देखे जाते हैं, सपने वो हैं जो नींद उड़ा दें। लेकिन जब सपनों को साकार करने वाली परीक्षा की आंसर-की ही बार-बार बदल जाए, तो नींद नहीं, बल्कि भविष्य की उम्मीदें ही उड़ने लगती हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए), जो देश की सबसे प्रतिष्ठित जेईई मेन, नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाओं का संचालन करती है, आज खुद सवालों के कठघरे में खड़ी है। जेईई मेन की फाइनल आंसर-की में 11 बदलाव—1 सवाल ड्रॉप, 6 सवालों के उत्तर बदले गए, और 4 सवालों में दो-दो विकल्प सही माने गए—ने 9.5 लाख छात्रों के सपनों पर सवालिया निशान लगा दिया। यह कोई छोटी-मोटी चूक नहीं, बल्कि उन मेहनती युवाओं के भविष्य पर एक करारा प्रहार है, जो सालों की तपस्या के बाद अपने सपनों को हकीकत में बदलने की राह पर हैं। क्या यह वाकई "नेशनल टेस्टिंग एजेंसी" है, या "नेशनल टेंशन एजेंसी" या "नेशनल ट्रायल एंड एरर एजेंसी" बन चुकी है? जेईई मेन में 10.5 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, और 9.5 लाख ने परीक्षा दी। एक ऐसी परीक्षा, जहाँ एक अंक का अंतर किसी की जिंदगी को स्वर्ग बना सकता है या नर्क में धकेल सकता है, वहाँ आंसर-की में इतने बड़े बदलाव ने छात्रों को असमंजस और निराशा के भँवर में डुबो दिया। यह समस्या सिर्फ जेईई मेन तक सीमित नहीं है। सीयूईटी पीजी की परीक्षा को 18 दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन फाइनल आंसर-की का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ। नीट में पहले हुई गड़बड़ियां—पेपर लीक से लेकर परिणामों में देरी तक—ने एनटीए की साख को पहले ही धूल में मिला दिया था। एक ऐसी संस्था, जिसे शिक्षा व्यवस्था का तकनीकी आधार माना जाता है, आज उसी आधार को खोखला करती नजर आ रही है। एनटीए से निष्पक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता की उम्मीद की जाती है। लेकिन यह संस्था अब उन लाखों छात्रों के गुस्से की वजह बन चुकी है, जो अपने भविष्य को संवारने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। जेईई मेन, नीट, और सीयूईटी जैसी परीक्षाएँ महज इम्तिहान नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों का प्रवेश द्वार हैं। लेकिन जब इस द्वार की चौखट ही दरकने लगे, तो सपनों का महल कैसे टिका रहेगा?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

पृथ्वी दिवस

# संरक्षण की पुकार आध्यात्मिक चेतना की ओर

प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें न केवल प्रकृति से अपने संबंध को याद दिलाता है, बल्कि यह एक गंभीर चेतावनी भी है कि यदि हम अब भी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियाँ एक संकटग्रस्त, विषैली और निर्जीव पृथ्वी की विरासत पाएँगी। पृथ्वी दिवस की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को संयक्त राज्य अमेरिका में हुई। इसका श्रेय जाता है अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन को, जो पर्यावरण की बढ़ती समस्याओं से चिंतित थे। उन्होंने अमेरिकी युवाओं को पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूक करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया, जिसे भारी जनसमर्थन मिला। 20 मिलियन से अधिक लोगों ने उस पहले पृथ्वी दिवस पर रैलियों, सभाओं और जागरूकता अभियानों में भाग लिया। इस अभियान में छात्रों, शिक्षकों, पर्यावरणविदों, राजनेताओं और आम नागरिकों ने मिलकर पर्यावरणीय जागरूकता की अलख जगाई। इसके पीछे का प्रमुख उद्देश्य था, पर्यावरण संरक्षण की चेतना फैलाना। वनों की कटाई, जल और वायु प्रदूषण, और जैव विविधता के विनाश को रोकना। लोगों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराना कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, जीवनदायिनी है। इसके पश्चात्, 1990 में यह दिवस वैश्विक आंदोलन में बदल गया और आज 193 से अधिक देशों में इसे मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र और अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ यहां झारखंड में "झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी" भी इस ओर अग्रसर कार्य कर रही है। अब इसे जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों से भी जोड़ दिया हैं। पृथ्वी केवल ग्रह नहीं, एक जीवंत सत्ता है। भारतीय दर्शन में पृथ्वी को "भूमि देवी" के रूप में पूजा जाता है। ऋग्वेद में कहा गया है। "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः "अर्थात्, "पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ।" यह वाक्य न केवल भावनात्मक है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारियों की ओर भी संकेत करता है। एक पुत्र कभी अपनी माता का दोहन नहीं करता, बल्कि उसकी रक्षा करता है। आज हम उसी भूमि देवी का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। खनिज संसाधनों का अत्यधिक उपयोग, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, जलवायु परिवर्तन की उपेक्षा, और जीव-जंतुओं का विनाश। विकास की अंधी दौड़ में हम यह भूल बैठे हैं कि तकनीक का विकास यदि प्रकृति के विनाश के साथ हो रहा है, तो वह आत्मघाती है। महान संत कबीर ने कहा था। "चलती चक्की देख के दिया कबीरा रोय, दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय।" यह चक्की आज के समय में वह विकास और उपभोक्तावाद है, जो प्रकृति और मानवता दोनों को पीस रही है। हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, और सिख धर्म सभी में प्रकृति को पूज्य माना गया है। वृक्षों की पूजा अश्वत्थ, वटवृक्ष, तुलसी ये केवल पौधे नहीं, बल्कि देवस्वरूप हैं। नदी और पर्वतों की पूजाः गंगा, यमुना, सरस्वती मातृस्वरूपा हैं। पशु-पक्षियों का स्थान हर देवता किसी न किसी जीव के साथ जुड़े हैं, शिव का नंदी, विष्णु का गरुड़, दुर्गा का सिंह। इसका आशय स्पष्ट है कि जीव, वनस्पति, जल, वायु, अग्नि – सभी तत्व पूज्य हैं। उन्हें नष्ट करना, ईश्वर के साक्षात स्वरूप को नष्ट करना है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें स्पष्ट संकेत देती हैं कि यदि कार्बन उत्सर्जन, जल प्रदूषण और वन विनाश की गति यही रही, तो 2050 तक पृथ्वी के अनेक हिस्से रहने योग्य नहीं रहेंगे। प्राकृतिक आपदाएँ, जल संकट, खाद्यान्न की कमी, और जैव विविधता का विनाश हमारे दरवाज़े पर दस्तक दे रहे हैं। पृथ्वी दिवस एक संकल्प का दिन है। हमें व्यक्तिगत, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर पर यह प्रण लेना होगा कि हम वृक्षारोपण को जीवन का अंग बनाएँ। जल, वायु और भूमि को प्रदूषित होने से रोकें। जीव-जंतुओं की रक्षा करें, उनका शिकार और व्यापार बंद करें।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

उछल- कूद, छीना- झपट के पाले थे ख्वाब।
वक्त नशे में था कभी, उतर रहा अब सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जीवन में आकर्षण के नियम का प्रभाव

जीवन में हमारी यात्रा का कोई अंत नहीं है। इसलिए हम कभी भी उस स्थान पर नहीं पहुँचेंगे, जहाँ हम खुद को उस विपरीत अनुभव से अलग करना चाहते हैं जो हमारे ध्यान केंद्रित करने का कारण बनता है। यह मानना होगा कि जीवन जटिल है, कभी-कभी कठिन, अव्यवस्थित और असहनीय। इसका कोई ओर या छोर भी नहीं है। इसमें मनुष्य को अराजकता, शांति, क्रोध, विश्राम, उदासी, खुशी का अनुभव करना ही होगा, चाहे वह कितना भी अपनी स्थिति को अनुकूल बनाए। इस अस्तित्व का ताना-बाना द्वैत पर आधारित है, जैसे कि हम बुराई के बिना अच्छाई नहीं कर सकते, जैसे हम रात के बिना दिन नहीं कर सकते। इसलिए जीवन नामक इस रहस्य में, हम लगातार उत्तरों की खोज कर रहे हैं। हम हमेशा अपने जीवन पर नियंत्रण रखना चाहते हैं, लेकिन हमें नहीं पता होता है कि यह कैसे करे?

हम अपनी वास्तविकता को निश्चित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं। सबसे पहले हम किसी भी स्थिति पर हमारी प्रतिक्रिया क्या होती है? क्या हम अपनी धारणा बदल सकते हैं और अचानक खुद का सबसे अच्छा संस्करण बन सकते हैं। जीवन की वास्तविकता पर नियंत्रण के लिए यह अपरिहार्य है। हमारे विचार हमारी वास्तविकता में कैसे प्रकट होते हैं, इस पर एक बहुत ही दिलचस्प दृष्टिकोण है। इसे आकर्षण का नियम कहा जाता है। अधिकतर लोगों का मानना है कि आकर्षण के नियम का संबंध अलौकिक दुनिया से है, लेकिन मुझे लगता है कि यह जीवन का एक बहुत ही सरल, ठोस नियम है। यदि आप नकारात्मक होना चाहते हैं और आप निराशावादी तरीके से जीवन का सामना करना चुनते हैं, तो आप उन घटनाओं, लोगों और अनुभवों को आकर्षित करेंगे जो आपकी आवृत्ति से मेल खाते हैं। विश्वप्रसिद्ध रचनाकार एस्तेर हिक्स और जैरी हिक्स अपने किताब दी लॉ ऑफ एट्रैक्शन यानी आकर्षण का नियम में बताते है कि हम अपने विचारों, भावनाओं, अपनी पूरी ऊर्जा और ध्यान को कैसे निर्देशित करते हैं। अपने जीवन का निर्माण पूरी तरह से योजनाबद्ध तरीके से कैसे करें ताकि हम जीवन में जो चाहें उसे आकर्षित और प्रकट कर सकें। अकेले विचार कुछ भी आकर्षित नहीं करेंगे लेकिन जब आप विचारों में भावनाओं को जोड़ते हैं, तो यह ईंधन की तरह है जो चीजों को आगे बढ़ाता है। अगर हम सकारात्मक सोचते हैं, तो हमारे साथ सकारात्मक चीजें घटित होंगी। सकारात्मक जीवन की घटनाएं बताती है कि जब हमारे साथ नकारात्मक चीजें घटित होती हैं, तो हमारा सकारात्मक रवैया उन चीजों को कम दुखद घटनाओं में बदल सकता है। हमारे जीवन में जो घटित होता है या हो सकता है। उसको हम अपने दिमाग की शक्ति से नियंत्रित कर सकते है। जीवन में ऐसे तत्व होते हैं जिन्हें हमारे शक्तिशाली दिमाग से भी नियंत्रित नहीं किया जा सकता। अगर आप सिर्फ ब्रह्मांड के प्रति सकारात्मक रूप से जुड़े होते हैं, तो उसका परिणाम भी बेहद अनुकूल होता है। जीवन में कई बार ऐसा होता है कि हम कहते है कि बाल-बाल बच गए। यह यूं ही नहीं होता है! कई बार अच्छा परीक्षा नहीं होने के बाद भी परिणाम अनुकूल आता है। यह तभी होता है जब हम ब्रह्मांड की रचना से साकारात्मक रूप से जुड़े होते हैं।

सृजन का विज्ञान कहता है कि जो हम सोचते हैं और जिस पर हम विश्वास करता या अपेक्षा करते है। वह जरूर होता है। इसका अर्थ यह है कि हम जो सोचते हैं, वही हमको मिलता है, चाहे हम उसे चाहें या नहीं। मैं पूरी तरह से मानता हूँ कि हमारे दिमाग और शरीर शक्तिशाली हैं। यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि यदि हम लगातार तनाव में रहते हैं तो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कम हो जाती है, जो तब स्पष्ट रूप से आपको बीमारियों और रोगों के जोखिम में डालती है। इसलिए मैं यह भी समझ सकता हूँ कि हमारे विचार आदि हमें कैसे बीमार कर सकते हैं। लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ है। हम ब्रह्मांड में सकारात्मक विचारों से जो कुछ भी भेजते हैं, वह हमारे पास वापस आता है, कम से कम दस गुना। यह कुछ हद तक विचार-कर्म और सकारात्मक सोच की तरह है। चूंकि ब्रह्मांड का संतुलन सकारात्मकता के कारण है इसलिए इसका होना अवश्यसंभावी है। हम विचार शक्ति के माध्यम से अपने जीवन के कई समस्याओं का समाधान कर सकते है।

हमारे विचार और भावनाएं सीधे हमारे अनुभवों को प्रभावित करती हैं। रोंडा बर्न अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रहस्य में कहती है कि आकर्षण का नियम इस पर निर्भर करता है कि हम अपने जीवन में क्या आकर्षित करना चाहते हैं, इस बारे में फिर से कैसे सोचना है। विचार शक्तिशाली होते हैं और जिस तरह हम आसानी से समृद्धि, खुशी और प्यार को आकर्षित कर सकते हैं, उसी तरह हम अपने जीवन में इसके ठीक विपरीत को भी आकर्षित कर सकते हैं। मन में बहुत शक्ति है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ मयंक मुरारी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# काशी का लोलार्क कुंड, जहां नि:संतान दंपतियों की भरती है गोद




**एजेंसी। वाराणसी**

"काश्यां हि काशते काशी सर्वप्रकाशिका" शिवनगरी कहें या धर्म नगरी, काशी अपनी अल्हड़ता और खूबसूरती से लोगों को मोहित करती आई है। ऐसा ही हैरत में डालने वाला और मोहित करने वाला एक चमत्कारी कुंड है... लोलार्क कुंड। इस कुंड की महिमा अपरंपार है, जहां संतान के लिए तरस रही सूनी गोद तो भरती ही है, साथ ही चर्म रोग से मुक्ति भी मिलती है।

घाटों के शहर काशी के भदैनी क्षेत्र स्थित लोलार्क कुंड देखने में जितना खूबसूरत है, उतना ही इसका पौराणिक महत्व भी है। बाबा झोली भरिहें... इसी विश्वास के साथ हर साल इस कुंड में स्नान करने के लिए लाखों की संख्या में भीड़ जुटती है। संतान की प्राप्ति के लिए लोग लोलार्क छठ मेले में जुटते हैं। गजब का दृश्य बनता है, जहां लोग केवल "जय लोलार्क बाबा, जय लोलार्क बाबा" का नारा लगाते हैं और रात भर कतार में लगे रहते हैं। मान्यता है कि सूर्य की पहली किरण सबसे पहले कुंड पर ही पड़ती है। कुंड के दक्षिण भाग में लोलार्केश्वर महादेव का मंदिर है।




इस बारे में काशी के ज्योतिषाचार्य, यज्ञाचार्य एवं वैदिक कर्मकांडी पं. रत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर के बारे में कई किंवदंतियां प्रचलित हैं। यहां गढ़वाल नरेश ने अपनी सातों रानियों के साथ स्नान किया, जिसके बाद उन्हें संतान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने कुंड का निर्माण 9वीं शताब्दी में करवाया था। वहीं, अहिल्याबाई होलकर ने कुंड का पुनरुद्धार कराया था। काशी के निवासी प्रभुनाथ त्रिपाठी ने बताया कि चमत्कारी मंदिर और कुंड में लोगों की विशेष आस्था है। यहां पर साल भर लोग दर्शन-पूजन और अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। हालांकि, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को देश भर के कोने-कोने से लोग स्नान के लिए आते हैं। लोलार्क कुंड में तीज से ही नहान शुरू हो जाता है और षष्ठी तक चलता है। उन्होंने आगे बताया, "कुंड के बारे में कहा जाता है कि यहां पर महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण का कुंडल गिरा था, जिस वजह से यहां पर गड्ढा हो गया। यहां के जल को अमृत माना जाता है।

## राहुल गांधी भारत के नागरिक हैं या नहीं केंद्र सरकार 10 दिन में दे जवाब : हाईकोर्ट

**लखनऊ (आईएएनएस)**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 10 दिन के अंदर राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट देने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि राहुल गांधी भारत के नागरिक हैं या नहीं। इस मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी। याचिका में राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल उठाया गया है, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता खतरे में पड़ सकती है।

सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी की नागरिकता के मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 10 दिन के अंदर राहुल गांधी की नागरिकता पर साफ रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने केंद्र सरकार से सीधे पूछा है, "यह बताइए कि राहुल गांधी भारत के नागरिक हैं या नहीं।" इस मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की, लेकिन कोर्ट ने इसे अधूरा बताया और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी की नागरिकता संदिग्ध है। इसी आधार पर उनकी लोकसभा सदस्यता को भी चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को जल्द से जल्द तथ्यों के साथ जवाब देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी नहीं होनी चाहिए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल उठने से उनकी संसद सदस्यता पर असर पड़ सकता है। वहीं, कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह एक राजनीतिक साजिश है।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग पर बोले भारत के मुख्य न्यायाधीश

# हम पर लग रहा कार्यपालिका के अधिकारों में दखल देने का आरोप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




वक्फ कानून लागू होने के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। वकील विष्णु शंकर जैन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। हालांकि, बंगाल में राष्ट्रपति लगाने की मांग पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा, "वैसे भी हम पर आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के अधिकारों में दखल दे रहे हैं। दरअसल, वकील विष्णु शंकर जैन ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने जस्टिस गवई की बेंच से कहा कि राज्य में मौजूदा हिंसा को देखते हुए अर्धसैनिक बलों की तत्काल तैनाती की आवश्यकता है। विष्णु जैन की टिप्पणी पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को आदेश जारी करें? वैसे भी हम पर कार्यपालिका में अतिक्रमण करने का आरोप है। हम पर आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के अधिकारों में दखल दे रहे हैं।

विष्णु जैन ने कहा कि इस मामले पर पहले से बंगाल में पोस्ट पोल हिंसा की मेरी याचिका लंबित है, जिस पर कोर्ट 2022 में नोटिस जारी कर चुका है। यह मामला कल सुनवाई के लिए लिस्टेड है। इसी मामले में हमने बंगाल में वर्तमान हिंसा को लेकर एक अर्जी दाखिल की है, जिसमें अर्धसैनिक बलों की तैनाती, तीन रिटायर जजों की निगरानी में जांच कराने और राज्यपाल से इस मामले की रिपोर्ट मांगने की अपील की है। इसमें हिंदुओं के पलायन संबंधी जानकारी मुहैया कराने की भी याचना की गई है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में भड़की हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। इस हिंसा से डरकर दर्जनों परिवारों का पलायन जारी है। इस हिंसा के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था, "अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाता है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। हालांकि, भाजपा ने सांसद निशिकांत दुबे और पार्टी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट और देश के मुख्य न्यायाधीश पर दिए गए बयान से किनारा कर लिया है। दोनों नेताओं ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए। भारतीय जनता पार्टी ने इन बयानों से किनारा करते हुए इसे इन नेताओं की व्यक्तिगत राय करार दिया और ऐसी टिप्पणियों से बचने का निर्देश जारी किया।

## संजय राउत ने कुरैशी को बताया बेहतरीन चुनाव आयुक्त, भाजपा पर किया कटाक्ष

**मुंबई (आईएएनएस)**



शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) शहाबुद्दीन याकूब कुरैशी को बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक बताया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा, "एस.वाई. कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक थे। मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। जब वे चुनाव आयुक्त थे, तब शिवसेना और भाजपा का गठबंधन था। तब भी हमने यही कहा था कि वह एक निष्पक्ष और बेहतरीन चुनाव आयुक्त हैं। अगर इसी तरह आप कहें कि कोई चीफ जस्टिस मुसलमान है, या कोई चुनाव आयुक्त मुसलमान है, तो यह कौन सी भाषा है? यह कौन सी सोच है? उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो देश को तोड़ना चाहते हैं, वे इस देश में रहने के लायक नहीं हैं।"उल्लेखनीय है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को एस.वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक 'मुस्लिम आयुक्त' थे।

महाराष्ट्र में सरकार द्वारा हिंदी भाषा थोपने के सवाल पर संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी पहले से चल रही है। जबरदस्ती हिंदी थोपने की कोई जरूरत नहीं है। यह जनता और हम सबका दबाव था कि महाराष्ट्र में अपनी भाषा और संस्कृति के सम्मान के साथ रहा जाए। ांसद संजय राउत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी 'वॉशिंग मशीन' में सभी कथित 'भ्रष्टाचारियों' को डालकर साफ कर देती है। अजित पवार को पार्टी में लिया, एकनाथ शिंदे को लिया, अशोक चव्हाण को लिया, ऐसे बहुत से लोग हैं। इन्होंने कितने भ्रष्टाचारियों को अपनी 'वॉशिंग मशीन' में डाल दिया है, ये बातें जनता को भी बताइए, ताकि सच्चाई सामने आए।

## बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने आठ नए प्रवक्ता नियुक्त किए

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं की टीम का विस्तार किया है। कुछ नए लोगों को शामिल किया गया है। राजद ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर टीम को बढ़ाते हुए आठ प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## आप का मेयर चुनाव से किनारा, भाजपा के लिए खुला रास्ता

**नई दिल्ली ।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि वह इस बार मेयर चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी और भाजपा को मेयर बनाने का पूरा अवसर देगी। इस बात की जानकारी आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी और प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दी है।

आतिशी ने कहा कि भाजपा हमेशा पिछले दरवाजे से सत्ता में आने की कोशिश करती रही है। हमने यह पैटर्न कई राज्यों में देखा है, जहां जनादेश न होने के बावजूद भाजपा ने सरकार बनाई। दिल्ली नगर निगम चुनाव को भी जानबूझकर गुजरात विधानसभा चुनाव के साथ कराया गया ताकि आम आदमी पार्टी की ताकत को कमजोर किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों से भाजपा आम आदमी पार्टी के पार्षदों पर दबाव बनाकर, डराकर और लालच देकर अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है। लेकिन आम आदमी पार्टी इस तरह की राजनीति में विश्वास नहीं करती।

### खड़गे के बयान पर संतोष सिंह का पलटवार, कहा-

## कांग्रेस अध्यक्ष को नहीं बिहार की जमीनी हकीकत की जानकारी : विपक्ष का तंज

**कैमूर (आईएएनएस)**



बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया दी। दरअसल, मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार में सत्तारूढ़ जदयू और भाजपा के बीच गठबंधन को अवसरवादी बताने के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार केवल 'कुर्सी' के लिए पक्ष बदलते रहते हैं। इस पर संतोष सिंह ने कहा कि बिहार के बारे में उन्हें अच्छे से पता नहीं है। बिहार में विकास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुआ है। क्या खड़गे किसी ऐसे कांग्रेस नेता का नाम बता सकते हैं जिसने बिहार को 'जंगलराज' से बाहर निकालने और इसे विकास के रास्ते पर लाने में मदद की हो?

सिंह ने खड़गे के बयान को चुनावी बयानबाजी करार दिया और कहा कि बिहार में कांग्रेस का कोई आधार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बिहार के लोग नीतीश को "कुर्सी कुमार" नहीं, बल्कि विकास का प्रतीक मानते हैं और उनके नेतृत्व के ऋणी हैं। तेजस्वी यादव के आरोप कि '2 अरब 25 करोड़ के सरकारी पैसे से पॉलिटिकल प्रचार कर रही सरकार' पर संतोष सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव को यही सब आंकड़ा नजर आता है। उन्हें बताना चाहिए कि जब वे सरकार में थे, तब कितने पैसे का दुरुपयोग हुआ, कितनी जागरूकता फैलाई, और बिहार के पैसे से बिहार का विकास किया या सिर्फ अपने परिवार का? अब तेजस्वी प्रचार में जुटे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनकी जमीन खिसक चुकी है। बिहार के लोग तेजस्वी को नहीं चाहते। तेजस्वी को पता है इस बार 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 225 विधायकों के साथ बंपर बहुमत से दोबारा सरकार बनाएगा। सिंह ने तेजस्वी के बयानों को "अनाप-शनाप प्रलाप" करार देते हुए कहा कि वे हार की हताशा में बयानबाजी कर रहे हैं। बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और मनरेगा को बड़ी सौगात देने को लेकर संतोष सिंह ने कहा कि 24 अप्रैल को मधुबनी में पीएम मोदी के दौरे के साथ बिहार के मनरेगा मजदूरों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। बिहार के मनरेगा मजदूर इस दौरे से उत्साहित हैं।

## भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है: अविनाश पांडेय

**पटना ।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं पूर्व सांसद अविनाश पांडेय ने सोमवार को यहां केंद्र सरकार पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि आज भाजपा डरी हुई है और जनता को मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ का सहारा ले रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नेशनल हेराल्ड के मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर झूठे आरोप लगाकर डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री का 'इलेक्शन डिपार्टमेंट' बनकर रह गया है। ईडी के माध्यम से अलोकतांत्रिक कृत्य किए जा रहे हैं। जो विपक्ष में हैं, उनकी आवाज को दबाने के लिए ईडी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले 11 साल में ईडी मात्र एक प्रतिशत आरोपियों को सजा दिला सकी। ईडी में इस दौरान दर्ज अधिकांश मामले ऐसे हैं जिनमें विपक्ष के नेताओं को आरोपी बनाया गया। गांधी परिवार आज इस देश की लड़ाई लड़ रहा है।

## कांग्रेस के 'युवराज' विदेशों में करते हैं भारत को बदनाम, उनकी नीति और नीयत में खोट : ठाकुर

**पटना (आईएएनएस)।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज हमेशा ही दुनियाभर में भारत को बदनाम करने का काम करते हैं। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर की गई टिप्पणी को लेकर अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के युवराज हमेशा दुनियाभर में भारत को बदनाम करने का काम करते आए हैं। जिस पार्टी ने 60 साल तक देश में राज किया हो और जब वही पार्टी चुनाव हारती है तो उस पर चिंतन नहीं करती है। साथ ही वह ये नहीं सोचते हैं कि जनता ने उन्हें क्यों नकारा है।

### वक्फ संपत्ति पर कब्जा कर किराया वसूलने वाले पांच गिरफ्तार

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** अहमदाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जो खुद को वक्फ बोर्ड ट्रस्टी बताकर जमालपुर इलाके की कई महत्वपूर्ण धार्मिक और ट्रस्ट से जुड़ी संपत्तियों से अवैध रूप से लाखों रुपए का किराया वसूल रहे थे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भरत राठौर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ गायकवाड हवेली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने खुद को कांच नी मस्जिद (ग्लास मस्जिद) और शाह बड़ा कसम ट्रस्ट की संपत्तियों का ट्रस्टी बताकर आम लोगों और दुकानदारों से किराया वसूला, जबकि वक्फ बोर्ड की ओर से उन्हें कभी ट्रस्टी नियुक्त ही नहीं किया गया था।

# हत्या आरोपी पत्नी ने कहा मैंने राक्षस को मार दिया


**एजेंसी । बंगलूरू**

कर्नाटक में पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश हत्याकांड में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब उनके बेटे ने अपनी मां और बहन पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। पूर्व डीजीपी के बेटे कार्तिकेश की शिकायत के आधार पर उनकी पत्नी और बेटी पर हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

**जान से मारने की धमकी दे रही थी मां :** अपनी शिकायत में कार्तिकेश ने आरोप लगाया कि उनकी मां पल्लवी पिछले एक सप्ताह से उनके पिता ओम प्रकाश को जान से मारने की धमकी दे रही थीं। इन धमकियों के कारण मेरे पिता अपनी बहन सरिता कुमारी के घर रहने चले गए थे। दो दिन पहले मेरी छोटी बहन कृति कुमारी के घर गई और मेरे पिता ओम प्रकाश पर घर वापस आने का दबाव बनाया। वह उनकी मर्जी के खिलाफ उन्हें वापस ले आई।

### बेटे को कैसे पता चला?

कार्तिकेश ने बताया कि रविवार को शाम करीब 5 बजे जब वह डोमलूर में कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में थे, तब उनकी पड़ोसी जयश्री श्रीधरन ने उन्हें फोन करके बताया कि उनके पिता नीचे पड़े हुए हैं। मैं घर पहुंचा (एचएसआर लेआउट में स्थित) और मौके पर पुलिस अधिकारियों और लोगों को पाया। मेरे पिता खून से लथपथ पड़े थे और उनके सिर और शरीर पर चोटें थीं। उनके शरीर के पास एक टूटी हुई बोतल और एक चाकू पड़ा था। इसके बाद उन्हें सेंट जॉन्स अस्पताल ले जाया गया।



- **पूर्व डीजीपी की हत्या के जुर्म में पत्नी व बेटी गिरफ्तार**
- **पूर्व डीजीपी के बेटे ने दर्ज कराई एफआईआर**

**पल्लवी और कृति को गिरफ्तार किया गया :** कार्तिकेश ने कहा, 'मेरी मां पल्लवी और मेरी बहन कृति अक्सर मेरे पिता से झगड़ती थीं। मुझे पक्का संदेह है कि वे मेरे पिता की हत्या में शामिल हैं। मैं इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध करता हूं।' पुलिस ने इस सिलसिले में पल्लवी और कृति को गिरफ्तार किया है।

**2015 को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था :** 68 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी चंपारण, बिहार के मूल निवासी थे और उनके पास भूविज्ञान में मास्टर डिग्री थी। ओम प्रकाश को 1 मार्च, 2015 को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

### देवरिया में मेरठ जैसा हत्याकांड

## सऊदी से लौटे पति को पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर मारा

- **फिर शव को ट्रॉली बैग में भरकर 60 किमी दूर फेंका**

**देवरिया ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में रविवार को ट्रॉली बैग में मिली लाश की पहचान बैग में मिले पासपोर्ट के आधार पर 37 वर्षीय नौशाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि प्रेम में बाधक बनने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। घटना के बाद सीओ ने फौरन दबिश दी और पत्नी समेत तीन अन्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि नौशाद की पत्नी का गांव के ही रिश्ते में लगने वाले भांजे से प्रेम संबंध था। जिसकी तलाश जारी है। पत्नी ने नौशाद के सिर पर धारदार हथियार से वार करके हत्या की थी। इसके बाद शव को ट्रॉली बैग में भरकर घटनास्थल से लगभग 60 किलोमीटर दूर थाना तरकुलवा के पकड़ी पटखौली के समीप गेहूं के कट चुके खाली खेत में फेंक दिया। थाना मईल क्षेत्र के भटौली गांव निवासी नौशाद ने गांव के बाहर अपना मकान बनवाया था। जहां 9 वर्षीय बेटी, पत्नी और बूढ़े पिता अली अहमद रहते हैं। नौशाद सऊदी अरब में नौकरी करता था और दस दिन पूर्व ही गांव लौटा था। हत्या के बाद जिस ट्रॉली बैग में शव को भरकर फेंका गया था, उसे नौशाद सऊदी से लाया था।



हत्या के बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर शव को 60 किलोमीटर दूर फेंका था। ट्रॉफी में भरकर शव को फेंकने के लिए चार पहिया वाहन का इस्तेमाल किया गया था।

**ऐसे कातिलों तक पहुंची पुलिस :** रविवार को दिन में एक किसान गेहूं कटवाने के लिए मशीन लेकर खेत में पहुंचे थे। इस दौरान बगल के खाली खेत में उनकी नजर एक ट्रॉली बैग पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी, एडिशनल एसपी, डॉग स्क्वाएड और फॉरेंसिक टीम पहुंची और शव की शिनाख्त की कोशिश की गई। इस दौरान बैग में एक पासपोर्ट मिला। कातिलों ने शव को ठिकाने लगाने से पहले बैग को चेक नहीं किया था। ऐसे में पासपोर्ट की मदद से पुलिस ने शव की पहचान कर ली।

# भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, एयरपोर्ट पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। सोमवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर वेंस का विमान लैंड किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया। पत्नी उषा के साथ वो प्लेन से नीचे उतरे। वेंस को गार्ड ऑफ ऑनर से भी सम्मानित किया गया। एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय नृत्य कौशल का प्रदर्शन भी किया। वेंस के बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भारतीय परिधान में थे। तीनों बड़ी उत्सुकता से क्लासिकल डांस देखते नजर आए।

वेंस का एयरपोर्ट से अक्षरधाम मंदिर जाने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा, वे (जेडी वेंस) विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे।

बता दें कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 से 24 अप्रैल तक भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम को 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर उपराष्ट्रपति वेंस की मेजबानी करेंगे। इस बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के साथ-साथ दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहराने के तरीकों पर विचार किया जाएगा। यह उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है और उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच अहम व्यापार समझौतों को लेकर बातचीत हो सकती है। उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री से मिलने वाले हैं, जो उनकी दूसरी द्विपक्षीय बैठक होगी। पहली मुलाकात फरवरी में पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। वेंस 13 वर्षों में भारत की यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं। यह यात्रा विशेष है, क्योंकि पिछले एक दशक में किसी भी मौजूदा अमेरिकी उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा नहीं हुई है। इससे पहले 2013 फरवरी में तत्कालीन उपराष्ट्रपति और बाद में राष्ट्रपति बने जो बाइडन भारत आए थे।



### अमेरिकी उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा

## परिवार संग अक्षरधाम मंदिर के किए दर्शन

भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को दिल्ली पहुंचे अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने सपरिवार अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। इससे इससे पहले उन्हें हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनकी अगवानी की। इस दौरान वेंस के तीन बच्चे - इवान, विवेक और मीराबेल - पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए नजर आए। उच्च स्तरीय यात्रा के लिए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ पेंटागन और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी चार दिवसीय यात्रा पर आए हैं। वह जयपुर और आगरा भी जाएंगे। उपराष्ट्रपति वेंस की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच अहम व्यापार समझौतों को लेकर बातचीत हो सकती है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।



### शांति और प्रेम की आवाज

## पोप फ्रांसिस के निधन पर विश्व नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पोप फ्रांसिस के निधन के समाचार से दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई। विश्व नेताओं ने उन्हें अपनी श्रद्धांजली दी और उन्हें ऐसे शख्स के रुप में याद किया जो गरीबों, कमजोरों के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहा। पोप फ्रांसिस का निधन सोमवार (21 अप्रैल) सुबह वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास स्थान पर हुआ वह 88 वर्ष के थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि उनका 'दिल दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के लिए दुखी है जो उनसे प्यार करते हैं। वेंस इस समय भारत में है और उन्होंने ईस्टर संडे (20 अप्रैल) को पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी। वेंस ने एक्स पर लिखा, "कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वह स्पष्ट रूप से बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वास्तव में बहुत सुंदर था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, "उन्होंने कैथोलिक चर्च से परे, लाखों लोगों को अपनी विनम्रता और कम भाग्यशाली लोगों के प्रति शुद्ध प्रेम से प्रेरित किया। पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने पोप फ्रांसिस को एक "अच्छे, गर्मजोशी से भरे और संवेदनशील व्यक्ति" के रूप में याद किया। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फत्ताह अल-सीसी ने कहा कि पोप फ्रांसिस 'शांति, प्रेम और करुणा की आवाज थे। स्विस राष्ट्रपति कैरिन केलर-सटर ने कहा कि पोप फ्रांसिस एक "महान आध्यात्मिक नेता और शांति के अथक समर्थक थे। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहाः "मैं पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। शांति, सामाजिक न्याय और सबसे कमोजर लोगों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एक गहरी विरासत छोड़ गई है। इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा, "यह खबर हमें बहुत दुख देने वाली है।" उन्होंने बयान में कहा, "मुझे उनकी दोस्ती का सौभाग्य मिला।

### 'सिग्नल चैट लीक कांड' से पेंटागन में उथल-पुथल

# रक्षा सचिव के सहयोगी समेत कई शीर्ष अधिकारी निलंबित

- **रक्षा सचिव ने यमन में हमलों के बारे में संवेदनशील जानकारी एक एन्क्रिप्टेड ग्रुप चैट में भेजी थी**

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के 'सिग्नल चैट लीक कांड' से पेंटागन में उथल-पुथल मची हुई है। 'सिग्नल चैट लीक कांड' की जांच के दौरान पेंटागन के कई शीर्ष अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के सहयोगी भी शामिल हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सेकंड सिग्नल चैट में हमले की जानकारी साझा की है। रक्षा सचिव ने यमन में हमलों के बारे में संवेदनशील जानकारी एक एन्क्रिप्टेड ग्रुप चैट में भेजी थी। इसमें उनकी पत्नी,भाई और निजी वकील शामिल थे।

रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने 15 मार्च को निजी सिग्नल ग्रुप चैट में यमन में आगामी हमलों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की थी। इस चैट से संबंधित चार लोगों ने खुलासा किया है कि इस जानकारी में यमन में हौथियों को निशाना बनाने वाले एफ/ए-18 हॉर्नेट्स के लिए उड़ान कार्यक्रम शामिल थे। रक्षा सचिव ने इसी दिन एक अलग सिग्नल चैट साझा की। यह गलती से द अटलांटिक के संपादक को भी भेज दी गई। एबीसी न्यूज के अनुसार, दो अधिकारियों ने बताया कि इनमें एक चैट ग्रुप हेगसेथ ने अपने निजी फोन पर बनाया था। हेगसेथ की पत्नी जेनिफर हेगसेथ रक्षा विभाग में काम नहीं करती हैं। उनके भाई फिल हेगसेथ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करते हैं और रक्षा विभाग में तैनात हैं। हेगसेथ के निजी वकील टिम पार्लटोर पेंटागन में नौसेना रिजर्विस्ट के रूप में काम करते हैं। उन्हें हेगसेथ के कार्यालय में नियुक्त किया गया है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने रविवार रात एक्स पर एक बयान में दूसरी चैट की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ट्रंप से नफरत करने वाला मीडिया इस मामले को तूल दे रहा है। किसी भी सिग्नल चैट में कोई भी वर्गीकृत जानकारी नहीं थी। यह भी सच है कि रक्षा सचिव का कार्यालय राष्ट्रपति ट्रंप के एजेंडे को मजबूती के साथ क्रियान्वित कर रहा है। इस बीच पेंटागन के कार्यवाहक महानिरीक्षक स्टीवन स्टेबिन्स ने रक्षा सचिव को सूचित किया है कि इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा पीट हेगसेथ की टीम के शीर्ष सहयोगी और अन्य सदस्य डैन कैलडवेल, कॉलिन कैरोल और डेरिन सेलनिक को निलंबित कर दिया गया है।



इस संबंध में पेंटागन के पूर्व शीर्ष प्रवक्ता जॉन उल्योट के रविवार को पोलिटिको में छपे में लेख से हड़कंप मच गया है। उन्होंने लेख में पेंटागन में एक महीने तक जारी रही अराजकता का का वर्णन किया है। उन्होंने लिखा है, ''संवेदनशील परिचालन योजनाओं के लीक होने से लेकर बड़े पैमाने पर बर्खास्तगी तक, यह अव्यवस्था अब राष्ट्रपति के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है।'' उन्होंने ही लेख में तीन अधिकारियों के निलंबन की जानकारी दी है। उल्योट का कहना है कि इसे देखते हुए, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ को लंबे समय तक अपनी भूमिका में बने रहना मुश्किल है।

## रामबन में तबाही भी नहीं रोक पाई शादी

### हाईवे पर फंसे दूल्हा-दुल्हन के लिए देवदूत बनी भारतीय सेना

**रामबन ।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 44) पर रामबन के निकट भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कई यात्रियों के फंसने के बाद भारतीय सेना की ओर से उन तक हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। इस बीच, भारतीय सेना ने एक नवविवाहित जोड़े की मदद की और दूल्हा और दुल्हन ने मदद के लिए सेना का आभार व्यक्त किया है। दरअसल, रामबन में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद आई बाढ़ के कारण रास्ते बंद हो गए, जिस वजह से एक दूल्हे को पैदल ही शादी में जाना पड़ा। दूल्हे ने अपनी दुल्हन को लाने के लिए काफी दूर तक पैदल सफर किया। दूल्हे ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि मेरी शादी थी और हम बारात को लेकर बड़ी मुश्किल से दुल्हन के घर पहुंचे। इस दौरान भारतीय सेना ने हमारी लिए मदद का हाथ बढ़ाया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। हमारे लिए रास्ता तो आसान नहीं था, मगर भारतीय सेना से मिली मदद से हम सब काफी खुश हैं। वहीं, दुल्हन ने भारतीय सेना की तरफ से मिली मदद पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेरा घर उधमपुर के चेनानी में मौजूद है। खराब मौसम के कारण हमारी शादी धूमधाम से नहीं हो पाई, लेकिन सेना की तरफ से मदद मुहैया कराई गई है। बता दें कि रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## बदरीनाथ में बर्फ का तेजी से पिघलना आने वाले समय में पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत हैं

**संवाददाता**



**देहरादून।** अप्रैल में बदरीनाथ धाम की चोटियां बर्फ विहीन होने का फोटो देख एक सनातनी साधु ने कहा- भारत में इतना ज़्यादा छल -कपट, झूठ , फ़रेब , अधर्म बढ़ गया है , सत्ताधारी से लेकर लोग तक उसमें इतने संलग्न हो गए हैं कि बदरीनाथ धाम की चोटियां बर्फ विहीन होनी ही है। इसके बाद हिमालय से निकलने वाली नदियां भी सूखेंगी । फिर पता चलेगा कि प्रकृति माँ क्या होती है , ईश्वर क्या होता है? यह सब हो रहा है तो संकेत है कि यदि मानव की अधमता ऐसे ही जारी रही, बढ़ती रही तो लोग उजड़ेंगे , मरेंगे। साधु बाबा ने जो कहा वह देशज तरीका है इस पर वैज्ञानिक क्या कह रहे हैं? वैज्ञानिक कह रहे हैं - ये तो खतरनाक पर्यावरणीय संकेत हैं। बर्फ के जल्दी पिघलने से ग्लेशियरों पर काफी दुष्प्रभाव पड़ेगा। इधर साधु बाबा का कहना है कि 20 वर्ष पहले तक बदरीनाथ धाम अप्रैल माह तक बर्फ से ढका रहता था। मई माह के अंतिम समय तक चोटियों में बर्फ दिखाई देती थी। लेकिन जब राजा ख़ुद को भगवान घोषित करने लगता है , पर्यटन बढ़ावा देने के नाम पर हिमालयी तीर्थ स्थलों पर जाने के लिए पहाड़ काटकर, उनमें सुरंग बनाकर लंबी -लंबी सड़क बनवाने लगा है ,मोटर कार आवागमन, धुआं- धक्कड़ बढ़ता जा रहा है, ऐसे तीर्थ स्थलों पर अब रंगरेलियां मनाई जाने लगी है , भगदड़ होने लगी है, इससे प्रकृति मां को बहुत नुकसान हो रहा है , जिसके बाद वह रूठेंगी ही, शिव नाराज होंगे ही। उसके बाद यही होगा , जिसकी झलक अब दिखने लगी है। इनसे अलग अपनी भाषा में पर्यावरणविद कहते हैं- मानवीय गतिविधियां व ग्लोबल वार्मिंग के चलते अब स्थिति यह है कि अप्रैल माह में ही बदरीनाथ धाम में बर्फ नहीं है, यहां तक कि धाम की की चोटियों में भी बर्फ काफी कम रह गई है, वह भी तेजी से पिघल रही है इसका असर आने वाले समय में ग्लेशियरों पर पड़ेगा। -वाडिया इंस्टीट्यूट के ग्लेशियर विशेषज्ञ व वैज्ञानिक डॉ. मनीष मेहता का कहना है - बीते कुछ वर्षों से मौसम का मिजाज बदला है, जिससे धाम में समय पर बर्फबारी नहीं हो रही है, जो बर्फ बाद में पड़ रही है, वह तेजी से पिघल रही है ग्लोबल वार्मिंग के चलते बदरीनाथ में बर्फ का तेजी से पिघलना आने वाले समय में पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत हैं। दो दशक पहले जब बदरीनाथ धाम के कपाट खुलते थे, उस समय धाम बर्फ से पूरी तरह ढका रहता था। उसके बाद बर्फ पिघलनी शुरू होती थी। बर्फ के तेजी से पिघलने का असर ग्लेशियरों पर भी दिखाई देगा। बर्फ ग्लेशियर पर एक तरह से जैकेट का काम करती है, जो सूर्य के रेडिएशन को ग्लेशियर तक पहुंचने से रोकती है, लेकिन यह जैकेट खत्म होते जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में ग्लेशियर तेजी से पिघलेंगे जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं हैं।

## ओक्लाहोमा में तूफान से 3 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन (आईएएनएस)**

अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में आए तूफान में तीन लोगों की जान चली गई। ओक्लाहोमा सिटी से करीब 16 किलोमीटर दूर मूर शहर में बाढ़ के पानी में गाड़ी बह जाने से एक 12 साल के बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को यह जानकारी दी।

मूर पुलिस ने अपने बयान में कहा कि शहर में कई जगह पानी भर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ह्यूजेस काउंटी के स्पाउल्डिंग नाम के एक छोटे से शहर में शनिवार रात आए तूफान की वजह से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। काउंटी ने यह जानकारी फेसबुक पर दी। इसमें बताया गया कि तूफान से कई घर और इमारतें तबाह हो गईं और कई सड़कें पानी में डूब गईं। 20 अप्रैल को राष्ट्रीय मौसम सेवा ने टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस, कंसास, इलिनोइस, मिसौरी और लुइसियाना समेत कई राज्यों में बवंडर आने की चेतावनी दी। एक्यू वेदर के मुताबिक, मिसौरी, अर्कांसस और इलिनोइस के कुछ हिस्सों में तूफान का खतरा अधिक है। तूफान पूर्वानुमान केंद्र ने चेतावनी दी कि रातभर तेज हवाएं, ओले और गरज के साथ बारिश जारी रह सकती है। अर्कांसस, लुइसियाना, टेक्सास और ओजार्क पहाड़ियों से लेकर मध्य मिसिसिपी घाटी तक कई इलाकों में खराब मौसम बना रह सकता है। देर शाम तक अर्कांसस और मोंटाना में स्थानीय खबरों के मुताबिक, कम से कम दो बवंडर आए। वहीं इलिनोइस में राष्ट्रीय मौसम सेवा ने खतरनाक तूफान के लिए अलर्ट जारी किया जो बवंडर ला सकता है।

## पारंपरिक परमाणु बम से बहुत शक्तिशाली हाइड्रोजन बन बना लिया चीन, अमेरिका परेशान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीन ने पारंपरिक परमाणु बम से अलग है व इससे बहुत शक्तिशाली हाइड्रोजन बम बना लिया है। यह टीएनटी विस्फोटक से 15 गुना ज्यादा गर्मी पैदा करता है। यह चीन की सैन्य ताकत में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस सफल टेस्ट के बाद अब चीन और भी ज़्यादा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आँख की किरकिरी बन गया । चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉर्पोरेशन ने इस बम को बनाया है। इसमें मैग्नीशियम से बने हाइड्रोजन स्टोरेज मटेरियल का उपयोग होता है। जो जलकर आग का गोला बनाता है। यह पारंपरिक विस्फोटकों के मुकाबले ज्यादा देर तक जलता रहता है, यह इसे बहुत खतरनाक बना देता है। इस चीनी हाइड्रोजन बम में परमाणु सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया है। जो बातें सामने आईं हैं उसके अनुसार चीन ने मैग्नीशियम हाइड्राइड से बने दो किलो के बम का टेस्ट किया है। चांदी के रंग जैसा यह पाउडर हाइड्रोजन को बहुत ज्यादा मात्रा में स्टोर कर सकता है। इसे एक छोटे से धमाके से चालू किया जाता है तो मैग्नीशियम हाइड्राइड तेजी से गर्म होता है। इससे हाइड्रोजन गैस निकलती है, फिर यह गैस हवा में मिलकर जलती है। इससे 1,000 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान वाला आग का गोला बनता है। यह आग दो सेकंड से ज्यादा समय तक जलती रहती है। इससे यह टीएनटी जैसे दूसरे बमों से ज्यादा नुकसान होगा। शोधकर्ता वांग जुएफेंग व उनकी टीम के अनुसार- हाइड्रोजन गैस के विस्फोट में बहुत कम ऊर्जा लगती है। इसकी लौ बहुत तेजी से फैलती है और बड़े क्षेत्र में फैल जाती है। इसका यह कॉम्बिनेशन विस्फोट की तीव्रता को नियंत्रित करने में मदद करता है। इससे पैदा होने वाली भयावह गर्मी से बड़े क्षेत्रों में लक्ष्यों को आसानी से नष्ट किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार - हाइड्रोजन बम को पारंपरिक विस्फोटकों से ट्रिगर किया जाता है, तो मैग्नीशियम हाइड्राइड गर्मी पैदा होती है। इससे हाइड्रोजन निकलकर हवा के साथ मिल जाती है। यह गैस एक निश्चित स्तर तक पहुंचती है तो यह जलने लगती है। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहती है, जब तक कि सारा ईंधन खत्म नहीं हो जाता है।शोधकर्ताओं के अनुसार चीन के इस नए हथियार से टीएनटी की तुलना में 40 % कम धमाका होता है। टेस्ट में धमाके की ताकत 428.43 किलोपास्कल मापी गई, जो विस्फोट स्थल से दो मीटर दूर थी। इस हथियार की ताकत इससे निकलने वाली गर्मी है। ये भीषण गर्मी बड़े क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी गर्मी एल्यूमीनियम जैसी धातुओं को भी पिघला सकती है।शोधकर्ताओं के अनुसार इसका उपयोग बड़े क्षेत्रों में गर्मी फैलाने या महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ऊर्जा केंद्रित करने के लिए किया जा सकता है। चीन ने शानक्सी प्रांत में एक मैग्नीशियम हाइड्राइड प्लांट खोला है। यह प्लांट हर साल 150 टन मैग्नीशियम हाइड्राइड बना सकता है, जो उसके लिए बड़ा मददगार होगा। इसको लेकर अमेरिका चिंतित हो गया है।

## जो देश अमेरिका के साथ मिल चीन के हितों को नुकसान पहुंचाएंगे उन पर चीन करेगा कार्रवाई

### भारत को होगा नुकसान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीन ने उन देशों को चेतावनी दी है जो अमेरिका के साथ मिलकर चीन के हितों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके चलते विश्व के जो देश तमाम सामान के लिए चीन पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं , उनके लिए कठिनाई हो सकती है। ऐसे देशों में से भारत भी है। क्योंकि ऐसे देशों पर आरोप लगाने लगा है कि ये देश अमेरिका के साथ मिलकर उसे (चीन को) कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि बहुत से देश, जैसे अमेरिका, यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया व भारत, अपनी जरूरत के सामान के लिए चीन पर निर्भर हैं। अन्य देशों की मजबूरी यह है कि चीन दुनिया में सामान बनाने के हर स्तर पर बहुत मजबूत है।वह चाहे तैयार माल हो, या सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जे, हर चीज के लिए चीन पर निर्भर रहना पड़ता है।चीन को इस पोजिशन को कमजोर करने के लिए इन देशों को कच्चे माल से लेकर तैयार माल तक हर चीज को बनाने की क्षमता विकसित करनी होगी। लेकिन हालत यह है कि कई कारण व कमजोरियों के चलते अभी तक किसी भी देश ने इतने बड़े पैमाने पर यह काम नहीं किया है। इसलिए ये देश चीन को टक्कर देने के लिए हर सामान खुद बनाने में सक्षम हो जाएँगे यह बहुत मुश्किल है।इस संदर्भ में भारत की स्थिति भी ऐसी ही है।




## रोड सेफ्टी को लेकर एडीजी अभियान ने की समीक्षा बैठक


दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश

रांची। रोड सेफ्टी को लेकर एडीजी अभियान संजय आनन्द राव लाठकर ने समीक्षा बैठक की। सोमवार को यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी शामिल हुए। बैठक के दौरान एडीजी ने वर्ष-2024 (फरवरी से मार्च) तक एवं वर्ष-2025 (फरवरी से मार्च) तक की घटित सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक विवेचना सहित चिन्हित ब्लैक स्पॉट और एमवी एक्ट के तहत इस साल फरवरी और मार्च महीने में की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके अलावा बैठक में सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटना बाद मौत और घायलों की संख्या में कमी लाने के लिए निर्देश दिये। इसके अलावा एडीजी ने कहा कि बगैर सीट बेल्ट, शराब का सेवन कर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग, लेन जंपिंग जैसी अनियमितता और अपराध को रोकने के लिए विधिवत अभियोजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

परिवहन मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर

# युवाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में परिवहन विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और वाहन प्रशिक्षण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्धारित योजनाओं और लक्ष्यों को आगामी तीन माह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि सरकार ने प्रशिक्षित चालक योजना के तहत युवाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने और उन्हें रोजगार से जोड़ने की पहल की है। इसके लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। राज्य की सीमाओं पर जांच चौकियों की स्थापना की जाएगी, जहां भारी वाहनों, बसों और अन्य यातायात साधनों की नियमित जांच की जाएगी ताकि नियमों का उल्लंघन रोका जा सके। राज्य में सड़क सुरक्षा को लेकर एक समग्र योजना लागू की जाएगी। इसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों की सफल नीतियों का अध्ययन कर उन्हें झारखंड में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना को अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।नव नियुक्त मोटरयान निरीक्षकों को चार माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपने कर्तव्यों का प्रभावी निर्वहन कर सकें। बैठक में परिवहन सचिव विभा भारद्वाज, संयुक्त सचिव संगीता लाल, मनोज कुमार, आयुक्त दीपक कुमार सहित राज्य और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### दिव्यांगों के पुनर्वास पर विचार गोष्ठी

**रांची।** हरमू स्थित आदिश बैलेंस एंड थेरेपी सेंटर में समदृष्टि क्षमताविकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम), झारखंड प्रांत इकाई के तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगों के पुनर्वास में अभिभावकों की भूमिका पर गंभीर विमर्श किया गया। गोष्ठी में सक्षम के राष्ट्रीय सह सचिव चंद्रभूषण पाठक का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिनके प्रखर विचारों ने विषय की गंभीरता और समसामयिकता को और अधिक स्पष्टता प्रदान की। गोष्ठी में विभिन्न विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

### तिलकधारी सिंह के निधन से इरफान अंसारी मर्माहत

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पूर्व सांसद एवं हमारे अभिभावक तुल्य नेता तिलकधारी बाबू के निधन से मैं अत्यंत मर्माहत और दुखी हूं। दो दिन पूर्व ही मैं उनसे मिलने अस्पताल गया था। उम्मीद थी कि वे जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच लौटेंगे, लेकिन ईश्वर की इच्छा को कोई टाल नहीं सकता। तिलकधारी बाबू न केवल एक जुझारू नेता थे, बल्कि एक सच्चे जनसेवक और मार्गदर्शक भी थे। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और अनुभव हम सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आज मैं एक अभिभावक, एक शुभचिंतक और एक सच्चे इंसान को खोने का दुख महसूस कर रहा हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ राजकुमार निलंबन के खिलाफ पहुंचे हाईकोर्ट लगाए न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ राजकुमार अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे। वे स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ याचिका दायर किए। डॉ. राजकुमार अपने साथ कई अहम दस्तावेज लेकर कोर्ट पहुंचे है। उन्होंने दावा किया है कि उनका निलंबन राजनीति से प्रेरित और गलत है। याचिका में उन्होंने निलंबन की प्रक्रिया को नियमविरुद्ध बताया है। उन्होंने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई है और पूरे मामले की जांच की मांग की है। डॉ राजकुमार का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की। वे चाहते हैं कि कोर्ट पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए।
याचिका दायर करते हुए डॉक्टर राजकुमार ने कहा कि मेरे पास कई दस्तावेज है लेकिन उसके बाद भी मैं किसी के खिलाफ कोर्ट नहीं आया। मैं न्याय के लिए कोर्ट आया हूं, मैं खुद पीड़ित हूं। कोर्ट आना मेरी मजबूरी थी। उन्होंने कहा की अगर स्वास्थ्य मंत्री कहते तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे कर चला जाता। मैंने पूरी जिंदगी कभी भी गलत तरीके से पैसे नहीं कमाया है, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं 100 रुपए भी खाया। ईमानदारी से काम करने पर भी मुझे आरोपी बनाया गया, ये गलत है। जहां तक मेडल और हेल्थ मैप की बात है इसके पेमेंट के लिए हमने फाइलें भेजी थी जो आरोप लगा रहे हैं उन्होंने इसका पेमेंट क्यों नहीं किया, 18 साल से प्रशासन चला रहे है शिकार होने से बचने के लिए मेरे पास कई प्रमाण भी है।

बालू के अवैध कारोबार पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा

## शासन-प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे बालू कारोबारी, अफसरों पर हो रहे हमले

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची सहित पूरे झारखंड में बालू के अवैध कारोबार और अवैध कारोबारियों के बढ़ते हौसले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जताई है। इस मामले पर मंत्री ने तल्ख तेवर में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है और विशेष टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने हाल के दिनों में बालू कारोबारियों के द्वारा एसडीओ व अन्य अधिकारियों पर हमले को लेकर भी चिंता जताई।
मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में बालू की कालाबाजारी और इसका अवैध कारोबार परवान पर है। बालू के अवैध कारोबार के कारण कई नदियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। कई नदियों के पुल पर संकट खड़ा हो गया है। अवैध खनन और कारोबार से जुड़ा यह मामला सिर्फ कारोबार का मामला नहीं रहा है। यह प्रकृति के साथ भी छेड़छाड़ का मामला हो चुका है। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने परवान पर हैं कि अधिकारियों तक को अपने निशाने पर ले ले रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व अवैध बालू के कारोबार की जांच और कार्रवाई को निकले रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी को इन कारोबारियों ने कुचलने का प्रयास किया था। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती थी। यह बात सभी अखबारों में प्रमुखता से छपी भी परंतु दुर्भाग्य कि इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका।
श्री सेठ ने कहा कि बालू के अवैध कारोबार के कारण आमजनों को उनके काम के लिए बालू नहीं मिल पा रहा या उन्हें इतनी अधिक राशि का भुगतान करना पड़ता है जो उनके हैसियत से बाहर होता है।

## साजिश के तहत सोनिया और राहुल गांधी को किया जा रहा बदनाम : जिग्नेश

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची ।** गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह विधायक जिग्नेश मेवानी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले में सोची-समझी साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है। मामला पूरी तरह साफ है कि जिस एजेएल कंपनी के तहत नेशनल हेराल्ड चलता था, उसका मकसद मुनाफा कमाना नहीं बल्कि क्रांति और विद्रोह के लिए जनमानस तैयार करना था। कांग्रेस भवन में सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए श्री मेवानी ने कहा कि क्योंकि मुनाफा कमाना एजेएल नेशनल हेराल्ड का लक्ष्य नहीं था, इसलिए यह घाटे में भी रहा। कर्मचारियों को वेतन के पैसे, सेवानिवृति का लाभ कंपनी नहीं दे पा रही थी। इसे देखते हुए यंग इंडिया कंपनी का गठन हुआ और इस कंपनी के ज्यादातर शेयर एजेएल कंपनी ने खरीदे और कांग्रेस ने 2002 से 2012 के बीच अलग-अलग किस्तों में 90 करोड़ रुपये का ऋण दिया। इन कंपनियों से कांग्रेस ने कमायी नहीं की। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा मौजूद थे। श्री मेवानी ने कहा कि कंपनी एक्ट की धारा-आठ के तहत यंग इंडिया नो प्रॉफिट एनटीए है। जनता का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए यह सारा खेल रचा गया है। आज भी एजेएल की संपत्ति एजेएल की ही है। इसमें यंग इंडिया का कोई हिस्सा नहीं। यंग इंडिया इसमें सिर्फ स्टेक होल्डर है। यंग इंडिया मालिक नहीं है, इसलिए वह खरीद-बिक्री कर ही नहीं सकती। यह कानूनन मुमकिन भी नहीं है।

जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए डीसी, कहा

## शिकायतों की जांच करते हुए समाधान किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी की समस्या से अवगत हुए एवं उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में महिलौंग पंचायत से लोग पंचायत समिति की सदस्य वीणा कुमारी के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर आए थे। पुरुलिया रोड में नए कलवर्ट बनाने से जल जमाव की शिकायत पर उपायुक्त ने अपर समाहर्त्ता और परियोजना निदेशक एनएचएआई को आवश्यक कार्यवाही हेतु निदेशित किया गया। जबकि महिलौंग पंचायत के फतरुटोली में ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री निर्माण रोकने से संबंधित शिकायत पर उन्होंने अपर समाहर्त्ता एवं जीएम डीआईसी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निदेश दिए। समिति के सदस्यों द्वारा महिलौंग पंचायत में सिलिंग एक्ट के तहत अर्जित जमीन को भू माफियाओं द्वारा अवैध रुप से खरीद-बिक्री की भी शिकायत की गई, जिस पर उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्त्ता और सब रजिस्ट्रार को जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया।

## यातायात में चार माह के कार्यों की हुई समीक्षा

**रांची।** पुलिस महानिरीक्षक ने रांची जिला के यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन एवं नागरिकों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए यातायात पुलिस अधीक्षक, यातायात पुलिस उपाधीक्षक, यातायात थाना प्रभारी,के साथ अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत विगत चार माह के कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में रांची यातायात पुलिस के द्वारा विभिन्न शीर्षो में विगत चार महीने की कार्रवाई के बारे बताया गया।साथ ही रांची की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कई निर्देश दिए गए।



## महिला कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रसोई गैस के सिलेंडर की मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सोमवार को प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक (रांची) पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की नेताओं ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ सांकेतिक रूप से गैस सिलेंडर उठा कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण लाने के मुद्दे से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरी जाये। उन्होंने केंद्र सरकार से देश की महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की। कहा कि आज देश भर की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और वे हमारे साथ आंदोलन में जुड़ रही हैं। कहा कि चुनावी जुमले देने वाले देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री जवाब दें और तत्काल कदम उठाते हुए रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल की आसमान छूती कीमतों और महंगाई से राहत दें। विरोध प्रदर्शन में सुंदरी तिर्की, नीलम सहाय, मीना देवी समेत कई महिलाएं शामिल थीं।

## पृष्ठ एक के शेष

### पाइप बिछे, ट्रीटमेंट प्लांट...

बोरिंग से भी पानी नहीं निकल रहा। गरीब और कमजोर वर्ग के लोग न बोरिंग कर सकते हैं, न रोज पैसे देकर टैंकर से पानी मंगा सकते हैं। ऐसे में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल, शहर की जल संकट स्थिति अब सामान्य नहीं रही। यह एक आपात स्थिति बन चुकी है, जिसकी अनदेखी की जा रही है। पानी पाइपलाइन से नहीं, ईमानदारी और दूरदृष्टि से आता है। अगर अब भी वैकल्पिक उपाय–जैसे रेनवाटर हार्वेस्टिंग, जलाशयों का निर्माण, भूजल रिचार्ज–पर गंभीरता से काम नहीं हुआ, तो आने वाले सालों में यह संकट जानलेवा रूप ले सकता है।

### एक करोड़ के इनामी सहित आठ...

इनामी सहित आठ माओवादी मारे गए। इनमें से तीन नक्सलियों की पहचान हो गई है, जबकि अभी पांच की शिनाख्त होना बाकी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से चार इंसास राइफल, एक एसएलआर, एक रिवॉल्वर और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है।
राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सुरक्षाबलों और पुलिस के साथ आज सुबह 5:30 बजे के आसपास शुरू किए गए एक विशेष संयुक्त अभियान 'डाकाबेड़ा' में नक्सलियों के साथ कई बार मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक आठ नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें से तीन की शिनाख्त हो चुकी है। शेष पांच मृत नक्सलियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। इस इलाके में अभी सर्च अभियान जारी है।
डीजीपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए जिन तीन नक्सलियों की पहचान हुई है, उनमें केंद्रीय कमेटी सदस्य एक करोड़ का इनामी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य अरविंद यादव और जोनल कमेटी मेंबर 10 लाख का इनामी साहब राम मांझी शामिल हैं। विवेक उर्फ प्रयाग मांझी को नक्सल संगठन में विवेक दा उर्फ फुचना उर्फ नागो मांझी के नाम से जाना जाता था।
डीजीपी ने बताया कि संयुक्त ऑपरेशन 'डाकाबेड़ा' अभियान गुप्त सूचना के आधार पर 209 कोबरा बटालियन, बोकारो पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के संयुक्त सहयोग से चलाया गया। यह अभियान नक्सल संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाकर चलाया गया था।

### शासन, पारदर्शिता व नवाचार में...

हर घर में स्वच्छ पानी होना चाहिए और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपने लाल किले से दिए भाषण का स्मरण करते हुए कहा कि आज के भारत को आने वाले एक हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो एक हजार साल की सहस्त्राब्दी में पहले 25 साल बीत गए हैं। ये नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे अगले एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए विकास के रथ के हर पहिए को एकसाथ मिलकर काम करना होगा और हमें अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जो तेजी से बदल रही है। हमारे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि वर्ष 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। हम खुद को बहुत तेजी से बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज चाहे वह युवा हो, किसान हो या महिलाएं, अभूतपूर्व सपने और महत्वाकांक्षाएं रखता है। इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें उतनी ही अभूतपूर्व गति से प्रगति की आवश्यकता है। इस मौके पर केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 में सरकार बनाने के तुरंत बाद हमें अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार का मंत्र दिया था। इन वर्षों में हमने प्रौद्योगिकी का उपयोग करके इसे प्राप्त करने का प्रयास किया है।

### उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विज्ञान भवन में पीएम मोदी से प्राप्त किया सम्मान

**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह में गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार 'प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' श्रेणी में जिले के समग्र विकास और नवाचारों के लिए प्रदान किया गया है।
उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस गौरव का श्रेय जिले की मेहनती टीम और जागरूक नागरिकों को दिया। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, पूरे जिले की टीम का है, जो दिन-रात जनता की सेवा में समर्पित रही। यह सम्मान हम सभी के साझा प्रयास का परिणाम है और यह हमें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।
गौरतलब है कि गुमला जिला लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहा है। यह सम्मान भारत सरकार की 12 प्रमुख योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और जिले में चलाई गई प्रभावशाली पहलों की सफलता के लिए दिया गया है। गुमला की यह उपलब्धि झारखंड के लिए एक गौरव का क्षण है, जो प्रशासनिक दक्षता, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता की मिसाल बन चुकी है।
समारोह में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुमला की दो प्रमुख नवाचार पहलों को साझा किया। इसमें 'प्रोजेक्ट किशोरी' और 'उज्जना-बिज्जना अभियान' शामिल हैं। पहला 'प्रोजेक्ट किशोरी' गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित ऐसी पहल है, जो किशोरियों के मासिक धर्म, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर सेनेटरी पैड निर्माण व वितरण पर केंद्रित है। दूसरा 'उज्जना-बिज्जना अभियान' आजीविका उन्नयन के लिए एक अभिनव अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।
**लगातार चार वर्षों से है राष्ट्रीय मंच पर गुमला की उपस्थिति :** गुमला जिला प्रशासन पिछले चार वर्षों से प्रधानमंत्री पुरस्कार की दौड़ में बना हुआ है। वर्ष 2021 में नवाचार श्रेणी में ग्राम संपत्ति डिजिटल एसेट रजिस्टर के लिए फाइनलिस्ट रहा। वर्ष 2022 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विजेता रहा। वर्ष 2023 में जिलों के समग्र विकास श्रेणी में विजेता रहा। वर्ष 2024 मे डुमरी प्रखंड के बेहतर कार्यों के लिए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत फाइनलिस्ट रहा।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में पीएम ने रविशंकर शुक्ला को किया सम्मानित

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में देशभर के 500 प्रखंडों में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला और झारखंड का नाम रोशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस (लोक सेवा दिवस) समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 प्रदान कर सम्मानित किया है। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने इसके लिए जिले और प्रखंड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्रखंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों की कड़ी मेहनत को दिया है। ज्ञात हो कि नीति आयोग की ओर से संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की शुरूआत विगत सात जनवरी 2023 को की गई थी। इसका उद्देश्य देश के 500 पिछड़े प्रखंडों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आधारभूत ढांचा और सुशासन जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करना है। गम्हरिया प्रखंड ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, कर्मियों और जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा की गुणवत्ता के साथ-साथ समग्र विकास को निरंतर गति देने की प्रतिबद्धता जताई है। यह पुरस्कार प्राप्त करना केवल गम्हरिया प्रखंड के लिए ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को इससे पूर्व भी कई सम्मान प्राप्त हो चुका है। वर्ष 2018 में स्वच्छ भारत मिशन के लिए हजारीबाग में उन्हें पूर्वी क्षेत्र का सम्मान मिला था। उसके बाद वर्ष 2019 में मुंबई में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा उन्हें चैंपियन ऑफ चेंज और वर्ल्ड टॉयलेट डे पर सम्मानित किया गया था।

### रफ्तार का कहर : ट्रक के चपेट में...

पर जमा हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहन हमेशा तेज रफ्तार से चलता है। सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सीओ अरुण मुंडा दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रशासन ने ग्रामीणों को जांच और उचित मुआवजे का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। जाम लगभग 3 घंटे तक रहा इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई। राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### नहीं रहे कांग्रेस के पूर्व...

यहीं से सक्रिय राजनीति की यात्रा शुरू हुई। तिलकधारी सिंह वर्ष 1974 में गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष बने। वर्ष 1977 में गिरिडीह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने। वर्ष 1980 में कांग्रेस के टिकट पर धनवार से विधायक बने। वर्ष 1984 और 1999 में कोडरमा के सांसद निर्वाचित हुए। वे अलग राज्य गठन के बाद भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, मंत्री सुदिव्य कुमार, पूर्व विधायक विनोद सिंह, विधायक डॉ मंजू कुमारी एवं अन्य शामिल है।

## एक नजर

### पोप फ्रांसिस के निधन के बाद होने वाले इटली के सभी फुटबॉल मैच स्थगित



**नई दिल्ली।** पोप फ्रांसिस के निधन के बाद सोमवार को होने वाले इटली के सभी फुटबॉल मैचों को स्थगित कर दिया गया है। वेटिकन ने जानकारी दी कि पोप फ्रांसिस की श्वास से जुड़ी बीमारी और निमोनिया के कारण 88 वर्ष की उम्र में वेटिकन स्थित अपने निवास 'कासा सांता मार्ता' में निधन हो गया। सीरी ए फुटबॉल लीग की ओर से जारी बयान में कहा गया, पोप फ्रांसिस के निधन के कारण आज के सीरी ए और प्रिमावेरा 1 के सभी मैच स्थगित कर दिए गए हैं। इन मैचों की नई तारीख बाद में बताई जाएगी। यूरोप के कई फुटबॉल क्लबों ने पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। इटली की मौजूदा चैंपियन इंटर मिलान ने कहा, एफसी इंटरनेशियोनाले मिलानो पोप फ्रांसिस के निधन से शोक में है। वह एक आस्थावान, विनम्र और संवादप्रिय व्यक्ति थे, जिन्होंने हम सभी के दिलों को छू लिया था। एएस रोमा क्लब ने कहा, यह हमारे शहर और दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। उनकी आस्था, विनम्रता, साहस और समर्पण ने करोड़ों लोगों के दिलों को छुआ। वे हमारे समय के मार्गदर्शक थे। उनकी शांति और एकता की विरासत सदा याद रखी जाएगी। स्पेन के प्रसिद्ध क्लब रियल मैड्रिड ने भी शोक जताया और बयान में कहा, रियल मैड्रिड क्लब, इसके अध्यक्ष और बोर्ड के सभी सदस्य पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हैं।

### आईपीएल 2025 में अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। एक बार फिर से सीएसके की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया। जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

## लखनऊ के खिलाफ दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

एजेंसी

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरूआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है।

दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन लखनऊ की टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा।

आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढ़ा होगा। इससे उसकी टीम ने दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत दर्ज कर सकती है।



**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हैंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, मयंक कुलकर्णी, अर्शीन यादव।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुशमंथा चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल, माधव तिवारी।

## गुजरात टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ बनाए 198/3

### शुभमन गिल की 90 रनों की शानदार पारी



एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए आईपीएल 2025 के एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने कप्तान शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 198 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

गिल ने 55 गेंदों में 90 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें कई शानदार शॉट्स शामिल थे। उनके अलावा बी साई सुदर्शन ने 52 और जोस बटलर ने नाबाद 41 रनों का योगदान दिया।

मैच में गुजरात टाइटंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। पिच धीमी थी, जिसके कारण शुरूआत में रन बनाना आसान नहीं था। पावरप्ले में गुजरात ने 6 ओवर में बिना विकेट खोए 45 रन बनाए। सुदर्शन ने वैभव अरोड़ा की गेंदों पर दो शानदार चौके लगाकर शुरूआत की, जिसमें एक कट और एक खूबसूरत कवर ड्राइव शामिल था। दूसरी ओर, गिल ने हर्षित राणा की गेंदों पर लगातार दो चौके जड़े और फिर वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ भी एक चौका लगाया। पावरप्ले के बाद दोनों बल्लेबाजों ने अपनी रफ्तार बढ़ाई।

गिल ने मोईन अली के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और एक छक्का, एक फ्लिक और एक स्वीप शॉट के साथ लगातार तीन शानदार शॉट्स खेले। गिल और सुदर्शन ने चक्रवर्ती, सुनील नरेन और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी की। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की। गिल ने 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जबकि सुदर्शन ने 33 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई।

13वें ओवर में केकेआर को पहली सफलता मिली, जब आंद्रे रसेल ने सुदर्शन को आउट किया। सुदर्शन ने रसेल की छोटी गेंद पर कट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंदबाज को हल्का किनारा देकर कीपर रहमानुल्लाह गुरबाज के हाथों लपके गए। इसके बाद जोस बटलर ने तेजी से रन बनाए।

## रोहित, कोहली बीसीसीआई के वार्षिक अनुबंध में टॉप ग्रेड पर बरकरार, अय्यर और किशन की वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 के लिए भारतीय पुरुष सीनियर टीम के खिलाड़ियों के सालाना अनुबंध का ऐलान किया है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ए+, ए, बी और सी ग्रेड में बांटा गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा सबसे ऊंचे ए+ ग्रेड में हैं। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, जिन्हें 2023-24 में खराब प्रदर्शन और टीम में जगह न मिलने के कारण अनुबंध नहीं मिला था, उन्होंने 2024-25 की लिस्ट में वापसी की है। अय्यर ग्रेड बी में हैं और किशन ग्रेड सी में हैं। हाल ही में जिन खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़ा गया है, वे सभी 'सी' ग्रेड में हैं। इनमें नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हुए रविचंद्रन अश्विन की जगह अब ऋषभ पंत को 'ए' कैटेगरी के कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। पिछली बार पंत 'बी' कैटेगरी की लिस्ट में थे। कुल मिलाकर 34 खिलाड़ियों को 2024-25 सीजन के लिए सालाना कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है, जिसमें 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया है।




बीसीसीआई के शीर्ष ग्रेड अनुबंध में मैच फीस और इंसेंटिव के अलावा सालाना 7 करोड़ रुपये दिए जाते हैं।

**ग्रेड ए** में छह खिलाड़ी शामिल हैं: मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत।

**ग्रेड बी** में पांच खिलाड़ी हैं: सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी** में शामिल 19 खिलाड़ी- रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज़, शिवम , रवि बिश्नोई, वाशिंगटन, मुकेश , संजू सैमसन, अर्शदीप, रजत, ध्रुव , सरफराज , नीतीश, ईशान, अभिषेक।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

## प्रो लीग की तैयारी के लिए अहम दौरा : कप्तान सलीमा



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरूआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन जरूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा, मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे।

### आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे घायल संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब

**मुंबई।** भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गया है, जिसमें प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत शून्य सीमा शुल्क पर आयात करने की सुविधा होगी और इसके साथ ही द्विपक्षीय व्यापार करने में भी मदद मिलेगी। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। आज अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस अपने परिवार के साथ भारत पहुंचे हैं। इस दौर पर भारत-अमेरिका बीटीए पर भी बातचीत हो सकती है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बीटीए से डिफेंस, क्लीन एनर्जी और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में उच्च स्तरीय अमेरिकी टेक्नोलॉजी आयात के भी रास्ते खुलेंगे। पैंटोमैथ ग्रुप की कंपनी असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड (एसीएमआईआईएल) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था, जनसांख्यिकीय लाभांश और निर्यात पर कम निर्भरता से भारत की जीडीपी अच्छी स्थिति में बनी हुई है।

### शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निफ्टी 24,100 के पार बंद हुआ

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 855 अंक या 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,408.50 पर और निफ्टी 273 अंक या 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,125 पर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 1,014 अंक या 1.87 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,304 पर था। कारोबारी सत्र के दौरान बैंकिंग इंडेक्स ने 55,461.65 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,316 अंक या 2.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,974 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 363 अंक या 2.12 प्रतिशत बढ़कर 16,773 पर बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।

सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड

## पहली बार सोना 97,000 रुपये के करीब पहुंची कीमत

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपये के करीब पहुंच गया है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपये हो गया है, जो कि 97,000 रुपये से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है। हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमशः 8,596 और 7,824 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है।



टैरिफ को लेकर अनिश्चितता, कमजोर अमेरिकी डॉलर और बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के कारण सोने की कीमतों में मजबूती बनी हुई हैं।

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रणव मेर ने कहा, सोने की कीमतों में तेजी जारी रही और यह थोड़े समय के लिए 3,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई थी।

### भारतनेट परियोजना के तहत 2.18 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें डिजिटली सशक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से 19 मार्च तक भारतनेट परियोजना के तहत 2.18 लाख से अधिक जीपी को सेवा के लिए तैयार किया गया है। ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) की लंबाई 25 मार्च तक बढ़कर 42.13 लाख रूट किमी हो गई है, जबकि 1 जनवरी, 2025 तक 6,92,676 किलोमीटर ओएफसी बिछाई जा चुकी है। भारतनेट परियोजना का प्रारंभिक लक्ष्य देशभर में लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ना था। जबकि, फेज-1 मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल कर 1 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने पर केंद्रित था। फेज-3 का उद्देश्य 5जी टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेट कर, बैंडविड्थ क्षमता को बढ़ाकर और मजबूत लास्ट-मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर नेटवर्क को भविष्य के लिए तैयार करना है।

## भारत को इस साल अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा होने की उम्मीद : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इस शरद ऋतु तक भारत का अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग सकारात्मक रूप से संपन्न होने की उम्मीद जताई है। वह दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के दौरे पर हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की जरूरत है। सीतारमण ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में इंडिया कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक सामुदायिक सभा में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया, लेकिन 2021 में हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं। हमने साल-दर-साल लक्ष्य निर्धारित किए और 2026 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हर साल बिना चूके इसी का पालन कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पांच दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर हैं, जहां वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों तथा जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में शामिल होंगी।



**सीतारमण** ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में इंडिया कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक सामुदायिक सभा में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की।

## रोजगार के अवसरों में वृद्धि, ईपीएफओ ने फरवरी में 16.1 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को इस साल फरवरी में 16.10 लाख सदस्यों के जुड़ने की जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, सालाना विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में नेट पे-रोल में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। इसे ईपीएफओ की आउटरीच पहलों से बल मिला है। आंकड़े बताते हैं कि ईपीएफओ ने फरवरी 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सब्सक्राइबर को एनरोल किया, जिसमें सबसे ज्यादा 18-25 आयु के युवाओं का वर्ग है। इस आयु वर्ग में 4.27 लाख नए सब्सक्राइबर जुड़े, जो महीने में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 57.71 प्रतिशत है। यह पहले के रुझान के अनुरूप है, जो दशार्ता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जो अपनी पहली नौकरी कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, फरवरी 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए नेट पे-रोल वृद्धि लगभग 6.78 लाख है।